–:: प्राकथन ::–

1– सरकारी विभागो के सम्बन्ध में अब तक सूचनायें गुप्त रखी जाती थी, ये नियम ब्रिट्रिश शासन काल से बने हुए थे। जनता सूचना से वंचित रहती थी। इस बावत संविधान संशोधन द्वारा जनता को सूचना का अधिकार देकर बहुत पुराने समय से बने सरकारी नियमों को बदला गया तथा जन सूचना अधिकार अधिनियम से 2005 से जनता को लाभ होने की आशा है।

2– इस हस्त पुस्तिका का उद्देश्य है कि प्रत्येक कार्यालय से सम्बन्धित विभिन्न विशयों की जानकारी को एक निर्देशिका में समेटा जायेगा। जिससे सम्बन्धित सूचनायें जनता को उपलब्ध कराने में बड़ी सहायता मिलेगी।

3– यह निर्देशिका समस्त जनता/जन प्रतिनिधि/कार्यालय /मण्डलीय कार्यालय/निदेशालय/ मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी स्तर पर सूचनायें मांगी जाने पर तत्काल सूचना उपलब्ध कराने में सहयोगी और उपयोगी होगी।

4– हस्त पुस्तिका के प्रारूप में जनपद स्तर पर मुख्य कृषि अधिकारी के कार्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों को सूचीबद्व किया जा रहा है।

5– परिभाषायें/षब्दावली के विषय में जानकारी विभिन्न अवसरों पर सूचना अधिनियम के लागू होने के बाद समय के साथ–साथ प्राप्त होती जायेगी। क्योकि किसी नई चीज के लागू होने पर शुरूआत में कुछ कठिनाइया आती है और समय आगें बड़ने पर परिभाषायें और शब्दावली स्वतः स्पष्ट होती जायेगी।

6– हस्त पुस्तिका में समायोजित विषयों के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क व्यक्ति का नाम – श्रीमती लतिका सिंह,मुख्य कृषि अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी, जनपद देहरादून स्तर की सूचना के सम्बन्ध में ।

7– हस्त पुस्तिका में उपलब्ध जानकारी के अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि एवं शुल्क – इस सम्बन्ध में शुल्क निर्धारण 10.00 रूपया प्रति सूचनां निर्धारित प्रपत्र पर जमा कर मांगा जा

सकता है। तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने विषयक जानकारी निदेशालय स्तर से प्राप्त होने पर सूचना निर्देशिका में समायोजित की जायेगी।

–:: मैनुअल–1 ::–

(संगठन की विशिष्टियां, कृत्य एवं कर्तव्य)

2.1:– लोक प्राधिकरण/संगठन के उद्देश्य:– कृषि विभाग द्वारा जनपद स्तर पर जनपद के समस्त कृषकों को अनुमन्य अनुदान पर यथा– बीज, रसायन कृषि यंत्र आदि उपलब्ध कराना तथा साल भर खरीफ तथा रबी में विभिन्न फसलों की जानकारी देना, कृषकों को कृषि समबन्धी समस्याओं का निराकरण कराना तथा नई कृषि तकनिकी की जानकारी उपलब्ध कराना ही मुख्य उद्देश्य है।

2.2:– लोक प्राधिकरण/संगठन का मिशन/विजन:– जनपद स्तर पर कृषि कार्यो में कृषकों को बीज वितरण, उन्नत कृषि तकनीक उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र में जनपद को आत्मनिर्भर बनाना संगठन का मिशन है तथा भारत के महामहिम राष्ट्रपति डा0 कलाम, के अनुसार सन् 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखने का जो विजन है, उसी विजन को हकीकत में तब्दील करने को कृषि विभाग द्वारा सन् 2020 तक कृषि उत्पादन में आत्म निर्भर बनाना तथा उपलब्ध कृषि क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए उत्पादकता बढ़ाना तथा जनपद को जैविक जनपद बनाने का विजन है।

2.3:– लोक प्राधिकरण/संगठन के कर्तव्य:– शासन/विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार जनपद में कृषि कार्यकमों को संचालित कर जनता और कृषकों की सहायता करना, उनको महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खेती की जानकारी देना, सरकारी कार्यकमों का जनता/कृषकों में प्रचार–प्रसार करना संगठन का मुख्य कर्तव्य है। साथ ही साथ कृषि विभाग में जनपद स्तर पर कार्य कर कर्मचारियों के हितो की देखभाल करना तथा उनका उत्साह बढ़ाना तथा उनके देयको का भुगतान करना भी संगठन का कर्तव्य है।

2.4:– लोक प्राधिकरण/संगठन के मुख्य कृत्य:– राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गतसरकार /विभाग द्वारा प्राप्त बजट पर संचालित विभिन्न कार्यकमों जैसें, कृषि यंत्रीकरण, बायोकम्पोस्टिंग कार्यकम,जल संभरण, कृशक महोत्सव, बीज ग्राम योजना के अन्तर्गत प्रमाणित तथा आधारीय खरीफ/रबी/जायद के बीजो का वितरण आतमा योजनान्तर्गत कृषकों को प्रशिक्षण,भ्रमण, प्रदर्शन, कृषक पुरस्कार कार्यक्रम, जिला योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में मृदा परीक्षण, मिनिकिट वितरण आदि कर कृशकों के सहयोग से इन कार्यक्रमों को सफल बनाना मुख्य कृत्य हैं।

2.5:– लोक प्राधिकरण/संगठन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की सूची तथा उनका संक्षिप्त विवरण:–
कृषि विभाग द्वारा जनपद में कृषकों को विभिन्न प्रकार की सेवाये प्रदान की जा रही है।

1–नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन – धान्य फसलें, दलहनी तथा तिलहनी फसलों का उत्पादन तथा उत्पादकता बढाने के उददेश्य से योजना लागू है। क्लस्टर प्रदर्शनों पर रू0 9,000.00 प्रति है0 तथा फसल चक्र आधारित प्रदर्शन पर रू0 12,500.00 अथवा रू0 15,800.00 प्रति की दर (जो भी अनुमन्य हो) पर अनुदान उपलब्ध है।

चयनित क्षेत्रों में गेहूँ, मोटे अनाज (मक्का एवं छोटे धान्य) तिलहनी एवं दलहनी फसलों की नवीनतम प्रजातियों के क्लस्टर प्रदर्शनों का आयोजन गेहूँ की अधिक उपजदायी प्रजातियों के बीजों के क्रय पर 10 वर्श से अधिक की प्रजतियो पर रू0 1000.00 प्रति कु0, तथा 10 वर्ष से कम की प्रजतियो पर रू0 2000.00 प्रति कु0 दलहनी फसलों में अधिक अवधि की प्रजतियों पर रू0 2500.00 प्रति कु0, तथा 10 वर्श से कम की प्रजतियो पर रू0 5000.00 प्रति कु0,तिलहनी फसलों में सोयाविन एवं तोरिया पर रू0 4000,00प्रति कु0 तथा तिल के बीजो पर रू0 8000,00 प्रति कु0 ,मोटे अनाज (मक्का एवं छोटे धान्य) फसलों में रू0 1500.00 प्रति कु0, तथा संकर धान एवं संकर मक्का बीजों के क्रय पर रू0 1000.00 प्रति कु0 या मूल्य का 50 प्रतिशत जो भी कम हो की राज सहायत अनुमन्य है ।

सूक्ष्म पोषक तत्वों, कृषि रक्षा रसायनों एवं जैव रसायनों के क्रय पर मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा रू0 500.00 प्रति हैक्टेयर फसल चक्र आधारित कृषक प्रशिक्षणों का आयोजन एवं कृषि यंत्र वितरण तिलहनी फसलों के अन्तर्गत ब्लाक कय कृषक प्रशिक्षण एवं आधिकरियो के प्रशिक्षण का प्रपिधान है।

2–नेशनल मिशन फार सस्टेनेबल एग्रीकल्चर:–

(अ) वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम :– वर्षा अधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की कृषि पद्धतियों के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एंव विकास करना है। इस घटक के दो उप घटक है– (1) एकीकृत कृषि पद्धति एंव (2) मूल्यवर्धन एंव संसाधन संरक्षण।

एकीकृत कृषि पद्धति योनजा के अन्तर्गत उद्यान आधारित, पशुधन उत्पादन आधारित, दुग्ध उत्पादन आधारित, वृक्ष उत्पादन आधारित एवं कृषि वानिकी आधारित फ़सल प्रणाली सम्मिलित है। जबकि मूल्यवर्धन एंव संसाधन संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीनहाउस/लो टन पॉलीहाउस निर्माण, मौन पालन, साइलेज इकाई निर्माण, पोस्ट हार्वेस्ट एण्ड स्टोरेज, वाटर हार्वेस्ट टैंक, कम्यूनिटी टैंक, टैंक्स रैस्टोरेसन, वाटर एप्लीकेसन एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन, वाटर लिफ्टिंग डिवाइस, वर्मी कम्पोस्ट इकाईयों का निर्माण, कृषक प्रशिक्षण तथा एक्सपोजर विजिट आदि पर भारत सरकार द्वारा प्रदत्त मानकों के अनुसार अनुदान की सुविधा देय है।

इसके मुख्य उद्देश्य निम्न हैं–

क्षेत्र विशेष के आधार पर एकीकृत कृषि प्रणालियों का प्रयोग करके कृषि को अधिक टिकाऊ, लाभप्रद, उत्पादक एवं मौसम के अनुसार लचीला बनाना। मृदा व नमी सरंक्षण के उचित उपाय अपनाकर प्राकृतिक संसाधनों का सरंक्षण करना। समग्र मृदा स्वास्थ्य हेतु मृदा परीक्षण मानचित्रों के आधार पर पोषक तत्वों का उपयोग करना, उर्वरकों का विवेकपूर्ण प्रयोग इत्यादि। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए पहले से चल रहे कार्यक्रमों के सहयोग से जलवायु अनुकूलन तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दूर करते हुये किसानों एवं कृषि से जुड़े अन्य लोगों की क्षमता का विकास करना।

योजनान्तर्गत देय अनुदान निम्नवत् है–

क्र0सं0	घटक	व्यय के मानक
(अ) समेकित कृषि प्रणालीः–		
1	उद्यान आधारित कृषि प्रणाली	उत्पादन लागत के मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 25000.00 प्रति हैक्टेयर।
2	पशुधन उत्पादन आधारित कृषि प्रणाली	कापिंग सिस्टम के मूल्य एवं पशुओं/पक्षी के मूल्य साथ–साथ 1 वर्ष हेतु कन्सन्ट्रेड फूड के मूल्य का 50 प्रतिशत जिसकी अधिकतम सीमा रू0 25000.00/हैक्टेयर है। (10 पशु/50 पक्षी, 01 हैक्टेयर कापिंग सिस्टम) ।
3	दुग्ध उत्पादन आधारित कृषि प्रणाली	पशु लागत सहित फसल प्रणाली के उत्पादन लागत के मूल्य का 50 प्रतिशत जिसमें कि पशुओं के साथ–साथ 1 वर्ष हेतु कन्सन्ट्रेड का मूल्य सम्मिलित हो, अधिकतम रू0 40000.00/हैक्टेयर (02 दुधारू पशु, 01 हैक्टेयर कापिंग सिस्टम)।
4	मत्स्यिकी आधारित कृषि प्रणाली	पिष फार्मिंग को सम्मिलित करते हुये कापिंग/वेजेटेविल सिस्टम के उत्पादन लागत के मूल्य का 50 प्रतिषत जिसकी अधिकतम सीमा रू0 25000.00/हैक्टेयर है।
5	वृक्ष उत्पादन आधारित कृषि प्रणाली	उत्पादन लागत के मूल्य का 50 प्रतिशत जो कि अधिकतम रू0 15000.00 प्रति हैक्टेयर।
6	कृषि वानिकी आधारित कृषि प्रणाली	उत्पादन लागत के मूल्य का 50 प्रतिशत या जिसकी अधिकतम सीमा रू0 15000.00 प्रति हैक्टेयर।

वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय के मानकः–

(ब) मूल्यवर्द्धन एवं संसाधन संरक्षणः–

1	मौन पालन	मूल्य का 40 प्रतिशत या रू0 800.00 प्रति कालोनी
2	साइलेज इकाई	मूल्य का शत–प्रतिशत अधिकतम रू0 125000.00 प्रति फार्म फैमिली
3	पोस्ट हार्वेस्ट एण्ड स्टोरेज	मूल्य का 50 प्रतिशत या रू0 4000.00 प्रति वर्ग मी0
4	जल सम्भरण टैंक (व्यक्तिगत)	मूल्य का 50 प्रतिशत या रू0 90000.00 प्रति टैंक जो भी कम हो
5	सामुदायिक टैंक (एक है0 कमांड क्षेत्रफल)	मूल्य का 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 250000.00 प्रति टैंक
6	टैंक रिस्टोरेशन	मूल्य का 50 प्रतिशत या रू0 15000.00 प्रति इकाई जो भी कम हो
7	जल प्रयोग एवं वितरण	मूल्य का 50 प्रतिशत या रू0 10000.00 प्रति है0 जो भी कम हो
8	मिडिल रीच गली नियंत्रण संरचनायें (सामुदायिक)	मूल्य का शत– प्रतिशत अधिकतम रू0 24000.00 प्रति इकाई
9	लोवर रीच गली नियंत्रण संरचनायें (सामुदायिक)	मूल्य का शत– प्रतिशत अधिकतम रू0 40000.00 प्रति इकाई।
10	ससाधन संरक्षण/आई0 एफ0 एस0 प्रषिक्षण (20 प्रति समूह)	रू0 10000.00 प्रति प्रशिक्षण

11	शैक्षणिक भ्रमण/एक्सपोजर विजिट (50 प्रति समूह)	रू0 20000.00 प्रति भ्रमण/विजिट

(ब) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना– मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अन्तर्गत मृदा में आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता एंव आवश्यकता तथा मृदा उर्वरता बढाने के उददेश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार मॉडल विपेज प्रोग्राम हेतु जी0पी0एस0 पद्धति से खरीफ 2019 में मृदा नमूनें एकत्रित किये गये। नमूना विश्लेषण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई संस्तुतियों के आधार पर चयनित प्रत्येक विकासखण्ड से एक ग्राम (कुल 6 ग्राम) में रबी 2019–20 में कलस्टर प्रदर्शन आयोजित किये जा रहे है। 2141 कृषकों का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया।

(स) परम्परागत कृषि विकास योजना :– वर्ष 2015–16 से भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सम्पोषणीय कृषि मिशन के अन्तर्गत परम्परागत कृषि विकास योजना का कियान्वयन किया जा रहा है जो कि 90 प्रतिशत केन्द्रांश एवं 10 प्रतिशत राज्यांश पर संचालित है वर्ष 2017–18 तक योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा 585 कलस्टर स्वीकृत किये गये है, प्रत्येक कलस्टर का क्षेत्रफल 20 हैक्टयर है । इस अवधि में योजना का संचालन 11 पर्वतीय जनपदों एवं एक मैदानी जनपद में किया गया। सरकार द्वारा वर्ष 2018–19 में परम्परागत कृषि विकास योजना (पी0 के0 वी0 वाई0) योजना में भारत सरकार द्वारा 3900 नये कलस्टर आवंटित किये गये है। योजनान्तर्गत कलस्टर/समूह में कृषि यंत्र तथा अन्य कृषि निवेश शत–प्रतिशत अनुदान पर वितरित किये जाते हैं।

परम्परागत कृषि विकास योजना अन्तर्गत राज्य स्तर पर 3900 समूहों (155 कलस्टरों) एवं जनपद स्तर पर 200 समूहों का (कृषि विभाग–7, उद्यान विभाग –100 एवं उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद –25) का चयन किया गया है। योजना अर्न्तगत एक कलस्टर/समूह में 20 है0 क्षेत्रफल एवं 50 कृषक आच्छादित किया जाना है।

कलस्टर आधारित चयनित ग्रामों में सहभागिता जैविक प्रतिभूति प्रणाली (पी0जी0एस0) के अर्न्तगत जैविक कृषि को प्रोत्साहन।

पारम्परिक तकनीकों और प्रोद्योगिकियों को अपनाकर खतरनाक, सिन्थैटिक अकार्बनिक रसायनों से पर्यावरण की रक्षा।

प्राकृतिक संसाधन आधारित एकीकृत और टिकाऊ कृषि प्रणालियों को बढावा देना एवं मिटटी की प्रजनन क्षमता बढाना।

टिकाऊ एकीकृत जैविक कृषि प्रणालियों के माध्यम से उत्पादन लागत को कम करते हुए कृषकों की आय में वृद्वि करना।

उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और प्रमाणीकरण प्रबन्धन द्वारा किसानों को सषक्त बनाना।

मानव उपभोग के लिए रसायन मुक्त और पौस्टिक उत्पाद का स्थायी रूप से उत्पादन करना।

स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों के साथ प्रत्यक्ष बाजार सम्बन्धों के माध्यम से किसान उद्यमियों को तैयार करना।

क0 सं0	कार्यमद	व्यय के मानक (रू0/है0)			
		2018–19	2019–20	2020–21	कुल
अ	सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से योजना का कियान्वयन				
1.	कलस्टर गठन, प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर भ्रमण	1000,00	1000,00	1000,002	3000,00
2.	प्रक्षेत्र कार्मिकों का तैनाती एवं योजना कियान्वयन के प्रबन्धन हेतु व्यय	1500,00	1500,00	1500,00	4500,00
ब	प्रादेशिक परिषद के माध्यम से पी0 जी0 एस0 प्रमाणीकरण				
3.	भौतिक सत्यापन ,प्रमाणीकरण प्रकिया एवं प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सेवा शुल्क	700.00	700.00	700.00	2100.00
4.	क्षेत्रीय परिषद /विभाग के माध्यम से एन0ए0बी0एल0अधिकृत प्रयोगशालाओं में रसायन अवषिश्ट	0,00	300,00	300,00	600,00
	विश्लेषण (द्वितीय वर्ष से 3 नमूना /एल0आर0पी0 क्षेत्र)				
स	डी0 बी0 टी0 के माध्यम से कृषकों को प्रोत्साहन धनराशि				
5.	डी0बी0टी0 के माध्यम से जैविक में परिवर्तन, ऑन फार्म एवं ऑफ फॉर्म निवेषों हेतु कृषकों को प्रोत्साहन धनराशि	12000,00	10000,00	9000,00	31000,00
द	मूल्य संवर्धन ,मार्केटिंग एवं प्रचार –प्रसार				
6.	मार्केटिंग पैकेजिंग ,ब्राडिंग किराया, परिवहन आदि हेतु वित्तीय सहायता	0,00	500,00	1000,00	1500,00
7.	कृषक समूहों के माध्यम से मूल्य संवर्धन ,संरचना निर्माण	0,00	1000,00	1000,00	2000,00
8.	ब्रांड ब्यूल्डिंग मेले , प्रदर्शनी ,प्रचार –प्रसार एवं स्थानीय मेलों तथा राष्ट्रीय मेलों में प्रतिभाग	1300,00	2000,00	2000,00	5300,00
	योग	16500.00	17000.00	16500.00	50000.00

(स) <u>प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना</u> :– प्रदेश में जल के उपयोग को बढाने और खेती योग्य भूमि के सिंचित क्षेत्र में वृद्धि करने के उददेश्य से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 90 प्रतिशत भारत सरकार का अंश एवं 10 प्रतिशत राज्यांश फंडिग पैर्टन पर संचालित की जा रही है। योजना 04 घटकों में संचालित है। (अ) त्वरित सिंचाई लाभ कार्यकम (ए0आई0बी0पी0) (ब) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (स) हर खेत को पानी एंव (द) जलागम विकास।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के (पर ड्रॉप मोर कॉप) घटक के अन्तर्गत माइक्रो इरिगेषन (स्प्रिंकलर सेट स्थापित करना इत्यादि) एंव जल संचयन हेतु बहुददेश्यीय टैंक, चैक डेम, कच्चे एंव पक्के जल संचय तालाब, सिंचाई गूल, सिंचाई नाली, हौज, परम्परागत जल स्त्रोंतों का पुनरूद्धार तथा विस्तार आदि कार्य सम्मिलित है।

योजना के उददेश्य –

खेत में जल की पहुँच को बढाना और सुनिश्चित सिंचाई (हर खेत को पानी) के तहत कृषि भूमि को बढ़ाना।

फील्ड स्तर पर सिंचाई में निवेश का अभिसरण प्रदान करना।
उचित प्रौद्योगिकी ओर पद्धतियों के मध्यम से जल के बेहतर उपयोग के लिए जल संसाधन का समेकन, वितरण और इसका दक्ष उपयोग।

मृदा और जल संरक्षण, भूजल के पुनर्भराव, प्रवाह बढ़ाना, आजीविका विकल्प प्रदान करना और अन्य एनआरएम गतिविधियों की ओर पनधारा दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए वर्शा सिंचित क्षेत्रों के समेकित विकास को सुनिश्चित करना।
जल संचयन, जल प्रबन्धन और किसानों के लिए फसल संयोजन तथा जमीनी स्तर के क्षेत्र कर्मियों से संबंधित विस्तार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना।

घटक की कार्यमद, अनुदान मानक का विवरण निम्नवत् है–

क्र0सं0	कार्यमद	योजना में अनुदान के मानक	व्यय के मानक
1	जल संग्रहण संरचनायें		
क.	जल संरक्षण संरचनायें	एन0एम0एस0ए0	मूल्य का 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 2.50 लाख/संरचना 01 है0 कमांड क्षेत्रफल
ख.	चैक डैम	आई0डब्ल्यू0एम0पी0	मूल्य का 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 1.80 लाख/इकाई जो भी कम हो।
ग.	वर्षा जल संग्रहण/ संरचनायें	आई0डब्ल्यू0एम0पी0	मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू0 0.10 लाख/ इकाई।
घ.	कच्चा तालाब	आई0डब्ल्यू0एम0पी0	मूल्य का 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 0.15 लाख/इकाई जो भी कम हो।
2	जल संवहन यंत्र		
क.	सिंचाई नालें (सामुदायिक)	आई0डब्ल्यू0एम0पी0	मूल्य का 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 0.50 लाख/है0 जो भी कम हो।
ख.	एच0डी0पी0ई0 पाइप	एन0एम0एस0ए0	मूल्य का 50 प्रतिशत या रू0 50/मी0 या अधिकतम रू0 0.12/है0।
3	पूरक सिंचाई व्यवस्था		
क.	जल पम्प	एन0एम0एस0ए0	मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू0 0.15 लाख/इकाई।
ख.	ट्यूब वेल		
अ.	गहरी एंव उथली ट्यूब वेल	एन0एम0एस0ए0	मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू0 0.25 लाख/इकाई।
ब.	गहरी ट्यूब वेल	आई0डब्ल्यू0एम0पी0	मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू0 1.00 लाख/इकाई।
4	जल संरक्षण संरचनाओं का पुनरूद्धार एंव मरम्मत	एन0एम0एस0ए0	मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू0 0.15 लाख/इकाई।
5	संरचनाओं का सुदृढीकरण		

क.	बाइय भ्रमण	एस0ए0एम0ई0	मूल्य का 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 400 प्रति दिन प्रति।
ख.	जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	एस0ए0एम0ई0	मूल्यका 100 प्रतिशत या अधिकतम रू0 250 प्रति दिन प्रति।

क) खेत में जल की पहूँच को बढाना और सुनिश्चित सिंचाई (हर खेत को पानी) के तहत कृषि भूमि को बढ़ाना।

ख) फील्ड स्तर पर सिंचाई में निवेष का अभिसरण प्रदान करना।

ग) उचित प्रौद्योगिकी ओर पद्धतियों के मध्यम से जल के बेहतर उपयोग के लिए जल संसाधन का समेकन, वितरण और इसका दक्ष उपयोग।

घ) मृदा और जल संरक्षण, भूजल के पुनर्भराव, प्रवाह बढ़ाना, आजीविका विकल्प प्रदान करना और अन्य एनआरएम गतिविधियों की ओर पनधारा दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए वर्षा सिंचित क्षेत्रों के समेकित विकास को सुनिश्चित करना।

ड) जल संचयन, जल प्रबन्धन और किसानों के लिए फसल संयोजन तथा जमीनी स्तर के क्षेत्र कर्मियों से संबंधित विस्तार गतिविधियों को प्रोत्साहित करना।

4–नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एण्ड टैक्नोलॉजी एस0ए0एम0ई0 अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम।

(अ) सब–मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एस0ए0एम0ई0 एवं जनपद स्तर पर एग्रीकल्चर टैक्नोलॉजी मैनेजमेन्ट एजेन्सी–आतमा (केन्द्रपोषित) के अन्तर्गत कृशि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, गन्ना आदि रेखीय विभागों के समन्वित प्रयास सम्मिलित है, विवरण निम्नवत है।

क्र0सं0	कार्यक्रम	राज्य सहायता के मानक
1	कृषक प्रशिक्षण	अर्न्तराज्यीय प्रशिक्षण हेतु रु0 1250, राज्यन्तर्गत रु0 1000, एवं जिलान्तर्गत रु0 400/250 प्रति कृषक प्रतिदिन
2	प्रदर्शन	कृषि उद्यान, पशुपालन, रेशम, मत्स्य आदि द्वारा आयोजित प्रति एकड़ रू0 4000.00
3	कृषक अध्ययन भ्रमण	अर्न्तराज्यीय भ्रमण हेतु रु0 800, राज्यन्तर्गत रु0 400, एवं जिलान्तर्गत रु0 300 प्रति कृषक प्रतिदिन
4	कृषक समूह को सहायता	क्षमता विकास हेतु रु0 5000, सीड मनी हेतु रू0 10000 एवं फूड सिक्योरिटी हेतु 10000 प्रति समूह प्रतिवर्ष
5	सर्वश्रेष्ठ कृषक समूह पुरस्कार	रु0 20000 प्रति समूह
6	किसान पुरस्कार	राज्यस्तरीय रु0 50000, जनपदस्तरीय रु0 25000, एवं ब्लाक स्तरीय रु0 10000 प्रति कृषक
7	फार्म स्कूल	ब्लाक स्तर पर प्रतिफार्म स्कूल रु0 29414 (प्रत्येक विकासखण्ड में 3 फार्म स्कूल का आयोजन)

(ब) सब मिशन ऑन सीड एण्ड प्लाटिंग मटिरियल (बीज ग्राम योजना):– उत्पादन को बढाने एंव कृषकों को गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बीज ग्राम योजना का संचालन किया जा रहा है, जिससे कृषकों द्वारा स्वंय के खेतो में ही गुणवत्ता युक्त बीज का उत्पादन करते हुए उपयोग में लाया जा सके। योजनान्तर्गत कृषकों को एक एकड क्षेत्रफल हेतु 50 प्रतिषत अनुदान पर गुणवत्ता युक्त बीज वितरित किया जाता है। योजना का मुख्य उद्देश्य कृषकों के स्तर पर उत्पादित बीजों की गुणवत्ता को सुदृढ़ कर कृषकों को बीज उत्पादन तकनीक में प्रशिक्षित करते हुए उत्पादित बीज का सुरक्षित भण्डारण करना है।

बीज ग्राम योजनान्तर्गत देय सुविधायें–

क0स0	मद	देय अनुदान
1	बीजों पर देय अनुदान	योजनान्तर्गत कृषकों को 01 एकड़ क्षेत्रफल हेतु प्रमाणित एंव आधारीय बीजों यथाः धान्य फसलों में बीज के मूल्य का 50 प्रतिषत अनुदान तथा दलहन एंव तिलहन फसलों में 60 प्रतिषत अनुदान अनुमन्य है।
2	प्रशिक्षण कार्यकम	योजनान्तर्गत गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन हेतु कृषकों को एक–एक दिवसीय तीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिस पर रू0 15000 का व्यय प्रस्तावित है। प्रथम प्रशिक्षण बुवाई के समय, द्वितीय प्रशिक्षण पुष्पावस्था के समय तथा तृतीय प्रशिक्षण फसल कटाई के समय प्रदान किया जाता है।
3	भण्डारण व्यवस्था–टिन की बुखारियों का वितरण	पर्वतीय विकासखण्डों में 02.00 कुं0 की क्षमता वचाली बुखारी एवं मैदानी जनपदों के विकासखण्डों में 10 कुं0 क्षमता वाली बुखारी अनुदानित मूल्य पर कृषकों को उपलब्ध कराई जाती है। 10.00 कुं0 क्षमता वाली बुखारी पर, सामान्य कृषकों को मूल्य का 25 प्रतिशत अधिकतम रू0 1000 तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के कृषकों को मूल्य का 33 प्रतिषत अधिकतम रू0 1500 प्रति बुखारी अनुदान देय है।

(स) सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन (एस0एम0ए0एम0)

- कृषि के आधुनिकरण में शस्य कियाओं का समय पर सम्पादन करने, कृषि आगातों का प्रभावपूर्ण प्रयोग, मानव श्रम को कम करने तथा कम लागत पर अधिक उत्पादन लेने में कृषि यन्त्रीकरण का महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि में यंत्रीकरण का अर्थ है "फसल उत्पादन के लिये कृषि भूमि पर अधिक खाद्यान्न हेतु नवीनतम सुयोग्य प्रौद्योगिकी यंत्रों का उपयोग करना।
- जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में मानव श्रम तथा खेती में काम करने वाले पशुओं की संख्या दिन–प्रतिदिन कम होती जा रही है। जिस कारण कृषि कार्य में कठिनाई हो रही है, साथ ही इस क्षेत्र के कृषकों की क्रय क्षमता भी न्यून है, इसके दृष्टिगत कृषि यंत्रीकरण के अन्तर्गत क्षेत्र विशेष के अनुसार यन्त्र उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।
- आधुनिक एवं पर्वतीय क्षेत्रों में प्रयोग किये जाने वाले कृषि यंत्रों को फार्म मशीनरी बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जा राहा है। इस हेतु इनकी स्थापना पर्वतीय कृषकों के लिये

अधिक लाभप्रद सिद्ध हो रही है। उन्नत व सुविधाजनक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुये इस क्षेत्र की समस्या का समाधान किया जा राहा है।

- योजना द्वारा लागू एवं सीमन्त कृषकों ,महिला कृषकों के माध्य कृषि यन्त्रीकरण की पहुँच बढाना ,फार्म मशीन की बैकों की स्थापना हेतु रू 8,00 लाख अथवा मूल्य का 50 प्रतिशत जो भी कम हो ,राज सहयता उपब्लध है, जिससे सीमन्त एवं लधु कृषको कों भी उपयोगी आवश्यक कृषि यन्त्र उपलब्ध हो सकें

5–राष्ट्रीय कृषि विकास योजना:–

- एन0एफ0एस0एम0:– चावल, कार्यक्रम से अनाच्छादित जनपद देहरादून में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना –फसल उत्पादन क्लस्टर प्रदर्शन तथा बीजों, सूक्ष्म पोषक तत्वों, कृषि रक्षा रसायनों पर राज सहायता।
- पर्वतीय क्षेत्रों में प्रमाणित बीज की कार्यो की पूर्ति के उददेश्य से कृषि विभाग, उत्तराखण्ड ने स्वंय ही प्रमाणित बीज उत्पादन करने का निर्णय लिया, इस वर्ष धान हेतु 11.16 है0 क्षेत्रफल, मक्का 3.01 है0 तथा गेंहू 100 है0 क्षेत्रफल के अन्तर्गत आच्छादित है।
- एडोप्शन एंड सर्टीफिकेशन अंडर आर्गेनिक फार्मिंग:– राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित एडोप्शन एंड सर्टीफिकेशन अंडर आर्गेनिक फार्मिंग कार्यक्रम के अन्तर्गतजैविक खाद संरचनायें यथा वर्मी पिट, नाडेप पिट के निर्माण एवं जैविक कृषि निवेशों का वितरण 50 प्रतिषत अनुदान पर किया जाता है। जनपद के 06 विकासखण्डों (डोईवाला, रायपुर, सहसपुर, विकासनगर, कालसी, चकराता) के 110 ग्रामों का जैविक कार्यक्रम के अन्तर्गत संतृप्तीकृरण किया जा रहा है। साथ ही योजनान्तर्गत जैविक कलस्टरों में जैविक उत्पादों का वितरण, कृषकों का एक्सपोजर विजिट एवं जैविक कृषि सम्बन्धित ग्राम स्तरीय प्रषिक्षण कार्यक्रम सम्पादित करने के साथ ही प्रमाणीकरण कार्यक्रम को बढावा दिया जा रहा है। योजनान्तर्गत जैविक प्रमाणीकरण का कार्य उत्तराखण्ड आर्गेनिक स्टेट सर्टीफिकेशन एजेन्सी द्वारा उ0जै0उ0प0 के माध्यम से कराया जा रहा है।

जैविक कृषि कार्यक्रम के मुख्य उददेश्य:–

- उत्तम गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थो का अधिक मात्रा में उत्पादन करना।
- प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग।
- पौधों एवं जन्तुओं का उपयोग कर जैवकीय चक्र को गति प्रदान करना।
- मृदा की दीर्घकालीन उर्वरता बनाये रखना।
- कृषि तकनीकों से होने वाले सभी प्रदूषणों से बचाव।
- कृषकों को सुरक्षित वातावरण के साथ–साथ अधिकतम उत्पादन द्वारा संतुष्टि।

अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य ग्रामों में कृषि विकास कार्यक्रम :–

अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य चयनित ग्रामों का कृषि विकास कार्यक्रमों से संतृप्तिकरण करते हुए पूर्ण विकास करना। वर्ष 2014–15 से प्रारम्भ यह योजना प्रदेश के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों के लाभार्थ विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। वर्ष 2019–20 हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों के अन्तर्गत जनपद देहरादून में 02 ग्रामों को अनुसूचित जाति तथा 02 ग्रामों को अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। योजनान्तर्गत समूहों में कृषि यंत्र तथा अन्य कृषि निवेश शत–प्रतिशत अनुदान पर वितरित किये जाते हैं। विवरण निम्न प्रकार है –

- कृषको की उपयुक्तता को संज्ञान में लेते हुये उन्नत प्रजाति के बीजों के मिनिकिट किसानो को निःशुल्क वितरित किये जाते है।

• पौध सुरक्षा कार्यक्रम के लिए उपयोग में आने वाले कीटनाशी रसायनों जैव रसायन के साथ–साथ सूक्ष्म तत्वो लाइट ट्रेप वितरण किया जाता है ।

• सूक्ष्म पोषक तत्वों का वितरण समय –समय पर कराये गये मृदा परिक्षण की संस्तुतियों के आधार पर किया जाता है

• कृषि यंत्र वितरण – थ्रेसर , पावर टिलर ,पावर विडर , जल पंप जैसे अधिक लागत वाले यत्रों को यदि विगत वर्षा के दौरान वितरित न किया गया होते समूह की आवश्यकता अनुसार दिया जा सकता है तथा समूह से अनुबन्ध कराने उपरान्त यत्र का उपयोग एवं रखरखाव सामूहिक रूप से करेगे

• मानव/बैल चालित यंत्र, अन्न भडांरण की बुखारी, चैफ कटर एवं 500 लीटर की टंकियों एवं एच0डी0पी0ई0 किसानों को निःशुल्क वितरित किये जाते है।

• छतवर्षा जल संभरण टैकों का निर्माण कराया जाता हैं ताकि वर्षा जल का समुचित उपयोग हो सके।

• चयनित ग्राम में उपलब्ध जल स्रेत को ध्यान में रखते हुये सिंचाई टैक संपादित किये जाते है, जिसका उपयोग सामूहिक रूप से किया जाता है।

• सिंचाई गूल का निमार्ण कृषि उत्पादन में वृद्वि हेतु समूह के उपयोंग के लिए किया जाता है

• मृदा एवं जल संरक्षण संबन्धी स्थायी प्रकति के कार्य ही संपादित किये जाए वानस्पतिक घेरबाड चारा/फल प्रजाति के पौधों का वितरण एवं घास रोपण का कार्य किया जाता है। बीज मिनिकिट में दस वर्ष के अन्तर्गत अधिसूवित नवीन तक फसल प्रजातियों का ही वितरण किया जाऐ।

8– जिला योजनाः–

यह राज्य सैक्टर की योजना है, जिसमें धनराशि आवंटन जिला अधिकारी महोदय के माध्यम से प्राप्त होता है। योजना अन्तर्गत विभाग द्वारा उन कार्यो को प्रस्तावित किया जाता है जो कार्य केन्द्र पोषित या अन्य किसी योजना में सम्मिलित न हों। योजना में मुख्यतः मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, भूकटाव नियंत्रण एवं पौध सुरक्षा आदि कार्यकम संचालित किये जाते हैं।

9– राज्य सैक्टर (अनु0 जाति, जनजाति योजना):–

यह राज्य सैक्टर की योजना है, जिसमें प्रतिवर्ष प्रत्येक विकास खण्ड से पृथक–पृथक एस0सी, एस0 टी0 की एक ग्राम पंचायत चयनित कर कृषक समूहों को कृषि निवेश पूर्ण अनुदान पर उपलब्ध कराया जाता है। 2017–18 में विकास खण्ड खटीमा में भगचुरी एवं बनकटिया, विकास खण्ड सितारगंज में खुन्सरा एवं बलखेडा चयनित हैं।

2.6:– लोक प्राधिकरण/संगठन के गठन का संक्षिप्त इतिहास और इसके गठन का प्रंसगः–

संगठन/मुख्य कृषि अधिकारी के कार्यालय का गठन विभागीय पुर्नगठन के आधार पर सितम्बर 2003 में शुरू हुआ इसके उपरान्त उत्तराखण्ड शासन कृषि एवं कृशि विपणनु अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–481/XIII-1/2010-3(08)/2006 दिनांक 28 मई, 2010 की अधिसूचना के अनुसार कृषि विभाग को सिगंल विण्डो सिस्टम के रुप में में पुर्नगठित किया गया।

सूचना का
अधिकार
RIGHT TO
INFORMATION

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 के अन्तर्गत मैनुअल (1 से 17 तक)

कार्यालय

मुख्य कृषि अधिकारी, देहरादून

वर्ष– 2021–22

Email ID- cao.deh.uk@gmail.com
Phone No.- 8979270239

2.7:– लोक प्रधिकरण संगठन के विभिन्न स्तरो पर संगठन का ढॉचाः–

1– जिला स्तर परः–

अ– मुख्य कृषि अधिकारी विभागीय आहरण वितरण अधिकारी।

ब– कृषि रक्षा अधिकारी ।

स–प्रभारी, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला।

द– ज्येष्ठ कृषि विपणन निरिक्षक।

2– इकाई स्तर परः–

अ–कृषि एवं भूमि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी रायपुर।

ब– कृषि एवं भूमि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी सहसपुर।

स– कृषि एवं भूमि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी चकराता ।

3– ब्लॉक स्तर परः–

अ– सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–1 (विकासखण्ड प्रभारी)

ब– सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2 (बीज भण्डार प्रभारी)

4–न्याय पंचायत स्तर पर–

अ–सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2 (न्याय पंचायत प्रभारी)

2.8:– लोक प्राधिकरण/संगठन की कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु जनसहयोग की अपेक्षायें :– कृषि विभाग जनपद स्तर पर शासन/विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमो के सफल कियान्वयन में जन सहयोग की अपेक्षा करता है। क्योकि बिना जन सहयोग के कोई भी कार्यक्रम सफल होना असम्भव है। और जन सहयोग के आभाव में कार्यक्रमों की गुणवत्ता संदेहास्पद रहने की संभावना है।

2.9:– जन सहयोग सुनिश्चित करने के लिए विधि और व्यवस्थाः– जनपद स्तर पर जनसहयोग प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्रतिवर्ष रबी, खरीफ प्रारम्भ होने पर जिला स्तरीय गोष्ठियॉ आयोजित की जाती है। जिसमें जनपद के समस्त कृषकों से भाग लेने की अपेक्षा की जाती है।

2.10:– जन सेवाओ के अनुश्रवण एवं शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्थाः– जनता से शिकायतें प्राप्त होने के लिए जनपद स्तर कृशि एवं भूमि संरक्षण इकाई एवं विकासखण्ड स्तर पर भी कृषको की शिकायतें प्राप्त की जाती है तथा उनके निराकरण के लिए सम्बन्धित कर्मचारियों को तैनात किया जाता है। वर्तमान में मोबाईल/मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/जनपद हैल्प लाइन पर विभिन्न इलैक्ट्रानिक माध्यम से भी षिकायतें प्राप्त होने पर उनका ऑनलाइन ही निराकरण किया जाता है।

–:: मैनुअल– 2 ::–

(अधिकारियों / कर्मचारियों की शक्तियाँ और कर्तव्य)
पदनाम– मुख्य कृषि अधिकारी
शक्तियाँ:–

1– जनपद में अधिकारियों / कर्मचारियो के स्थानान्तरण एवं तैनाती के संबन्ध में।

2– लघु दण्ड निन्दा, टाइम स्केल में वेतन वृद्वि रोकना, असावधानी या आज्ञाओं का उल्लघंन किये जाने के कारण सरकार को पहुँचायी गई आर्थिक क्षति को पूर्ण रूप से, आंशिक रूप से वेतन से वसूली किये जाने के सम्बन्ध में।

3– जनपद के बाहर स्थानान्तरण हेतु संस्तुति करना।

4– अपने अधीनस्थ कर्मचारियों / अधिकारियों का 42 दिनों तक का चिकित्सा प्रमाण पत्र पर अवकाश प्राधिकृत चिकित्सक को प्रमाण पत्र के आधार पर स्वीकृत करना।

5– जनपद में अपने अधीनस्थ निम्न सेवाओं के अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1 एवं वर्ग–2, लेखाकार, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक आदि की दण्ड एवं प्रशासनिक कार्यवाही हेतु संस्तुति कर मण्डलीय कार्यालय को अग्रसारित करना तथा कार्यालय में लिपिक वर्गीय कर्मचारियों एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के दण्डन का अधिकार, संबन्धित सेवा के नियमों के अर्न्तगत।

6– जनपद में अपने अधीनस्थ निम्न सेवाओं के अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1 एवं वर्ग–2, लेखाकार, प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ सहायक आदि की वार्षिक चरित्र प्रविष्ठी पर संस्तुति कर मण्डलीय कार्यालय को अग्रसारित करना।

7– लिपिक वर्गीय / वैयक्तिक सहायक की वार्षिक चरित्र प्रविष्टि स्वीकर्ता प्राधिकारी।

कृषि विभाग के पुनर्गठन के फलस्वरूप जिला स्तर पर पूर्व की व्यवस्था को परिवर्तित करते हुए कृषि विभाग के समस्त अनुभागों में जिला स्तर पर अच्छा समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्य कृषि अधिकारी के सीधे नियंत्रण में रखा गया हैं। जिला स्तर पर कृषि विभाग के समस्त कार्यक्रमों योजनाओं के सफलातापूर्वक कियान्वयन एवं संचालन की जिम्मेदारी विभिन्न अनुभागों के विभागीय अधिकारियों यथा कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी, प्रभारी मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से मुख्य कृषि अधिकारी की होगी। उपरोक्त कृत्यों के सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु मुख्य कृषि अधिकारी के निम्नलिलिखत दायित्व निष्चित किये गये हैं।

1– मुख्य कृषि अधिकारी जिले में कृषि विभाग का नोडल अधिकारी होगा।

2– मुख्य कृषि अधिकारी जिला स्तर पर कृषि विभाग का आहरण वितरण अधिकारी होगा।

3– मुख्य कृषि अधिकारी जिला स्तर पर गुणवत्तायुक्त कृषि निवेषो यथा उर्वरक, बीज, कृषि रक्षा रसायनों, कृषि यंत्रों आदि की उपलब्धता विभिन्न संस्थानों के माध्यम से सुनिश्चित करायेगा।

4– कृषि विभाग भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा समय–समय पर बनाये गये अधिनियमों, विनियमों आदेशों को कियान्वित करायेगा।

5– जिले में कृषि उत्पादन में सतत वृद्धि हेतु कार्य योजना बनायेगा एवं उसको कियान्वित करेगा।

6– उत्तांचल भूमि एवं जल संरक्षण अधिनियम 2002 की धारा 11 एवं उसके अधीन नियमावली के प्रस्तर 4(3), 10, 12 एवं उप प्रस्तरों के प्राविधानों के अंतर्गत मुख्य कृषि अधिकारी निदेशक, कृषि का नामित अधिकारी होगा एवं निदेषक कृषि के प्रतिनिधि के विहित कर्तव्यों का निर्वहन करेगा।

7– जिला स्तर पर संकलित समस्त योजनाओं की प्रगति, सूचनाओं को संकलित करेगा एवं संयुक्त कृषि निदेशक/निदेशक, कृषि को समय–समय पर प्रेषित करेगा।

8– कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा तैयार समस्त कच्चे कार्यों का अंतिम तकनीकी अनुमोदन प्रदान करेगा।

9– अपने क्षेत्राधिकार में चलने वाली प्रत्येक भूमि संरक्षण इकाई की प्रतिमाह दो परियोजना का स्थलीय निरीक्षण तथा उसका शत प्रतिषत भौतिक सत्यापन करना।

10– अपने अधीनस्थ कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण तथा आकस्मिक निरीक्षण करना तथा लेखा अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देते हुए रोकड़ बही का सत्यापन करना।

11– रु0 5.00 लाख तक की संरचनाओं की प्राविधिक स्वीकृति नियमानुसार प्रदान करना तथा उससे अधिक धनराशि की संरचनाओं पर नियमानुसार उच्च स्तर से स्वीकृति प्राप्त करना।

12– अपने अधीनस्थ कार्यालयों के लेखों का सम्प्रेक्षण कराना।

13– जिला स्तर पर बजट संबन्धी सम्पूर्ण कार्यदायित्व से संबन्धित सूचना संयुक्त कृषि निदेशक/कृषि निदेशक को प्रस्तुत करना।

14– मुख्य कृषि अधिकारी अपने कार्यालय में समस्त तकनीकी वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों तथा अपने अधीन कार्यरत समस्त कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों के समुचित रख रखाव एवं कर्मचारियों के देयकों का समय से निस्तारण करना।

15– जिले में कृषि कार्यकमों से संबन्धित योजनाओं में किये गये प्रदर्शनों का 20 प्रतिशत सत्यापन करना।

16– जिले के अन्तर्गत बीज/उर्वरक अधिनियमों के अन्तर्गत निर्दिष्ट कार्य दायित्व का निर्वहन करना।

17– सचिव, कृषि एवं कृषि विपणन अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन के शा0 सं0–107/सी0एस0/कृशि/03/रिट–2(2) 02, दिनांक 3 जनवरी, 2004 के परिशिश्ट–1 के अधीन पंचायती राज प्रबन्धन व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यदायित्व का निर्वहन करना।

कृषि रक्षा अधिकारी के कार्य एवं दायित्वः–

1– अपने जिले में समस्त कृषि रक्षा कार्यो को दक्षता एवं प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन व पर्यवेक्षण का कार्य।

2– कीटनाशी दवा एवं कृषि रक्षा यंत्रों की व्यवस्था तथा कार्यस्थलों पर यथासमय पूर्ति करना।

3– जिले में कीटनाशी रसायन गुणों की रक्षा तथा मिलावट व अनियमित ब्रिकी को रोकना।

4– जनपद में कार्यन्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं में यथा–जैविक खाद आदि के संचालन में सक्रिय सहयोग।

5– जनपद में कृषि रक्षा गोदमों का लेखा व अन्य रिकार्ड का माह में एक बार अपने लेखा कर्मचारियों द्वारा जॉच कराना तथा लेखा नियमों के अनुसार रिकार्ड को दुरस्त कराना और उसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारी को भेजना।
6– खण्ड के कृषि रक्षा कार्यो का शत प्रतिशत मौके पर निरीक्षण तथा उसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजना।
7– जनपद के समस्त कृषि रक्षा योजनाओं में किये गये प्रदर्शनों का 50 प्रतिशत सत्यापन करना एवं दी गई अनुदान की राशि का स्वयं सत्यापन करना कृषि रक्षा रसायनों की बैलेंस शीट व अन्य लेखा रिपोर्ट को यथा समय भेजना।
8– कृषि रक्षा रसायनों संबन्धी आय व्ययक का समुचित रूप से हिसाब रखना तथा उसका समय से सदुपयोग करना एवं देय समय में भुगतान की व्यवस्था करना।

कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी के कार्य एवं दायित्व–

प्रत्येक जिले में भूमि एवं जल संरक्षण अधिनियम के कियान्वयन हेतु कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी का एक या एक से अधिक पद सृजित किया गया हैं। जिसके कार्य एवं दायित्व निम्न प्रकार हैं:–
1– उत्तराखण्ड भूमि एवं जल संरक्षण अधिनियम 2002 में कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी को कार्य हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी बनाया गया है जिसके कारण इकाई स्तर पर सभी कार्यो के लिए कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी ही उत्तरदायी हैं।
2– इकाई के समस्त परियोजनाओं का प्रारूप अधिनियम के अनुसार तैयार करना, मुख्य कृषि अधिकारी से उनका अनुमोदन प्राप्त करना।
3– इकाई के समस्त परियोजनाओं के कार्यो का निष्पादन, मापन, सत्यापन तथा भुगतान की व्यवस्था कराना एवं समस्त देय धनराषि के अभिलेखों के रख–रखाव का प्रबन्ध कराना।
4– इकाई के प्रत्येक उप इकाई की प्रतिमाह दो–दो परियोजनाओं का शत प्रतिषत भौतिक सत्यापन करना तथा पक्के कार्यो के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री की व्यवस्था करना।
5– इकाई स्तर पर कराये गये कार्यो से सम्बन्धित लेखा अभिलेखों को पूर्ण कराना तथा भुगतान सुनिश्चित कराना।
6– इकाई के समस्त तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यो को विभागीय निर्देशानुसार पूर्ण कराना तथा सभी कर्मचारियों के स्थापना/सेवा विषयक अभिलेखों का रख–रखाव करना।
7– इकाई स्तर पर कराये गये समस्त कार्यो का प्रगति विवरण तथा अन्य सूचनांए मुख्य कृषि अधिकारी को प्रस्तुत करना।
8– इकाई को आवंटित समस्त धनराशि को वित्तीय नियमों के अनुसार व्यय करना तथा उससे सम्बन्धित सूचना प्रेषित करना।
9– भूमि संरक्षण कार्यो पर व्यय की गई धनराशि का अभिलेख तैयार कराना एवं लाभार्थी से वसूली के लिए जिलाधिकारी को प्रेषित करना।

सिंगल विण्डो सिस्टम

सिंगल विण्डो सिस्टम के उद्देश्य

उत्तराखण्ड राज्य के मूल आर्थिक व्यवस्था मुख्यतः कृषि एवं वानिकी पर आधारित है तथा इसके विकास की प्रचुर सम्भावनायें है। राज्य में मैदानी तथा पर्वतीय दोनो क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व होने के कारण उत्तराखण्ड राज्य में केवल कृषि में पर्याप्त विविधता है, अपितु उत्पादन एवं उत्पादकता में काफी अन्तर है। कृषि के क्षेत्र में किसानों की बुनियादी समस्याओं को दूर करने, उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकी जानकारी देने उन्नत एवं नवीनतम कृषि निवेशों को उपलब्ध कराये जाने तथा वैज्ञानिक कृषि को अपनाते हुए कृषि के उत्पादन को बढ़ाने हेतु शासकीय योजनाओं का लाभ सीधे किसानो तक पहुँचाने के लिए प्रयास किये जाते रहे है, किन्तु उपलब्ध मानव संसाधनों का सही उपयोग न होने के कारण किसानों की बुनियादी समस्याओं को दूर करने में कठिनाई महसूस की जा रही थी। कृषि विभाग के अन्तर्गत कार्यो के संचालन हेतु राज्य के गठन से पूर्व चली आ रही व्यवस्था में विकासखण्ड स्तर तक ही कृषि कर्मचारी उपलब्ध थे तथा इनके द्वारा मुख्य रूप से सामान्य कृषि के कार्य , कृषि रक्षा, भूमि संरक्षण तथा जल संरक्षण /जलागम प्रबन्धन से सम्बन्धित कार्यो का सम्पादन किया जा रहा था। इस व्यवस्था में कार्यो का पृथक–पृथक संचालन कृषि कर्मचारियों द्वारा विकासखण्ड स्तर से किया जा रहा था, जिस कारण कृषि क्षेत्र में अपेक्षित लाभ कमियों के कारण किसानों को नहीं मिल पा रहें थें। नई व्यवस्था के मुख्य रूप से मुख्य उद्देश्य निम्नवत् है–

1. वर्तमान परिदृष्य में आवश्यकता को देखते हुए कृषि चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रदेश की कृषि का एक नवीनकृत, प्रशासनिक एवं तकनीकी रूप से स्थायी सक्षम तंत्र विकसित करना।

2. पूर्व ढॉचा किसानों से दूर हो रहा है। ऐसा ढॉचा विकसित करना जो किसानों के मध्य रहकर कार्य कर सकें।

3. क्षेत्र स्तर पर कृषकों के मध्य पूर्व व्यवस्था में कृषि विभाग के विभिन्न कार्यो हेतु विभिन्न अनुभाग (सामान्य कृषि, कृषि रक्षा एवं भूमि संरक्षण) कार्य कर रहें थें , उन्हें एकीकृत कर सिंगल विण्डो सिस्टम का रूप दिया गया है।

4.कृषि विभाग के समस्त घटकों जैसे–बीज निगम, बीज प्रमाणीकरण, कृषि विपणन एवं अन्य रेखीय विभागों का न्याय पंचायत, स्तर पर परस्पर समान्जस्य बनाते हुए किसानों की समस्याओं का त्वरित निदान एक स्थान पर सुनिश्चित करना।

5. पर्वतीय क्षेत्र में बाजार की सबसे बड़ी समस्या है।, जिस कारण कृषकों को अपने उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। अतः उचित बाजार व्यवस्था हेतु सरकारी/गैर सरकारी उपकमों को किसानों एवं किसान संगठनों से जोड़ना।

6. आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग कृषक हित में करना।

7. उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि निवेश की उपलब्धता न्याय पंचायत स्तर पर सुनिश्चित करते हुए देय अनुदानों का लाभ कृषकों तक सुनिश्चित करना।

8. कृषकों की भागीदारी से स्थानीय आवश्यकतानुसार योजनाओं का नियोजन एवं कियान्वयन सुनिश्चित करना।

9. कृषकों को जैविक खेती एवं स्थानीय रोजगार परक एवं नकदी फसलों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया जाना।

10. प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानो की क्षति का सही मूल्यांकन कर त्वरित सूचना उपलब्ध कराया जाना।

11. जल संरक्षण/नमी संरक्षण हेतु सहभागिता के आधार पर स्थानीय कृषकों आधुनिक तकनीकी के अनुरूप जागरूक किया जाना।

12. कृषकों को कृषि सम्बन्धी नवीनतम तकनीकी जानकारी देने तथा उनकी समस्याओं का निदान हेतु कृषि विश्वविद्यालयों , कृषि शोध केन्द्रों, कृषि विज्ञान केन्द्रों, तथा विषय विशेषज्ञों के मध्य न्याय पंचायत स्तर पर तैनात कृषि कर्मचारियों के माध्यम से कृषकों का सीधा सम्बन्ध बनाया जायेगा। ताकि लैव टू फील्ड एवं फील्ड टू लैव के पैर्टन पर तथा ट्रैनिंग एण्ड विजिट के आधार पर कार्य किया जा सकें। इसके लिए न्याय पंचायत स्तरीय कृषि केन्द्र को सुद्वढ़ किया जायेगा। वहां पर जो कर्मचारी तैनात होगा, वह कृषकों की जिन तकनीकी समस्याओं का समाधान स्वयं कर सकेगा और जिन समस्याओं का समाधान स्वयं नही कर पायेगा उनके लिए विकासखण्ड इकाई जनपद अथवा निदेशालय से सम्पर्क समस्याओं का समाधान करेगा। जा` समस्यायें प्रयोगशालाओं कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं विश्वविद्यालयों से सम्बन्धित होंगी उनका समाधान सम्बन्धित विशेषज्ञों से सीधा सम्पर्क कर करेगा। जिसके लिए न्याय पंचायत प्रभारी/सहायक कृषि अधिकारी को संचार माध्यम से सक्षम बनाया जायेगा किसान कॉल सेन्टर / टॉलफ्री नम्बर के माध्यम से भी कृषकों के समस्याओं का समाधान करेगा।

13. न्याय पंचायत प्रभारी की मोबिलिटी बनाने हेतु वह न्याय पंचायत के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों में सप्ताह में दो गांवो का नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार भ्रमण करेगा, ताकि उन गांवों से सम्बन्धित कृषि एवं औद्योगिक आदि के कियाकलापों के कियान्वयन में दक्षता तकनीकी इनपुट लेकर कार्य को एक्सन ओरियन्टेड बनाकर नालेज ट्रांसफर का कान्सेप्ट वास्तविक रूप सें लागू हो सकें। इसके लिए न्याय पंचायतवार व ग्रामों की संख्या के आधार पर विकासखण्ड स्तरीय सहायक कृषि अधिकारी रोस्टर तैयार करेगा।

14. न्याय पंचायत स्तरीय कर्मचारी के पास मृदा परीक्षण, बीज परीक्षण, बीज शोधन एवं उर्वरक टेस्टिंग की प्राथमिक सुविधा उपलब्ध रहेगी।

15. सहायक कृषि अधिकारी वर्ग– 2 के कर्मचारियों को जिनकी तैनाती न्याय पंचायत स्तर पर की गयी है, उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रशिक्षण समय–समय पर दिया जायेगा। जिसके लिए उन्हें प्रशिक्षण केन्द्रों, विश्वविद्यालय, शोध केन्द्रों कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा। न्याय पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कृषकों के मध्य सम्पर्क कृषक/प्रचार–प्रसार सहायक की सहायता ली जायेगी।

16. प्रत्येक माह एक निश्चित तिथि को रोस्टर तैयार करते हुए कर्मचारियों के तकनीकी ज्ञान को कृषि विज्ञान केन्द्रो द्वारा अपडेट किया जायेगा जिसके लिए कर्मचारी निश्चित तिथि को कृषि

विज्ञान केन्द्र पर प्रशिक्षण हेतु जायेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख को न्याय पंचायत मुख्यालय पर कृषक दिवस का आयोजन किया जायेगा जहां आवश्यकतानुसार कृषि से सम्बन्धित सभी रेखीय विभागों /अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित होंगे तथा कृषकों की तकनीकी एवं अन्य समस्याओं को समाधान करेंगे तथा योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

कृषि विभाग के मण्डल एवं जनपद स्तर पर कार्यरत विभिन्न श्रेणी के अधिकारियो के आकस्मिक अवकाश यात्रा कार्यक्रमों की स्वीकृति एवं यात्रा भत्ता बिलों के प्रतिहस्ताक्षरण संबन्धी अधिकारों का प्रतिनिधायन।

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	आकस्मिक अवकाश स्वीकृति अधिकारी	यात्रा कार्यक्रमों का अनुमोदन एवं यात्रा बिलों का प्रतिहस्ताक्षरण अधिकारी
1	2	3	4
1	अपर कृषि निदेशक	कृषि निदेशक	कृषि निदेशक
2	मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक	मण्डलायुक्त	कृषि निदेशक
3	मुख्य कृषि अधिकारी	जिला पंचायत अध्यक्ष/ जिलाधिकारी /मण्डलीय कार्यालयाध्यक्ष	यात्रा कार्यक्रम का अनुमोदन जिला पंचायत अध्यक्ष/जिलाधिकारी
4			यात्रा भत्ता बिलों का प्रतिहस्ताक्षरण मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक करेंगे।
5	जनपद मुख्यालय स्तर पर/तहसील/विकास खण्ड स्त र पर कृषि विभाग के समस्त श्रेणी–2 के अधिकारी	मुख्य कृषि अधिकारी	मुख्य कृषि अधिकारी।

नोटः समूह–ग एवं घ के अधिकारियों/कर्मचारियों के संबन्ध में आकस्मिक अवकाश/यात्रा कार्यक्रम अनुमोदन कार्यालयाध्यक्षों द्वारा किया जायेगा।

2 समूह–क एवं ख के अधिकारियों द्वारा आकस्मिक अवकाश की सूचना निदेशालय को भी प्रेषित की जायेगी।

कृषि विभाग के मण्डल स्तर पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण संबन्धी अधिकार।

क्र0 सं0	पदनाम	स्थानान्तरण के स्तर	अन्तर मण्डलीय स्थानान्तरण
1	2	3	4
1	कृषि विभाग के मण्डलान्तर्गत समूह ग एवं घ के समस्त कर्मचारी।	मण्डलान्तर्गत संयुक्त कृषि निदेशक स्थानान्तरण नीति के आधार पर अनुभाग के अन्दर स्थानान्तरण के सक्षम प्राधिकारी	अन्तर मण्डलीय स्थानान्तरण कृषि निदेशक,उत्तरांचल के स्तर से किये जायेंगे।

कृषि विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को भूमि/भवन निर्माण अग्रिम/भवन मरम्मत/वाहन/कम्प्यूटर क्रय/साईकिल क्रय हेतु अग्रिम स्वीकृत करने का अधिकार।

कृ0 सं0	श्रेणी	स्वीकृता अधिकारी	अभिलेख के रख रखाव का स्तर
1	2	3	4
1	कृषि विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी	कृषि निदेशक	वित विभाग द्वारा निर्गत वित्तीय नियमोंके अधीन विभागाध्यक्ष/आहरण वितरण अधिकारी के स्तर पर।

अवकाश स्वीकृति हेतु प्राधिकृत प्रशासनिक अधिकारः–

कृ0 सं0	वर्ग का नाम	परिसीमायें (अर्जित/चिकित्सा अवकाश)	स्वीकृति हेतु अधिकृत प्राधिकारी
1	2	3	4
1	अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–3	सम्पूर्ण, देय अवकाष की सीमा तक	कार्यालयाध्यक्ष
2	अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–2	6 सप्ताह तक	कार्यालयाध्यक्ष
3	अधीनस्थ कृषि । सेवा वर्ग–2	6 सप्ताह से अधिक देय सीमा तक	मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक
4	अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–2	6 सप्ताह तक	मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक
5	अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग–1	6 सप्ताह से अधिक देय सीमा तक	विभागाध्यक्ष
6	राजपत्रित अधिकारी	1. 60 दिन तक का अर्जित अवकाश	विभागाध्यक्ष
		2. 90 दिन तक का चिकित्सा अवकाश	
		3. सेवानिवृत्ति/सेवारत मृत्यु होने पर अर्जित अवकाश लेखे में संचित पूर्ण अवकाश की स्वीकृति	
7	निदेशालय में कार्यरत समूह ग, घ के अधिकारी/कर्मचारी	सम्पूर्ण देय अवकाश	विभागाध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामित प्राधिकारी
8	सहायक लेखाकार/प्रधान लिपिक	6 सप्ताह तक	कार्यालयाध्यक्ष
		6 सप्ताह से अधिक देय सीमा तक	मण्डलीय संयुक्त कृषि निदेशक

9	लेखाकार/प्रषासनिक अधिकारी	6 सप्ताह तक	मण्डलीय संयुक्त कृशि निदेषक
		6 सप्ताह से अधिक देय सीमा तक	निदेषक विभागाध्यक्ष
10	अधीनस्थ कर्मचारियों में कार्यरत अन्य समस्त समूह ग व घ के कर्मचारी	सम्पूर्ण अवकाष	कार्यालध्यक्ष

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी/मुख्य सहायक, का जॉब चार्ट

मुख्य सहायक/प्रशासनिक अधिकारीः–

1. अधिष्ठान के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के साथ अनुभाग में बैठकर कार्य निष्पादन कराना।
2. पर्यवेक्षीय उत्तरदायित्व के साथ–साथ मुख्य सहायक/प्रशासनिक अधिकारी संसद, विधान मण्डल के प्रश्न कर्मियों के लम्बित पावनों, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावें, कोर्ट कैसेज एवं अन्य विशेष रूप में सौपें गये प्रकरणों को स्वयं देखेंगें।
3. अनुभाग में डाक प्राप्त होने पर तात्कालिक संदर्भो को समान्य से पृथक कर उनमें पताका लगाकर निस्तारण की प्राथमिकता सुनिश्चित करना।
4. अनुभाग में कार्यरत अपने सहायकों को कार्यो की नियंत्रित रूप से जॉच करते हुए देखेगें कि संन्दर्भो का समय से निस्तारण हो जाय।
5. वह कार्य में गति लाने के उद्देश्य से सहायकों के पटल पर लम्बित प्रकरणों की सूची बनायेंगे। तथा समय–समय पर अनुसार प्रभारी अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।
6. कार्य की महत्ता को देखते हुये यह किसी भी सहायक को चाहे प्रकरण उससे संबन्धित भी न हो तो कार्य के निस्तारण हेतु निर्देश दे सकते हैं।
7. कर्मियों के आकस्मिक अवकाश स्वीकृत कराना तथा पंजिका रख–रखाव।
8. अवकाश वार्षिक वेतन वृद्वि, समयमान वेतनमान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे एवं कर्मचारियों के अन्य सेवा संबन्धी मामलों का संबन्धित पटल सहायक से त्वरित निस्तारण कराना।
9. लिपिकीय कर्मियों के कार्य निस्पादन में बाधा उत्पन्न न हो। बाहरी सरकारी या अशासकीय व्यक्ति केवल शासकीय कार्य हेतु अनुभाग में आने पर सक्षम अधिकारी की अनुमति पर प्रवेश करने देना।
10. अनुभाग में लिपिक संवर्गीय कर्मियों के पुनर्निर्धारण के संबन्ध में सक्षम अधिकारी को प्रस्ताव कर्मी की वरिष्ठता एवं कार्य दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करना।
11. डाक टिकट पंजिका की जॉच एवं अवशेष टिकटों की सत्यता सत्यापन।
12. सामान्य प्रशासन में सहयोग देना।
13. अनुभाग में कार्यरत प्रत्येक पटल सहायकों की कर्तव्य सूची बनाना तथा अनुभागाध्यक्ष से अनुमोदित कराकर अद्यतन रूप से पटल पर रखना।

14. सम्वर्गवार ज्येष्ठता सूचियों को अपनी देख–रेख में तैयार कराना एवं प्राप्त आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण कराना।
15. सम्वर्गवार पदोन्नतियों के प्रकरणों को तैयार कराना एवं उनको निस्तारित कराने का कार्य।
16. स्थानान्तरण नीति के अनुसार स्थानान्तरण प्रस्ताव तैयार कराना तथा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना।
17. अनुभाग की उपस्थिति पंजिका का रख–रखाव।
18. अभिलेखों के समुचित रख–रखाव तथा अभिलेखागार में पत्रावलियों को समयावधि तक अभिरक्षित एवं निदान की व्यवस्था बनाये रखना।

लेखाकार/सहायक लेखाकार–

क0 सं0	कार्यालय का नाम	कर्मचारियों का पदनाम जिसके संरक्षण में अभिलेख हैं	अभिलेख का विवरण
		सहायक लेखाकार	पत्रावलियाँ एवं पँजिकायें
	मुख्य कृषि अधिकारी		विभिन्न केन्द्रपोशित व राज्यपोशित योजनाओं से सम्बन्धित बजट पत्रावलियाँ एवं पंजिकायें (वर्श–2008–09 से वर्तमान तक) महालेखाकार/विभागीय सम्प्रेक्षण सम्बन्धित पत्रावलियाँ। तुलन पत्र सम्बन्धी पत्रावलियाँ।

प्रवर सहायक/वरिष्ठ सहायकः–

मुख्य सहायक/प्रशासनिक अधिकारी अधिष्ठान में कार्यरत प्रवर सहायक/कनिष्ठ सहायक के मध्य कार्य के औचित्य के दृश्टिकोण से पटलों का गठन करते हुए सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात जॉब चार्ट बनाकर संबन्धित सहायको को पटल विभाजित करेगें। जैसे पेंशन, सामान्य भविष्य निधि प्रकरण, प्रतिपूर्ति दावें, डाक प्राप्ति प्रेशण, भण्डार, कैश एवं जमानत, वेतन बिल, अधिकारियों से लेकर के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थापना संबन्धी कार्य, कार्यालय के अन्य अनुभागों में लिपिक के कर्मचारियों की तैनाती तथा अनुभागों में टाइप/कम्प्यूटर टाइप कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार प्रतिदिन पूर्ण करने का दायित्व संबन्धित सहायकों को सौंपे गये कार्यदायित्व के अनुकूल रहेगा। अनुभाग में कार्यरत प्रवर एवं कनिष्ठ सहायक अपने कृत्यों के निवर्हन हेतु प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं अनुभागीय अधिकारियों

के प्रति उत्तरदाई रहेगें तथा पटल सहायकों की कार्य दक्षता बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान कराने का दायित्व प्रशासनिक अधिकारियों का रहेगा।

आशुलिपिक ग्रेड–1/ग्रेड–2/वैयक्तिक सहायक/वरिष्ठ वैयक्तिक सहायकः–

1. वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों का रख–रखाव एवं उनके संबन्ध में अपेक्षित कार्यवाही करना।
2. अति गोपनीय अनुशासनात्मक एवं जांच प्रकरणों की पत्रावलियों का रख–रखाव।
3. अधिकारियों द्वारा दिये गये श्रुतलेख को संक्षिप्त लिपिबद्व करते हुये यथावत टाइप का कार्य
4. अर्द्वशासकीय पत्रों/शीलबन्द लिफाफों, गोपनीय एवं अतिगोपनीय पत्रों को डाक से पृथक कर अधिकारी के सम्मुख पृष्ठादेश हेतु प्रस्तुत करना।
5. उच्च स्तरीय बैठकों से सम्बन्धित ऐजेण्डे, दूरभाश,फैक्स से वाछित सूचना को अधिकारी के सज्ञांन में लाते हुये त्वरित कार्यवाही करना।
6. अधिकारी के आवश्यक निर्देश पर डाक मार्क करना।
7. अधिकारी के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम एवं अन्तिम अनुमोदित भ्रमण पत्रावली का रख–रखाव।
8. अधिकारी को आवंटित वाहन की लॉग बुक का अद्यतन रूप से वाहन चालक से पूर्ण कराना तथा वाहन द्वारा मासिक तय की गई दूरी एवं पेट्रोल, डीजल के औसत का रख–रखाव कराना।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीः–

कृषि विभाग में चतुर्थ श्रेणी पदनाम से पदों का सृजन हुआ है अतः कृषि विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनाती पद विशेष के आधार पर यथा चौकीदारी, अर्दली, हलवाह कार्यालय चपरासी, लैब परिचारक, क्षेत्र परिचारक, क्लीरनर के कार्यदायित्वों के निर्वहन के साथ–साथ अधिकारियों एवं कार्यालय सहायकों द्वारा मौखिक/लिखित में शासकीय कार्यहित में दी गई आज्ञा का पालन शालीनता के साथ सुनिष्चित करेगें।

–:: मैनुअल–3 ::–

(विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम् सम्मिलित हैं)

विभागाध्यक्ष/निदेशालय से प्राप्त निर्देशो के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाती हैं।

3.1 1. वित्तीय मामलों में वित्तीय हस्त पुस्तिकाओं एवं शासनादेश, वित्तीय आवंटन में दिये गये निर्देशो के आधार पर वित्त एवं लेखा नियंत्रक के परामर्श के आधार पर निर्णय लिया जाता हैं।

2. नियोजन/स्थापना मामलों में प्रचलित सेवा नियमावलियों/ग्रेडेशन लिस्ट/सेवा के संवर्ग के कर्मियों के मामलो के निस्तारण में शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार प्रकरणों के निस्तारण में कार्यालय स्तरों से प्रस्तुत प्रस्तावों के समुचित परीक्षण हेतु समिति गठित करते हुए समिति के सुझावों को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी का होता है।

3. प्रशासनिक मामलों में शासन की समय–समय पर प्रचलित नीति एवं शासनादेशों, में निहित व्यवस्था के अनुसार प्रकरणों का निस्तारण किया जाता हैं।

4. गुणवत्ता नीति के अधीन उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, बीज अधिनियम 1966, नियम 1968 एवं बीज अधिनियम 1983 कीट पादप रोग अधिनियम 1968, खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता को परखने के लिए भारत सरकार के अधिनियम 1937 में प्रदत्त व्यवस्था का अनुपालन किया जाता है।

3.2 किसी विशेष विषय जिस विभागाध्यक्ष/कार्यलयाध्यक्षों को निर्णय लेने में कठिनाई हो जाती है तो ऐसे विषयों पर विभागाध्यक्ष शासन स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त कर निर्णय लेते हैं तथा अधिनस्थ कार्यालयों के कार्यलयाध्यक्ष किसी विशेष विषय पर अपने मण्डलीय अधिकारियों /निदेशालय से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए तद्नुसार निर्णय लेते हैं। विधि–विषयों में प्रकरण शासन को संदर्भित कर न्याय विभाग की सहमति पर निस्तारित किये जाते है तथा वित्त सम्बन्धी जटिल प्रकरणों पर शासन के वित्त विभाग से प्रशासनिक विभाग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त कर ऐसे प्रकरणों का निस्तारण किया जाता है।

जिला समिति से सम्बन्धित रजिस्टर	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—

अध्याय – 6

6.1 लोक प्राधिकारी के पास या उनके नियन्त्रण में उपलब्ध दस्तावेजों का प्रवर्गों के अनुसार विवरण

क्र0सं0	प्रवर्ग	दस्तावेज का नाम एवं परिचय	गोपनीय अथवा जनता द्वारा जाँच के उपलब्ध	दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया	धारक/नियंत्रणाधीन
1	2	3	4	5	6
1	प्रशासनिक	1–उपस्थिति पंजिका	पंजिका जाँच के लिये उपलब्ध	लिखित आवेदन के साथ निर्धारित शुल्क जमा करने पर	कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी
		2–आदेश पंजिका	तदैव	तदैव	तदैव
		3–आकस्मिक अवकाश पंजिका	तदैव	तदैव	तदैव
2	अधिष्ठान अनुभाग	1–स्थापना/लेखा/कैशियर/प्राविधिक	तदैव	तदैव	तदैव
		2. पत्र प्राप्ति एवं प्रेषण पंजी, डाक वितरण पंजी, डाक टिकट पंजिका, भंडार क्रय पत्रावली, रजिस्टर आफ रजिस्टर पंजी,	तदैव	तदैव	तदैव
		3. डैड स्टाक, कन्जूमेबिल स्टाक पंजिका, लेखन सामग्री पंजिका,	तदैव	तदैव	तदैव
		4. लघु वाहन से सम्बन्धित पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		5. भूमि एवं जल संरक्षण समिति बैठक पंजिका,	तदैव	तदैव	तदैव
		6. मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक प्रगति पंजिका/पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		लेखा कक्ष से सम्बन्धित अभिलेख			
		विभिन्न योजनाओं की पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		2401–फसल कृषि कर्म आयोजनागत	तदैव	तदैव	तदैव
		2401–फसल कृषि कर्म आयोजनेत्तर	तदैव	तदैव	तदैव
		2402–मृदा तथा जल संरक्षण आयोजनागत	तदैव	तदैव	तदैव
		जलागम समितियों से सम्बन्धित पत्र व्यवहार पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		2401–फसल कृषि कर्म आयोजनागत के उपयोगिता प्रमाण पत्र पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		आई0डब्लू0डी0पी0 की पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		डी0पी0ए0पी0/हरियाली पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		विविध पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव
		आन्तरिक सम्प्रेक्षण पत्रावली	तदैव	तदैव	तदैव

		सम्प्रेक्षण पत्रावली महाले0/विभागीय	तदैव	तदैव	तदैव
		2401–फसल कृषि कर्म आयोजनागत बिल पंजिका	तदैव	तदैव	तदैव
		2402–मृदा तथा जल संरक्षण बिल पंजी	तदैव	तदैव	तदैव
		आई0डब्लू0डी0पी0 बिल पंजी	तदैव	तदैव	तदैव
		डी0पी0ए0पी0 बिल पंजी	तदैव	तदैव	तदैव
		2401–फसल कृषि कर्म आयोजनागत वी0एम0–8	तदैव	तदैव	तदैव
		2401–फसल कृषि कर्म आयोजनेत्तर वी0एम0–8	तदैव	तदैव	तदैव
		2402–मृदा तथा जल संरक्षण वी0एम0–8	तदैव	तदैव	तदैव
		कैशियर से सम्बन्धित पत्रावली			
		जमानत पंजिका, ड्राफ्ट पंजिका, चैक बुक रजिस्टर, रोकड़ वही, रोकड़ प्राप्ति रसीद बुक, चालान जमा पंजिका, द्वितालक पंजिका,	तदैव	तदैव	तदैव
		स्थापना से सम्बन्धित पंजी/पत्रावलियां			
		स्थापना पंजिका, वेतन बृद्धि पंजिका, कर्मचारियों के सेवा अभिलेख, मासिक/त्रैमासिक प्रतिवेदन पत्रावली, जी0पी0एफ0 लेजर, जी0पी0एफ0 पास बुक, आकस्मिक अवकाश पंजिका	तदैव	तदैव	तदैव

–:: मैनुअल–6::–

(ऐसे दस्तावेजो जो उसके द्वारा धारित या उसके नियंत्रणाधीन हैं प्रवर्गो का विवरण)

कार्यालय कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निम्न व्यवस्था के अनुसार कार्यालय सुसज्जित किया गया हैं।

उक्त क्रम में निम्नानुसार समस्त कार्यालय सहायको को विभिन्न कार्यो को सौंपा गया हैं।

क्र0 सं0	कार्मिक का नाम	पदनाम	सौपे गये कार्यदायित्व	अभियुक्ति
1	श्री शैलेन्द्र चौहान	अपर सहायक अभियन्ता	योजनाओं के अभियन्त्रण सम्बन्धी कार्य	–
2	श्री ललित मोहन पाण्डेय	सहायक कृषि अधिकारी वर्ग–1	एस0एम0ए0एम0, राज्य सेक्टर, आर0के0वी0वाई0–जैविक एवं यंत्र, पी0के0वी0वाई0,पी0एम0के0एस0वाई0,नीति आयोग, स्मार्ट विलेज, ग्रामोदय से भारत उदय सहित समस्त योजना सम्बधी कार्य मानचित्रक सम्बन्धी समस्त कार्य	–
3	श्री अन्शु काम्बोज	सहायक लेखाकार (संविदा)	समस्त लेखा सम्बन्धी कार्य	–
4	श्री मनोज विजल्वाण	प्रधान सहायक	स्थापना, वेतन,जी0पी0एफ0,पेन्शन सम्बन्धी कार्य, पत्रप्रेषण/पत्र प्राप्ति एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति कार्य	–
5	श्री आशीष जखमोला	वरिष्ठ सहायक	अवैतनिक अवकाश पर हैं।	–
6	श्री विजय कुमार	वरिष्ठ सहायक	बिल सहायक, सूचना अधिकार सहायक, भण्डार सहायक	–

7	श्री हरीश लाल	वरिष्ठ सहायक	कैशियर	–
8	श्री गंगाचरण	अनुसेवक	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	–
9	श्री सुभाष चन्द	अनुसेवक	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	

लोक सूचना अधिकारी /
कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी
सहसपुर देहरादून

मैनुअल–06

(ऐसे दस्तावेज जो उसके द्वारा धारितया उसके नियन्त्रणधीन हैं प्रवर्गो का विवरण)

कार्यालय कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निम्न व्यवस्था के अनुसार कार्यालय सुसज्जित किया गया है।

उक्त कम में निम्नानुसार समस्त कार्यालय सहायकों को विभिन्न कार्यों को सौंपा गया है।

क0 सं0	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	पदनाम	सौंपे गये कार्यदायित्व	अभ्युक्ति
1	श्री सतीश चन्द्र जोशी	मु0प0अ0	लोक सूचना अधिकारी	
2	श्री अरूण कमार राणा	व0प0अ0	कार्यालय स्थापना पटल, जी0पी0एफ0, पेंशन से सम्बन्धित कार्य	
3	श्रीमती गरिमा पुनेठा	स0कृ0अ0 वर्ग–1	आर0के0वी0वाई0,रा0स्वा0सु0मि0, यन्त्रीकरण आदियोजनाओं से सम्बन्धी कार्य	
4	श्री राकेश जोशी वर्ग–1	स0कृ0अ0 वर्ग–1	प्रक्षत्र अधीक्षक सम्बन्धी कार्य	
5	डा0 भावना बिष्ट	स0कृ0अ0 वर्ग–1	नमामि गंगे,पी0के0वी0वाई0 आदि योजनाओं से सम्बन्धी कार्य	
6	श्रीमती अनीता पेटवाल	स0कृ0अ0 वर्ग–1	पी0एम0के0एस0वाई0, बीजग्राम आदि योजनाओं से सम्बन्धी कार्य	
7	सुश्री शिवानी हाण्डा	सहायक लेखाकार	मातृत्व अवकाश पर हैं	
8	श्री सोमपाल सिंह	चतुर्थ श्रेणी	राजकीय कृषि प्रक्षेत्र ढकरानी में कार्यरत	
9	श्री भानू प्रताप सिंह	चतुर्थ श्रेणी	मा0कृषि मंत्री जी के कार्यालय में कार्यरत	
10	श्री उमरदीन	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय डिस्पैच से सम्बन्धित कार्य	
11	श्री जिशान अली	चतुर्थ श्रेणी	आई0पी0एम0लैब ढकरानी में कार्यरत	
12	श्री देवेन्द दत्त सकलानी	प्लांट चालक	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	
13	श्री दीपक गुसाई	वरिष्ट सहायक	कार्यालय स्टोर/लेखा पटल से सम्बन्धित कार्य	
14	श्री वीरेन्दकुमार,	स0कृ0अ0, वर्ग–1	निरन्जनपुर मण्डी में कृषि विपणन सम्बन्धी कार्य	
15	श्री बालेश्वर कुमार	स0कृ0अ0, वर्ग–2	विकासनगर में कृषि विपणन सम्बन्धी कार्य	
16	श्री अमृतपाल सिंह	चतुर्थ श्रेणी	राजकीय कृषि प्रक्षेत्र ढकरानी में कार्यरत	
17	श्री जनार्दन प्रसाद डोभाल	स0कृ0अ0 वर्ग–2	राजकीय कृषि प्रक्षेत्र/कृषि रक्षा से सम्बन्धित बैलेन्सशीट का कार्य	
18	श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान	अपर सहा0अभि0	कार्यालय/जनपद के समस्त कृ0एवं भू0स0अधि0 कार्यालयों के अभियंत्रण से सम्बन्धित कार्य	
19	श्री बलबीर सिंह रावत	वरिष्ठ वैय0 सहा0	कार्यालय स्टेनो से सम्बन्धित कार्य	दृष्टिहीन
20	श्री संजय चंदोला	स0कृ0अ0वर्ग–2	प्रभारी बकर गोदाम एवं बीज उर्वरक रसायन लाइसेन्स से सम्बन्धी कार्य	
21	श्री मनीष चौधरी	कनिष्ट सहायक	चिकित्सा प्रतिपूर्ति/वेतन बिल से सम्बन्धी कार्य	
22	श्री ललितमोहन उनियाल	वाहन चालक	मु0कृ0अधि0 के साथ कार्यरत	
23	श्री अमर सिंह बिष्ट	चतुर्थ श्रेणी	निरन्जनपुर मण्डी में कृषि विपणन में कार्यरत	
24	श्रीमती हेमलता थपलियाल	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	
25	श्री अजय लाल	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	
26	श्री आनन्द सिंह	स0कृ0अ0वर्ग–1	प्रभारी मृदा परी0प्रयोगशाला के पद पर कार्यरत	
27	श्री भुवन चन्द्र पाण्डेय	च0श्रे0	प्रभारी मृदा परी0प्रयोगशाला के अधीन कार्यरत	
28	श्री महेन्द्र प्रताप यादव	कृषि वि0सहा0	निरन्जनपुर मण्डी में कृषि विपणन में कार्यरत	
29	श्री महिपाल सिंह	कृ0र0 यान्त्रिक	प्रभारी मृदा परी0प्रयोगशाला के अधीन कार्यरत	
30	श्रीमती शशीबाला रावत	च0श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	
31	श्री नीरज कुमार	उप परि0 निदे0	आतमा योजना सम्बन्धी कार्य	संविदा

32	श्रीमती नीलम पाण्डे	लेखाकार	आत्मा योजना सम्बन्धी कार्य	संविदा
33	कु0 इन्दू लटवाल	तकनीकी सहायक	खाद्य सुरक्षा मिशन योजना सम्बन्धी कार्य	संविदा
34	श्री शैलेन्द्र उनियाल	तकनीकी सहायक	खाद्य सुरक्षा मिशन योजना सम्बन्धी कार्य	संविदा
35	श्रीमती भारती नेगी	डाटा एन्ट्री आपरेटर	आत्मा योजना/तकनीकी कक्ष सम्बन्धी कार्य	संविदा
36	श्रीमती शीला देवी	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	संविदा
37	श्रीमती संतोष उनियाल	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	संविदा
38	श्री साकेत गुप्ता	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	संविदा
39	कु0 काजल	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	संविदा
40	श्री विनीत कुकसाल	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	संविदा
41	श्री जितेन्द्र प्रसाद	चतुर्थ श्रेणी	कार्यालय से सम्बन्धित कार्य	संविदा
42	श्री अजय कुमार	चतुर्थ श्रेणी	विकासखण्ड प्रभारी डोईवाला के अधीन कार्यरत	संविदा
43	श्री ओमबीर	चतुर्थ श्रेणी	प्रभारी मृदा परी0प्रयोगशाला के अधीन कार्यरत	संविदा
44	श्री प्रवीण	चतुर्थ श्रेणी	कृ0एवं भू0सं0अधि0 रायपुर के अधीन कार्यरत	संविदा

आतमा परियोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार धनराशि रू0 135.84 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 91.9672 का आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसका शतप्रतिशत उपयोग कर लिया गया है।

S. No.	Activities/गतिविधिया	प्रतिभागी कृषकों की सं0
1	**Training of farmers** /प्रशिक्षण	
	a) Inter state	72
	b) Within State	150
	c) Within District	1200
2	Demonstrations	1050
3	**Exposure visits (EV)**/भ्रमण	
	a) Inter state	60
	b) Within State	180
	c) Within District	200
4	**Mobilization of farmer groups**/समूह क्षमता विकास	
	a) Capacity building, skill development and support services	60
	a) Food security Groups for Women	12
5	**Rewards and incentives**/पुरूस्कार	
	Best organized group representing different enterprises	5
6	**Farmer Awards (Numbers)**/पुरूस्कार	
	District Level	5
	Block level	30
7	Farmers Scientist Interactions at district level/कृषक वैज्ञानिक संवाद	100
8	Farm Schools	18
9	Field Days/ Kisan Gosthies organized	1200

–:: मैनुअल–7 ::–

(किसी व्यवस्था की विषिश्टयां जो उसकी नीति के संरचना या उसके कार्यान्वयन के सम्बन्ध में जनता के सदस्यों से परामर्ष के लिए या उसके द्वारा अभ्यावेदन के लिए विद्यमान हैं)

1– लोक प्राधिकारी/संगठन की कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु जनसहयोग की अपेक्षायें:–

संगठन की कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु जिला स्तर पर जिला पंचायत/क्षेत्र स्तर पर क्षेत्रपंचायत एवं जिला स्तर पर गठित समितियों के माध्यम से विभागीय कार्यकमों का अनुश्रवण किया जाता हैं तथा कार्यदक्षता बढ़ाने हेतु बैठकों में अपेक्षित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त होता हैं।

2– जन सहयोग सुनिश्चित करने के लिए विधि/व्यवस्था:–

कृषि विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के कियान्वयन हेतु जिला जलागम समिति/जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत/ग्राम पंचायत प्रभाव में हैं। पंचायती राज प्रबन्धन व्यवस्था के अधीन इन संस्थाओं का मार्गदर्शन एवं सहयोग व्यवस्था के प्रति लिया जाता हैं। जन सहयोग सुनिश्चित करने के लिए संविधान के 73वें संशोधन के अधीन पंचायती राज प्रबन्धन व्यवस्था विधि सम्मत हैं।

3– जन सेवाओं के अनुश्रवण एवं शिकायतों के निस्तारंण की व्यवस्था:–

जन सेवाओं के अनुश्रवण एवं शिकायतों के निस्तारण के संबन्ध में स्पष्ट करना है कि विभागीय कार्यकमों का कियान्वयन जिला जलागम समिति जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत के माध्यम से होता हैं, जिसमें विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता हैं। विभिन्न योजनाओं के संबन्ध में जन प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत एवं तहसील दिवसों में उठायें गये प्रश्नों एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के प्रति विभागीय अधिकारी बैठकों में भाग लेकर जनता एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा उठाये गये प्रश्नों का स्थल पर ही समाधान सुनिश्चित कर लेते हैं। यदि किसी शिकायत का निस्तारण तत्काल सभंव न हो तो ऐसे शिकायती प्रकरणों पर जॉच सुनिश्चित कराई जाती हैं जॉचोंपरान्त गुणदोष के आधार पर शिकायती प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित कर लिया जाता हैं।

राज्य स्तरीय अन्तर कार्यान्वयन समिति के कार्य :–

1. भारत सरकार के कृषि एवं सहकारिता विभाग की तकनीकी विस्तार प्रबन्धन समिति के साथ जो कि मानव संसाधन विभाग के कार्य कलापों का दिशा निर्देशन जनपद स्तरीय तकनीकी विस्तार कार्यकम का अनुश्रवण करेगी।

2. आत्मा द्वारा अधिग्रहित किए गए कृषि प्रसार शोध के कार्य कलापों की देखरेख साथ–साथ सहयोग भी प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त यह समिति अन्तर विभागीय मामलों जिसमें कृषि एवं सहभागिता कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी सम्मिलित है, के सम्बन्ध में मध्यस्थता की भूमिका निर्वहन करेगी।

3. समिति राज्य मण्डल एवं जनपद स्तर पर कार्य एवं सम्बन्धित विभागों के तकनीकी हस्तान्तरण में समेकित प्रयास को बढ़ावा देना व सामंजस्य स्थापित करेगी।

4. सम्बन्धित विभिन्न विभागों यथा विपणन, निवेश एवं ऋण प्रदाय संस्थाओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, निजी/सहकारिता क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार से सम्बन्धित आवश्यक सुधार प्रकिया को बढ़ावा देगी साथ ही आपसी तालमेल को भी प्रभावी रूप से स्थापित करेगी।

5. आत्मा के द्वारा सफलतापूर्वक प्रदर्शित नए सिद्वान्तों एवं संस्थागत व्यवस्था को आत्मसात करेगी।

6. परियोजना के सफल संचालन से सम्बन्धित अन्य नीतियॉ जो कि यथा समय आवश्यक हो, को कार्य रूप से परिणित करेगी।

(ओम प्रकाश)
सचिव, कृषि

संख्या : (एक)/एक्स एक्स एक्स-1/2005 दिनांकित
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री उत्तरांचल शासन।
2. समिति के समस्त सदस्य।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव, मा0 कृषि मंत्री उत्तरांचल शासन।
5. कुलपति, गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौधोगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर।
6. सचिव, वित्त, समाज कल्याण, पंचायतीराज, कृषि, उद्यान, मत्स्य, सहकारिता, ग्राम्य विकास, पशुपालन, उत्तरांचल शासन।
7. निदेशक, कृषि, उद्यान, मस्य, पशुपालन, रेशम, पंचायतीराज, समाज कल्याण, निबन्धक, सहकारी समितियॉ, दुग्ध आयुक्त, उत्तरांचल।
8. समस्त जिलाधिकारी उत्तरांचल।
9. संयुक्त कृषि निदेशक, गढ़वाल मण्डल/कुमॉऊ मण्डल।
10. समस्त मुख्य कृषि अधिकारी, उत्तरांचल।
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उत्तरांचल।

(ओम प्रकाश)
सचिव, कृषि

उत्तरांचल शासन
कृषि एवं विपणन अनुभाग–1
संख्याः 1250/एक्स एक्स एक्स –1/2005
देहरादून दिनांकः 18 अगस्त 2005

कार्यालय ज्ञाप

कृषि एवं सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित योजना के अर्न्तगत दसवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि प्रसार कार्यक्रम के कार्यान्वयन के सन्दर्भ में प्रसार निदेशालय, गोविन्द वल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर को घोषित करने एवं जनपद देहरादून, उधमसिंहनगर एवं अल्मोड़ा के लिए जनपद स्तर पर कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण की शासी निकाय तथा इसके अधीन विभिन्न स्तरों पर समितियॉ निम्न अनुसार गठन करने हेतु महामहिम श्री राज्यपाल महोदय निम्नानुसार सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

यह संस्थान के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के संचालन के लिए शीर्ष स्तरीय मार्गदर्शी एवं सहयोगी संस्थान के रूप में कार्य करेगा। इसके मुख्य कार्य निम्नलिखित होंगेः–

1. निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के कृषि प्रसार कर्मियों की क्षमता का उन्नयन।
2. परियोजना नियोजन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु परामर्श प्रदान करना एवं तत्सम्बन्धित प्रोजेक्ट रिर्पोट निर्मित करना।
3. मानव एवं भौतिक संस्थान के बेहतर प्रबन्धन के माध्यम से कृषि प्रसार सेवाओं की प्रभाववत्ता में सुधार हेतु का विकास एवं इनके प्रयोग को प्रोत्साहन देना।
4. मध्य कम एवं निम्न कम के कृषि प्रसार कर्मियों की अनुभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।
5. प्रशिक्षण, कार्यक्रमों के संचालन से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर आदि के का विकास।

कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण का शासी निकाय

जनपद स्तर पर कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण का पृथक–पृथक एक शासी निकाय एवं एक प्रबन्धन समिति होगी। शासी निकाय नीति निर्धारक के रूप में कार्य करेगी तथा इस अभिकरण को मार्ग निर्देशन प्रदान करने के साथ–साथ उसकी प्रगति एवं कार्य कलापों की समीक्षा करेगी। शासी निकाय का संगठन निम्नवत् होगा।

1. जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2. मुख्य विकास अधिकारी	सदस्य
3. संयुक्त कृषि निदेशक	सदस्य
4. जिला स्तरीय कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रतिनिधि	सदस्य
5. जनपदीय एक कृषक प्रतिनिधि	सदस्य
6. जनपदीय एक पशुपालक प्रतिनिधि	सदस्य
7. जनपदीय एक उद्यान प्रतिनिधि	सदस्य
8. महिला कृषि समूह का एक प्रतिनिधि	सदस्य

9. अनुसूचित जाति/जनजाति का एक प्रतिनिधि — सदस्य
10. स्वयं सेवी संस्था का एक प्रतिनिधि — सदस्य
11. जिला अग्रणी बैंक का एक अधिकारी — सदस्य
12. जिला उद्योग केन्द्र का एक प्रतिनिधि — सदस्य
13. निवेश आपूर्ति संघ का एक प्रतिनिधि — सदस्य
14. मत्स्य/रेशम पालन का एक प्रतिनिधि — सदस्य
15. मुख्य कृषि अधिकारी सदस्य/सचिव सह — कोषाध्यक्ष

सदस्यों की नियुक्ति/मनोनयन हेतु निर्धारित शर्ते :–

1. शासी निकाय के अध्यक्ष की संस्तुति पर वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा शासी निकाय के लिए गैर सरकारी सदस्यों को सामान्यतः 2 वर्ष के लिए नामित किया जायेगा।
2. दो वर्ष के उपरान्त गैर सरकारी सदस्यों के दो तिहाई का कार्यकाल एक अतिरिक्त वर्ष के लिए बढ़ाया जायेगा। शेष एक तिहाई सदस्य पुनः नामित किये जायेंगे।
3. महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने हेतु शासी निकाय में गैर सरकारी सदस्यों का 30 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित होगा।

कृषि प्राविधिक प्रबन्धन अभिकरण के शासी निकाय के मुख्य कार्यकलापः–

1. रणनीतिक शोध एवं प्रसार योजना एवं सहभागीय इकाइयों द्वारा निर्मित एवं प्रस्तुत वार्षिक कार्य योजनाओं की समीक्ष एवं अनुमोदन करना।
2. विभिन्न प्रकार के शोध एवं प्रसार गतिविधियों से सम्बन्धित सहभागी इकाइयों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रगति प्रतिविदनों का आंकलन कर आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश देना।
3. प्राथमिकता पर रखे गये शोधकार्य, प्रसार एवं इनसे सम्बन्धित गतिविधियों के संचालन हेतु वित्तीय संसाधनों का आहरण एवं आवंटन।
4. फारमर्स इन्ट्रेस्ट ग्रुपएवं कृषक संघो का त्वरित संगठन एवं विकास।
5. निजी क्षेत्र एवं जिनी फर्मो की व्यापक स्तर पर कृषि निवेश, प्रौद्योगिकी, प्रसंस्करण एवं विपणन सेवायें, उपलब्ध कराने हेतु सहभगिता सुनिश्चित करना।
6. ऐसे कृषक जो पर्याप्त संसाधन से अछूते हों तथा सीमान्त कृषक हो (मुख्यतया अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला कृषक) को अपेक्षित धन उपलब्ध कराने हेतु कृषि ऋण देने वाली संस्थाओं को प्रोत्साहित करना।
7. प्रत्येक रेखीय विभाग के साथ–साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, जोनल रिसर्च स्टेशन द्वारा प्रगतिशील कृषक परामर्शदात्री समितियों के गठन को बढ़ावा देना ताकि इन समितियों से विचार विमर्श में आये बिन्दुओं का विचारोपरान्त उनके सम्बन्धित शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों में समावेश सुनिश्चित किया जा सके।
8. कृषि विकास के कार्यकलापों को बढ़ावा व सहयोग प्रदान करने हेतु औचित्य एवं आवश्यकता के अनुसार विभिन्न संस्थाओं/फर्मो/कम्पनियों से संविदा एवं अनुबन्ध का निष्पादन।
9. आत्मा एवं इसकी सहभागी इकाइयों को टिकाउ वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक अन्य वित्तीय श्रोतों को चिन्हित करना।

10. प्रत्येक सहभागी इकाई के लिए रिवालविंग फन्ड एकाउन्ट की स्थापना करना तथा प्रत्येक इकाई को तकनीकी सेवा जैसे कृत्रिम गर्भाधान या मृदा परीक्षण की सुविधा को इस प्रकार उपलब्ध कराना कि देय सुविधा में व्यय होने वाली धनराशि की वापसी का प्रतिशत उत्तरोत्तर बढे एवं एक समय सीमा के अर्न्तगत लागत की पूर्ण वापसी सुनिश्चित हो सके।
11. कृषि प्राविधिक प्रबन्धन अभिकरण के वित्तीय लेखों की नियम समयावधि में सम्परीक्षा कराना।
12. कृषि प्राविधिक प्रबन्धन अभिकरण के संचालन हेतु नियमावली एवं विनियम का निर्माण, यथा आवश्यकता अन्य संस्थाओं के तद्नुरूप नियमों/विनियमों का अंगीकरण एवं आवश्यकतानुसार संशोधन करना।

कृषि प्राविधिक प्रबन्धन अभिकरण की प्रबन्ध समिति

अभिकरण के दैनन्दिन कार्यकलापों के नियोजन एवं कार्यान्वयन हेतु प्रबन्ध समिति उत्तरदायी होगी। इसका गठन निम्न प्रकार होगा:–

1. शासन द्वारा नामित परियोजना निदेशक	अध्यक्ष
2. मुख्य प्रशिक्षण समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र	सदस्य
3. अध्यक्ष, जोनल रिसर्च स्टेशन	सदस्य
4. मुख्य कृषि अधिकारी	सदस्य
5. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी	सदस्य
6. कृषि रक्षा अधिकारी	सदस्य
7. जिला उद्यान प्राधिकारी	सदस्य
8. जिला मत्स्य अधिकारी	सदस्य
9. जिला रेशम अधिकारी	सदस्य
10. कृषि सम्बन्धी कार्य से संबन्धित स्वयंसेवी संस्थाओं का एक प्रतिनिधि	सदस्य
11. कृषि संघ के दो प्रतिनिधि (एक वर्ष के अन्तराल के आधार पर)	सदस्य

उपरोक्त कमांक 4 से 9 पर अंकित अधिकारियों में से वरिष्ठतम् अधिकारी जिसकी विशेषज्ञता परियोजना निदेशक की विशेषज्ञता से भिन्न हो इस प्रबन्ध समिति का उपाध्यक्ष होगा। मुख्य कृषि अधिकारी इस समिति के सदस्य संयोजक होंगे।

प्रबन्ध समिति के मुख्य कार्यकलाप :–

कृषि प्राविधिक प्रबन्धन अभिकरण की प्रबन्ध समिति द्वारा निम्नलिखित कार्यो एवं दायित्वों का निर्वहन किया जायेगा :–

1. विभिन्न सामाजिक–आर्थिक समूहों तथा कृषकों की समस्याओं एवं उनके कार्य में आने वाली बाधाओं के अभिज्ञान हेतु समय–समय पर सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य करना।

2. जनपद के लिए समेकित, रणनीतिक शोध एवं प्रसार योजना का (SREP) का निर्माण करना । इसमें मध्यम काल एवं अल्प काल ग्राहय शोध कार्य का विवरण होगा। इसमें तकनीकों का पुष्टिकरण एवं परिष्करण भी सम्मिलित होगा। इसमें जनपद की प्रसार प्राथमिकताऐं भी इंगित की जायेंगी। इन प्रसार प्राथमिकताओं का निर्धारण सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के दौरान किया जायेगा।

3. वार्षिक कार्य योजना बनाकर कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण की शासी निकाय को समीक्षा, सम्भावित संसोधन एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करना।

4. उचित ढंग से परियोजना के वित्तीय लेखों का रखरखाव करना एवं इन्हें को सम्प्रेक्षण हेतु प्रस्तुत करना।

5. वार्षिक कार्य योजना के कार्यन्वयन में विभिन्न रेखीय विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, स्वयंसेवी संस्थाओं, कृषक इन्ट्रेस्ट ग्रुप कृषक संघों एवं अन्य सम्बन्धित संस्थाओं जिसमें कि निजी क्षेत्र की संस्थायें भी सम्मिलित होंगी, के मध्य समन्वय स्थापित करना।

6. ब्लाक स्तर पर समन्वित कार्य कलापों जैसे को विकसित करना जो ग्राम एवं जनपद स्तर पर कृषि प्रसार एवं तकनीकी हस्तान्तरण क्रियाकलापों को समेकित रूप प्रदान करेगा।

7. शासी निकाय को वार्षिक कार्य सम्पादन रिपोर्ट उपलब्ध कराना, जिसमें विभिन्न शोध, प्रसार एवं सम्बन्धित कार्यो के लक्ष्यों के विरूद्ध वास्तविक प्रगति का विवरण प्रदर्शित हों।

8. शासी निकाय को सचिवालयीय सहायता उपलब्ध कराना तथा शासी निकाय से प्राप्त नीति सम्बन्धी दिशा निर्देशों, निवेश सम्बन्धी निर्णयों एवं अन्य दिशा निर्देशों पर सम्यक कार्यवाही करना

प्रत्येक कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण के अर्न्तगत प्रत्येक ब्लाक स्तर पर फार्म सूचना और परामर्श केन्द्र का गठन किया जायेगा, जिसके अर्न्तगत कृषक सलाहकार समिति एवं ब्लाक तकनीकी टीम, दो निकाय होंगे। कृषक सलाहकार समिति कृषकों के प्रतिनिधियों की इकाई होगी (विभिन्न आदानों)एवं समाजिक आर्थिक समूहों से 11–15 प्रतिनिधि)। तथा ब्लाक तकनीकी टीम में ब्लाक स्तर पर कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों के कार्यरत कार्मिक होंगे। कृषक सलाहकार समिति और ब्लाक तकनीकी टीम साथ–साथ कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण के अभिन्न अंग के रूप में नियोजन एवं कियान्वयन का कार्य करेंगे।

(क) ब्लाक तकनीकी टीम :– यह ब्लाक स्तर पर कार्य करने वाले कृषि एवं अन्य रेखीय विभागों के कार्यकर्ताओं की अन्तर विभागीय टीम होगी। ब्लाक तकनीकी टीम का गठन निम्न प्रकार से किया जायेगा:–

1. सहायक विकास अधिकारी कृषि।
2. सहायक विकास अधिकारी उद्यान।
3. पशुधन प्रसार अधिकारी।
4. मत्स्य विकास अधिकारी।
5. सहायक विकास अधिकारी कृषिरक्षा।
6. सहायक विकास अधिकारी सहकारिता।

2. ब्लाक स्तर पर प्रसार कार्यो की प्राथमिकता निर्धारित करने में सहायता एवं कार्यकम क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों के आवंटन करने में अपनी संस्तुति देगी।

3. शासी निकाय, कृषि प्राविधिकी प्रबन्धन अभिकरण को ब्लाक कार्य योजना स्वीकृति हेतु संस्तुत करेगी।

4. ब्लाक स्तर पर प्रत्येक कियान्वयन इकाई की समीक्षा करेगी एवं उसकों सुझाव देगी।

5. कृषक सलाहकार समिति की प्रत्येक माह एक बैठक अवश्य होगी।

6. ब्लाक स्तर एवं उससे निम्न स्तर परएवं कृषक संघों के गठन में सहायता प्रदान करेगी।

(विभा पुरी दास)
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त
वन एवं ग्राम्य विकास

संख्याः (1)/एक्स एक्स एक्स –1/2005 दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषितः–

1. कुलपति, गोविन्द बल्लंभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर।
2. सचिव, वित्त/समाज कल्याण/कृषि/उद्यान/मत्स्य/सहकारिता/ग्राम्य विकास/पशुपालन, उत्तरांचल शासन।
3. निदेशक, कृषि/उद्यान/मत्स्य/पशुपालन/रेशम/जड़ी बूटी/निबन्धक, सहकारी समितियॉ/दुग्ध आयुक्त, उत्तरांचल।
4. जिलाधिकारी, देहरादून/उधमसिंहनगर/अल्मोड़ा।
5. मुख्य विकास अधिकारी, देहरादून/उधमसिंहनगर/अल्मोड़ा।
6. मुख्य कृषि अधिकारी, देहरादून/उधमसिंहनगर/अल्मोड़ा।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद देहरादून/उधनसिंहनगर/अल्मोड़ा।

(ओम प्रकाश)
सचिव

–:: मैनुअल–8 ::–

(ऐसे बोर्डो/परिषदों/समितियों और अन्य निकायों के विवरण जिनमें दो या अधिक व्यक्ति हैं, जिनका उसके भागरूप या इस बारे में सलाह देने के प्रयोजन के लिए गठन किया गया हैं किस क्या उन बोर्डो, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों की बैठकें जनता के लिए खुली होंगी या ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त तक जनता की पहुँच होगी)

8.1– संगठन से समबृद्व बोर्ड/परिशद/समितियों निकायों का संक्षिप्त विवरण

1. कृषि विभाग सामान्य पाखा में कोई बोर्ड, परिषद, समिति निकाय समबद्व नही है।

।। कृषिर्धन्यः कृषिर्मृदाः जन्तुनाम जीवमन् कृषि ।
हिन्सारिदोष युक्तौपि मुच्यते तिथि पूजनात् ।।– ऋषि पराधर जी
अर्थ– कृषक का जीवन मृदा में उपस्थित सूक्ष्मजीवाणुओं से हैं। कृषक जब फसल उगाने के लिए खेत तैयार करता है तब वह सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट करता हैं परन्तु उसे इस 'दोष' से मुक्त माना गया है, क्योंकि वह मानव जाति की भलाई हेतु भोजन पैदा करता हैं। उन्हें सलाह दी गई है कि वे मृदा में कार्बनिक पदार्थ अवश्य मिलांए जो कि सूक्ष्म जीवाणुओं के लिए भोजन एवं ऊर्जा का स्रोत है जिससे सूक्ष्म जीवाणु बढ़ सकें, गुणित हो सके और पोषक तत्व प्रदान कर सकें।

"जैविक कृषि वह पद्वति है, जहाँ प्रकृति व पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित रखते हुए भूमि की सजीवता, जल की गुणवत्ता, जैव विविधता आदि को बनाये रखते हुए व पर्यावरण एवं वायु को प्रदूषित किए बिना, दीर्घकालीन व टिकाऊ उत्पादन प्राप्त किया जाता हैं।
इस पद्वति में जीवांश एवं प्रकृति प्रदत्त संसाधनों एवं कार्बनिक अवशिष्ट का यथा स्थान उपयोग किया जाता है ताकि उत्पादन व्यय कम होकर अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके एवं कृषक स्वालम्बन पर जोर दिया जाता हैं।

मनुष्य आदिकाल से ही जंगली जानवरों का शिकार, मांस एवं दूध के लिए पशुपालन तथा स्थानान्तरी कृषि (झूम कृषि) करता चल आ रहा था। धीरे–धीरे कृषि का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ने से स्थायी कृषि करने लगा। मनुष्य परम्परागत कृषि को ज्ञान के पीढ़ियों से अनुसरण करके, पिछली भूलों को सुधारते हुऐ अनुभवों के आधार पर कृषि को स्थायी बनाता रहा। इसमें वांछित फसलों को कृषि में उगाना, अवांछित फसल के पौधें को हटाना, भूमि की जुताई कर मौसम के अनुसार फसल बोना, भूमि को परती छोड़ना, फसल चक्र अपनाना, गोबर तथा कृषि अवशेष एवं राख को खाद के रूप में अपनाना सम्मिलित थां। इस प्रकार बढ़ते ज्ञान के अनुरूप फसल उत्पादन, बढती आबादी की भूख मिटाने का साधन बनता गया।

कृषि उत्पादन बढ़ाने को सुनियोजित करने के लिए वर्ष 1871 में देश में कृषि विभाग की स्थापना हुई। वर्ष 1889 में कृषि अनुसंधान नीति, वर्ष 1901 में सिंचाई आयोग तथा वर्ष 1926 में रायल कमीशन आन एग्रीकल्चर की अनुशंसाओं पर विभिन्न कार्यक्रम चलाए गये।

भारत में कृषि परम्परा एवं सभ्यता ऐतिहासिक रूप से 10,000 साल पुरानी है। प्राचीन ग्रन्थों (वृक्ष, आयुर्वेद, ऋगवेद) से पता लगता है कि 1000 ई0पू0 वैदिक सभ्यता में धान का उत्पादन प्रति हैक्टेयर 60 कुन्तल तक लिया जाता था। सदियों से की जाने वाली कृषि पद्धतियां टिकाऊ, ठोस व आधुनिक तकनीकें थी। प्राचीन कृषि सभ्यता में विभिन्न कृषि कियाओं के सिद्धान्त आज के आधुनिक जैविक कृषि के सिद्धान्तों के रूप में एक तरह से दोहरायें ही जा रहे है।

आधुनिक काल में भारत में ही नहीं पूरे विश्व में प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भू–राजनैतिक बदलावों के कारण पहले भुखमरी का दौर चला फिर युद्ध समाप्त हो जाने के पश्चात् अचानक विश्व की जनसंख्या में असीमित वृद्धि हुई। भारत, चीन जैसे देशों में जनसंख्या वृद्धि दैविक आपदाएं जैसे अकाल, भुखमरी आदि महामारियों के साथ सामने आयीं।
वर्ष 1941–42 में आधारभूत खद्यानों की कमी की स्थिति से निपटने के लिए विस्तृत एवं समन्वित नीति तैयार की गयी। बंगाल के अकाल (1942) के बाद वर्ष 1942–43 में खाद्य उत्पादन कान्फ्रेंस में "अधिक अन्न उपजाओं अभियान" चलाने का निर्णय हुआ। इसका उद्देश्य वर्ष 1952 तक खाद्यानों में आत्मनिर्भरता लाना था। इसके लिए विभिन्न फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा

अनुसंधान केन्द्र खोले गए। देश भर में कृषि विस्तार सेवा का गठन, भूमि सुधार कार्य, सिंचाई विकास के कार्यक्रम, उत्तम बीजों की पूर्ति, कृषि आदानों की आवश्यकता पूर्ति हेतु उपयुक्त साख (ऋण व अनुदान) उपलब्ध कराने के प्रबन्ध किए जाने लगें। इनके साथ ही साथ स्थानीय खाद संसाधनों (गोबर खाद, गोबर गैस, कम्पोस्ट खाद) हरी खादें, खली की खादें, तालबों के तलहटी में जमा हुई मिट्टी के अलावा वनस्पतियों एवं जानवरों के त्याज्य एवं मरणोपरान्त जीवांश पदार्थो (पौधे–पत्तियों, अड्डी,रूधिर, सड़े–गले मांस इत्यादि) से बने खादों के उपयोग के कार्यक्रम चलाए गये । इन खादों के बनाने की उन्नत विधियां विकसित की गयी और इनके उत्पादन एवं उपयोग के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान दिए गये।

अधिक अन्न उपजाओं अभियान के कार्यक्रम चलाए जाने के साथ–साथ, कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रति एकड़ उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुसंधानों के माध्यम से प्रौद्योगिकी के विकास के लिए भी अनेकों कार्यक्रम चलाये गये। इस प्रकार आधुनिक तकनीकों से जैविक कृषि का आरम्भ अधिक अन्न उपजाओं अभियान के काल में ही हो चुका था।

कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे "अधिक अन्न उपजाओं" अभियान से भी बढ़ती आबादी की खाद्यान्न आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पा रही थी वहीं 1960 के दशक में दो बार सूखा पड़ने के कारण अकाल ने देश को गंभीर खाद्य संकट में डाला। अन्तर्राष्ट्रीय सहायता के लिए दीनतापूर्ण याचना करनी पड़ी एवं पी.एल.ओ.–64 पर निर्भरता बढ़ी। इस विकट भयानक एवं निर्दयी संकटों की स्थिति के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र के स्वाभिमान एवं विश्वसनीयता को रखने के लिए देश के योजनाकार एवं वैज्ञानिक, इस चुनौती के लिए, तीव्रगामी व्यूह रचना बनाने हेतु प्रोत्साहित व कटिबद्ध हुए।

देश में 1960 के दशक के मध्य में मैक्सिकन गेहूं के विश्वसनीय विपुल उत्पादक किस्मों तथा बाद में फिलीपीन्स से धान के उन्नतिशील बीजों को आयात कर अनुसंधान केन्द्रों पर, स्थानीय अनुकूलता के अनुसार विभिन्न प्रजातियां विकसित की गई साथ ही साथ उन्नतिशील कृषि प्रौद्योगिकी भी फसलवार विकसित की गयी।

उद्यमी कृषकों ने, तीव्र गति से विकसित हो रहे उत्पादन बढ़ाने वाले बीजों, रसायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों तथा सिंचाई के साधनों को अपनाने के अवसर को टर्निंग प्वाइंट समझ कर पकड़ लिया। सिंचाई क्षमता में विस्तार तथा कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत साख उपलब्धता के बहाव ने उन्नतिशील बीज, रसायनिक उर्वरक, कीट नाशक, फफूंदी नाशक तथा खरपतवारनाशकों के उपयोग को अत्यधिक प्रोत्साहित किया। इससे खाद्यानों की उत्पादकता तथा उत्पादन बढ़ा। खाद्यानों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सघन जिला कृषि विकास तथा प्रशिक्षण एवं भ्रमण प्रणाली चलाई गयी। इसके साथ ही साथ देश में हरित कांति आयी जो सहाहनीय एवं चिरस्मरणीय है।

उत्पादकता बढ़ाने के लिए विपुल उत्पादक बीजों उर्वरक, कीट एवं खरपतवारनाशक के उच्च उपयोग कर सघन कृषि से मिट्टी के स्वास्थ्य गुणवत्ता में कमी, विपुल उत्पादक किस्मों की उत्पादकता में ठहराव, उपयोग होने वाले आदानों की दक्षता में आ रही कमी तथा भूजल के स्तर में तेजी से आ रही गिरावट ने उत्पादकता के स्तर को बनाए रखने के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। बढ़ती जनसंख्या के कारण प्रति कृषक भूमि के क्षेत्रफल में आ रही कमी, अच्छी कृषि वाली भूमि कटाव तथा समस्यामूलक भूमि के क्षेत्रफल में विस्तार, असंतुलित व अन्यायिक पौध पोषक तत्वों का भूमि से निरन्तर शोषण तथा भूमि में उनकी आपूर्ति न होना तथा सिंचाई जल की कमी ने गंभीर विचारणीय समस्या उत्पन्न कर दी है। किसानों में कृषि यंत्रीकरण (ट्रैक्टर व अन्य यंत्रों) के उपयोग की बढ़ती प्रवृति ने बैल एवं पशुपालन में कमी ला दी है तथा वनों से जलाऊ लकड़ी की अनुपलब्धता होने से गोबर के उपले बनाकर जलाने से भूमि में जीवांश खादों के उपयोग से वंचित कर दिया है। परिणाम स्वरूप भूमि में कार्बनिक पदार्थ (ह्यूमस) की कमी होती जा रही है। हरित कांति के पहले

हमारी भूमि में 3 से 4 प्रतिशत् जीवांश कार्बन थे, जो धीरे–धीरे घटकर 0.4 से 0.5 प्रतिशत तक के स्तर पर आ गया हैं। जबकि भूमि में जीवांश कार्बन का उच्च स्तर (0.8 प्रतिशत से अधिक) से होना आवश्यक हैं।
ब्राजील के शहर रियो डिजनेरो में 1992 में आयोजित पृथ्वी सम्मेलन के चैप्टर–13 में ऐजेन्डा–21ए में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए टिकाऊ कृषि एवं ग्रामीण विकास के विशेष प्रारूप बनाने पर सहमति हुई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य खाद्य उत्पादन में स्थायी रूप से वृद्धि तथा खाद्य सुरक्षा से है। इसके लिए शिक्षा; आर्थिक प्रोत्साहन और नवीन तथा उपयुक्त तकनीकों का विकास किया जाना आवश्यक हैं। टिकाऊ कृषि का उद्देश्य सभी के लिए, विशेषकर समाज के कमजोर वर्गो के लिए पर्याप्त पौष्टिक खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करना, गरीबी दूर करने के लिए बाजार, रोजगार और आयोत्पादक उपाय लागू करना तथा संसाधन प्रबन्धन और पर्यावरण संरक्षण भी है।

टिकाऊ कृषि / जैविक कृषि तीन मुख्य उद्देश्यों–पर्यावरणीय स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि और सामाजिक तथा आर्थिक समता का संयोजन करती हैं। जैविक कृषि में सर्वप्रथम "कृषि" या फार्म को एक पूर्ण जीवित संगठन के रूप में देखा गया हैं। इस संगठन के महत्वपूर्ण अंग है खेत, पशु, उद्यान, जड़ी–बूटी, मोम, मित्र–कीट और स्वयं मनुष्य। सभी अंग मिलकर "कृषि" का संतुलन बनाये रखते हैं। यदि इन सभी अंगों में से किसी एक को भी स्थान न दिया गया तो समन्वय बिगड़ता स्वाभविक हैं। जिस प्रकार एक जीवित संगठन में विभिन्न प्रकार के रसायनिक तत्वों एवं यौगिकों के संयोजन से अंग, अंगों के संयोजन से अंग तन्त्र एवं कई अंग तन्त्रों के संयोजन से शरीर की रचना होती और किसी भी एक अवयव के असंतुलित होने से पूरा शरीर असंतुलित हो जाता है उसी प्रकार से जैविक कृषि में संतुलन की अवस्था बनाये रखने के लिये इसके समस्त घटकों यथा पशु, मृदा, उद्यान, आदि का साम्य बनाये रखना अति आवश्यक हैं।

इसकी तुलना में 1940 से विश्व में प्रचलित आधुनिक कृषि के रूप में प्रसिद्व औद्योगिक कृषि, कृषि को पुनर्परिभाषित करती है जहाँ कृषि सम्यता न होकर, उद्योग का रूप लेती है। परन्तु इस दिशा में मूल मंत्र केवल उत्पादन होता हैं। पर्यावरण, प्राकृतिक–चक, सहभागिता, वनस्पति एवं कीट इत्यादि का कोई स्थान नहीं रहता हैं।
औद्योगिक कृषि के नकारात्मक एवं हारिकारक पहलुओं को सर्वप्रथम यूरोपीय देशों जैसे जर्मनी, फ्रांस इत्यादि के कृषकों ने पहचाना। सन् 1923 ई0 में डा0 रूडोल्फ स्टीनर जो कि एक आस्ट्रियन वैज्ञानिक व दार्शनिक थे ने सर्वप्रथम बताया कि रासायनिक कृषि सम्पूर्ण कृषि के साथ–साथ मनुष्य की वैचारिक शक्ति को भी नष्ट करती हैं। सन् 1925–1930 ई0 में सर अल्बर्ट हावर्ड ने कम्पोस्ट खाद बनाने की प्रथम वैज्ञानिक शक्ति पद्वति को जन्म दिया यह पद्वति "इन्दौर खाद" के नाम से भारत के इन्दौर जनपद में सर्वप्रथम प्रदर्शित की गई। सन् 1920 के दशक में लेडी ई0 बालफोर ने "स्वाइल एसोसिएशन" की स्थापना की तत्पश्चात् सम्पूर्ण विश्व में पर्यार्वरणीय प्रदूषण एवं कृषि में रसायनों के उपयोग से होने वाली हानियों पर वाद विवाद शुरू हुआ। परिणाम स्वरूप सन् 1972 ई0 में [illegible] (जैविक कृषि आन्दोलन का अंतर्राष्ट्रीय फैडरेशन) की स्थापना हुई। जिसको संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई। तब से अब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैविक उत्पादों का बाजार 15–20 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा हैं।

भारत में जैविक कृषि
8 मई, 2002 को प्रधानमन्त्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के करकमलों द्वारा "राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यकम का आरम्भ हुआ। एन0पी0ओ0पी0 के प्रथम चरण (1998–99) में राष्ट्र स्तरीय "टास्क फोर्स" का गठन किया गया। टास्क फोर्स ने राष्ट्र में विभिन्न जैविक गतिविधियों का जायजा लिया एवं कृषि मंत्रालय को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में वर्तमान जैविक कृषि पर आंकड़ों के साथ इसको बढ़ावा देने के लिये सुझाव भी प्रस्तुत किये। इसके साथ एपीडा द्वारा राष्ट्रीय जैविक उत्पाद के मानकों को प्रस्तुत किया गया। एपीडा द्वारा राष्ट्र में

कार्यरत चार प्रमाणीकरण संस्थाओं को भारत में स्थानीय बाजार के लिये कार्य करने के लिये मान्य किया गया।

भारत में वर्तमान में प्रमाणित जैविक कृषि, चाय या कॉफी के बडे बागानों तक सीमित हैं, परन्तु कई राज्यों में मसालें, चीनी, बासमती इत्यादि क्षेत्रों में छोटे–छोटे प्रयास प्रगति पर हैं। अब तक मध्य प्रदेश व उत्तरांचल ने अपने अपने राज्यों की जैविक कृषि नीति स्पष्ट कर ली हैं।

वर्ष 2001–02 में देश से लगभग 9238 टन जैविक उत्पाद का विदेशों में निर्यात हुआ। इसके साथ ही वर्तमान में महाराष्ट्र, केरल एवं बंगाल ने राज्य स्तरीय जैविक कृषि कमेटी का गठन कर लिया हैं। कृषि मंत्रालय केज्ञापन संख्या 5–13/2001–मैन्योर्स के अनुसार राष्ट्र को वर्तमान रसायनिक उर्वरक के प्रयोग के आधार पर तीन भागों में विभाजित किया गया हैं। इन भागों में श्रेणियों के आधार पर जैविक कृषि को बढ़ावा देने के प्रयास किये जायेंगे। प्रथम श्रेणी में उततरांचल, झारखण्ड, राजस्थान एवं समस्त उत्तर–पूर्वी राज्य, द्वितीय श्रेणी में उड़ीसा, हिमाचंल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा महाराष्ट्र एवं कर्नाटक के कुछ क्षेत्र सम्मिलित हैं। तृतीय श्रेणी में ऐसे राज्य आते हैं जिसमें मध्यम से अधिक मात्रा में रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग होता हैं।

वर्तमान में लगभग तीन राष्ट्र स्तरीय जैविक कृषि एसोसिएशन गठित हैं। भारतीय जैविक व बायोडायनैमिक कृषि संगठन, इन्दौर, बायोडायनैमिक कृषि संगठन, बैंगलोर एवं भारतीय जैविक कृषक संगठन, बंगलौर। यद्यपि स्थानीय जैविक बाजार नगण्य हैं, फिर भी बड़े शहरों में छोटे स्तरों पर प्रयास जारी हैं।

उत्तरांचल में जैविक कृषि

भौगोलिक आंकड़ों के अनुसार उत्तरांचल मूलतः पहाड़ी क्षेत्र है। प्रदेश के 58 प्रतिशत पर्वतीय क्षेत्रों में तथा 42 प्रतिशत मैदानी क्षेत्रों में कृषि कार्य हो रहा हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रदेश में लगभग 65 प्रतिशत क्षेत्र वन से आच्छादित हैं। इसमें 9 जनपद पूर्णतः पर्वतीय एवं 2 जनपद पूर्णतः मैदानी तथा शेष 2 जनपदों में पर्वतीय एवं मैदानी भू–भाग सम्मिलित हैं। राज्य का कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल 55.66 लाख हैक्टेयर हैं। जिसमें 34.66 लाख हैक्टेयर (62.27प्रतिशत) वनाच्छादित हैं। राज्य में कृषि योग्य भूमि 7.93 लाख हैक्टेयर, 2.23 चारागाह तथा अन्य वृक्षों, झाड़ियों बागों आदि के अर्न्तगत 2.16 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल है। प्रदेश में वास्तविक सिंचित क्षेत्र 3.47 लाख हैक्टेयर (50.06 प्रतिशत) हैं। जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में मात्र 14 प्रतिशत तथा मैदानी क्षेत्रों में 86 प्रतिशत भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हैं। उत्तरांचल राज्य में कुल उर्वरक खपत 101 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर है जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में उर्वरक खपत मात्र 5 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर तथा मैदानी भूभागों में लगभग 200 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर हैं। राज्य के मैदानी जनपदों में सामान्य कृषि पद्वति में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से जहाँ खाद्यानों की पौष्टिकता एवं वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव देखा जा रहा हैं, वहीं दूसरी ओर भूमि की उपजाऊ शक्ति एवं संरचना पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा हैं। जनपद उधमसिंहनगर के अधिकांश विकास खण्डों में मृदा नमूनों के विश्लेषण से यह विदित होता है कि भूमि में जीवांश कार्बन न्यून स्तर (0.4 से 0.5 प्रतिशत) पर पहुँच गया हैं। इस परिस्थितियों को देखते हुए जैविक कृषि ही वर्तमान की आवश्यकता हैं। प्रदेश के गठन के पश्चात् यह नीतिगत निर्णय लिया गया कि वन एवं ग्राम विकास दो ऐसे क्षेत्र हैं जो प्रदेश में एक दूसरे के पूरक है। हां एक ओर पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों में ग्रामवासी कृषि के लिए वन पर पूरी तरह निर्भर हैं वहीं पौराणिक काल से ग्रामवासियों द्वारा जंगल को धरोहर का स्थान दिया गया हैं।

पहाड़ो में विकट भौगोलिक परिस्थिति की वजह से, कृषि क्षेत्र में "हरित कान्ति" का प्रभाव अधिक नहीं पड़ा। कृषि मात्र भरण पोषण के लिए रह गई। इस प्रकार कृषि में आय न होने की वजह से, पहाड़ी क्षेत्रों से मैदानी क्षेत्रों की तरफ भारी मात्रा में मनुष्यों का पलायन होता रहा जिससे कृषि के घटकों यथा उद्यान, पशुपालन इत्यादि के क्षेत्र में किसी भी प्रकार का विकास नहीं हो पाया। पारम्परिक उद्यान के क्षेत्रों में जहां बड़ी मात्रा में आलू, सब्जी व फल के बगीचे हैं वहां भी किसी भी प्रकार से भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक प्रयास नहीं हो पाये हैं।

प्रतिवर्ष बढ़ते रसायनिक उर्वरक के प्रयोग से जहां एक ओर उत्पादन में निरन्तर कमी हो रही हैं, वही बीमारियों व कीटों की समस्याएं बढ रहीं हैं। पहाड़ी क्षेत्र में कृषि किसी भी प्रकार की तकनीकी विकास (आधुनिक या जैविक) से वंचित हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में लगातार रसायनिक पदार्थो के प्रयोग से कृषि भूमि का जीवांश स्तर तेजी से गिरता चला जा रही है।

उत्तरांचल में जैविक या टिकाऊ कृषि को महत्वपूर्ण बल देना भले ही नया मंत्र लग रहा हैं, परन्तु 1992 में रियो डिजनेरों में हुए यू0एन0सी0इ0डी0 में भारत ने 189 देशों के साथ मिलकर एजेण्डा–21 पर हस्ताक्षर किये हैं। जिसमें अध्याय 13 के अर्न्तगत पहाड़ों में टिकाऊ कृषि व विकास के बारे में विवरण दिया गया हैं, इसमें कृषि का स्थान सबसे ऊपर है। साथ ही टिकाऊ कृषि व ग्राम्य विकास के आदर्श क्षेत्र को विकसित करने का संकल्प लिया गया है।

पर्वतीय क्षेत्रों की परिस्थितियों को यदि हम ध्यान में रखें, तो बाहर से भारी कीमत पर आयातित रसायनिक खाद, परिवहन व ढुलान पर आने वाले खर्च, रसायनिक उर्वरक, के प्रयोग के दूरगामी दुष्प्रभावों व कृषि कार्य में आवश्यकतानुसार रसायनिक खाद की कई कारणों से अनुपलब्धता ही जैविक खाद के पूर्णतयः विकेन्द्रीकृत, अर्थात ग्राम–स्तर पर ही उत्पादन तथा भरपाई की जा सकेगी। जैविक खाद के सार्वभौमिक और विकेन्द्रीकृत उत्पादन तथा उसके व्यापक उपयोग से ही उत्तरांचल को एक कृषि –आधारित, प्रदूषण–विहीन, स्वास्थ्यवर्धक और स्वावलम्बी राज्य के रूप में स्थापित किया जा सकता है। वन–केन्द्रित होने के साथ–साथ जैविक खाद उत्पादन को एक आर्थिक गतिविधि के रूप में स्थापित करने में वन विभाग, डेयरी विकास विभाग, पशुपालन विभाग, गन्ना विकास विभाग को ग्राम्य विकास के द्वारा गांवों में गठित किये जा रहे स्वयं सहायता समूहों, वन पंचायतों, संयुक्त वन प्रबंध समितियों, कृषक समूहों, ग्राम पंचायतों, सहकारी गन्ना समितियों, महिला डेरी समितियों, स्वयं सेवी संगठनों के माध्यम से चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कियान्वित करने के वृहद प्रयास किये जायेंगें।

जैविक कृषि विकास की नजरों से अगर पहाड़ों की कृषि देखी जाए तो हम पाते है कि प्रदेश के वनों से लगभग 10 मिलियम मैट्रिक टन जैव–अवशेष विभिन्न जंगली पेड़ जैसे बांस, चीड़, देवदार, साल इत्यादि से पाये जाते है। यह महत्वपूर्ण जैव–अवशेष पौराणिक काल से पारम्परिक खाद बनाने के प्रयोग में लाये जा रहे हैं। इस परम्परा को उन्नत एवं उपयुक्त तकनीक से बेहतर बनाने की बहुत अधिक संभवानाएं पायी गयी है। वर्ष 2001 से ग्राम्य विकास विभाग द्वारा चल रही टी0टी0डी0सी0 (तकनीकी स्थानान्तरण व विकास केन्द्र) योजना में पाया गया है कि बेहतर तकनीकी से न केवल खाद की गुणवत्ता बढ़ती हैं, साथ ही जैव अवशेष के पूर्ण सड़न से कीड़े व भूमि सम्बन्धी बीमारियों में भी कमी पायी जाती हैं। महिलाओं के लिए पारम्परिक खाद की तुलना उच्च गुणवता के कम्पोस्ट खेतों तक पहुंचाने के समय में व ढुलान में लगने वाली मेहनत मे भी महत्वपूर्ण अन्तर पाया गया हैं।

उत्तरांचल के कृषि विकास क्षेत्र में जैविक की उन्नत तकनीकों से प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों के सीमान्त कृषक लाभान्वित रहेंगें। साथ ही कम लागत में अधिक उत्पादन होने की सम्भवना भी अधिक है। कृषि उत्पादों के प्रमाणीकरण की क्रियाओं को पार करके जैविक बाजारों तक पहुंचने की क्षमता होने से कृषक को अपने उत्पाद का यथोचित मूल्य मिलने की सम्भावनायें प्रबल हुई हैं। मैदानी क्षेत्रों में भी टिकाऊ कृषि पर ध्यान देने से कृषकों की लागत कम किये जाने की आशा हैं, एवं यह कृषि भूमि को सुधारने का एक सरल उपाय भी हैं।

जैविक ग्राम में जैविक कृषि प्रबन्धन

2.1. जैविक ग्रामः परिभाषा

" ऐसे ग्राम जहॉ कृषक प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक हों, तथा कृषि रसायनों के दुष्प्रभाव को देखते हुये जैविक कृषि की महत्ता को अंगीकार कर लिये हैं, और जहां विभिन्न जैविक कृषि सम्बन्धी गतिविधियॉ अपनाई जा रही हैं।"

2.2. जैविक कृषि के अर्न्तगत क्या करें, क्या न करें:

2.2.1 कृषि एवं उद्यान

क्या करें :

1. मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी/अधिकता को जानने के लिए मृदा परीक्षण कराएं।
2. कृषकों द्वारा उत्पादित/प्रकृति प्रदत्त जैव–अवशेष तथा बायो एजेन्ट के प्रयोग से निर्मित जैविक खादों, कीटनाशी एवं फफूंदनाशी का प्रयोग करें।
3. केंचुए की खाद का अधिकाधिक प्रयोग करें।
4. जैव उर्वरकों (राइजोबियम, ऐजेटोबैक्टर, ऐजोस्पाइरिलम, पी0एस0बी0 आदि) का प्रयोग संस्तुति के आधार पर करें।
5. रासायनिक तत्वों से मुक्त जल से फसलों की सिंचाई करें।
6. हरी खाद का प्रयोग करें।
7. वैज्ञानिक फसल चक्र को अपनाएं। फसल चक्र में दलहनी फसलों का समावेश अनिवार्य रूप से करें।
8. गर्मी की गहरी जुताई करें।
9. फसलों/औद्योगिक वृक्षों की उचित प्रजातियों के जैविक बीज/पौधों का प्रयोग करें।
10. फसलों/फल वृक्षों के रोग कीट नियंत्रण हेतु जैविक तरल खाद/तरल कीटनाशी, एन0पी0वी0, बायो–पेस्टीसाइड, जैविक–बीजोपचार (सूर्यकिरण, गर्मजल उपचार आदि) जैसी परम्परागत पद्धतियों का प्रयोग करें।
11. बीजों को बुवाई से पूर्व अनिवार्य रूप से जैव पद्धतियों द्वारा उपचारित करके ही बुवाई करें।
12. खरपतवार नियंत्रण हेतु समय पर निराई–गुड़ाई, स्टेल फार्मिंग, समय पर बुवाई/रोपण, बुवाई की सही पद्धति का चयन, अन्तः फसल पद्धति को अपनाएं।
13. मल्चिंग हेतु जैव अवशेष का प्रयोग करें। इससे नमी संरक्षण के साथ–साथ खरपतवारों पर भी नियंत्रण होगा।
14. कृषि वानिकी (एग्रोफारेस्ट्री) को अपनाएं।
15. नाइट्रोजन स्थिरकारी पौधों, यथा एकेसिया जैसी प्रजातियों के रोपण को बढ़ावा दें।
16. जल संचयन (वाटर हारवेस्टिंग) को बढ़ावा दें।
17. फसलों/फसलों की कटाई/तुड़ाई भौतिक परिपक्वन अवस्था पर करें। जिससे अगली फसल की बुवाई हेतु खेत की तैयारी एवं अन्य शस्य क्रियाओं हेतु पर्याप्त समय मिल सकें।
18. फसल अवशेष को खेत में ही मिट्टी में मिला दें।
19. उत्पाद की समुचित सफाई, छटनी एवं प्रसंस्करण करें।

20. उत्पाद को परम्परागत जैविक विधि से भंडारित करें।
21. विविधीकृत कृषि को बढ़ावा देना। जैसे फसलोत्पादन के साथ–साथ पशुपालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, जड़ी–बूटी उत्पादन आदि को अपनाएं।
22. जैविक बाढ़ को बढ़ावा दें।
23. मधुमक्खी पालन इकाई की प्रक्षेत्र पर स्थापना करें। जिससे फसलों/फलों के परागगण को बढ़ावा मिलें।
24. जल एवं भूमि संरक्षण की प्राकृतिक पद्धतियों को अपनायें।

क्या न करें

1. रासायनिक उर्वरकों/कृषि रक्षा रसायनों का प्रयोग न करें।
2. फसल अवशेष/जैव अवशेष को न जलायें।
3. कारखानों के प्रदूतिषत जल/सीवेज जल से फसलों की सिंचाई न करें।
4. खेत की कम से कम जुताई कर मृदा की सरंचना को कम से कम हानि पहुँचाएं।
5. पर्यावरण (जल, भूमि एवं वायुमण्डल) प्रदूषित करने वाली पद्धतियों को न अपनायें।
6. मित्र कीट/जन्तुओं को क्षति न पहुंचायें।
7. दलहनी एवं तिलहनी फसलों की कटाई जमीन की सतह से करें न कि पौधों को जड़ से उखाड़ें।
8. प्रतिवर्ष एक ही फसल न लगाएं।
9. बिना मार्ग दर्शन के नया जैविक उत्पाद प्रयोग में न लाएं।

जैविक ग्राम एवं कृषक के मानक, चयन एवं पंजीकरण

2.3. जैविक ग्राम का चयन :
भविष्य में जैविक ग्रामों का चयन प्रत्येक योजना के क्षेत्रीय कार्यकर्ता (मास्टर ट्रेनर/जैविक कृषि कार्यकर्ताओं के माध्यम से, विकास खण्ड के सहयोग से, स0वि0अ0 (कृषि) तथा मुख्य कृषि अधिकारी की संस्तुति के उपरान्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

2.4. जैविक ग्राम के मानक :
2.4.1. जैविक ग्रामों के कृषक जैविक कृषि से सम्बन्धित नवीनतम तकनीकी में रूचि रखते हों।
2.4.2. ऐसे ग्राम जहां बाजारोन्मुख उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा हों। जैविक ग्राम में जैविक बाजार की अपार संभावना हो, विपणन के लिए विशेष उत्पाद के उत्पादन की संभावना हो तथा ऐसे ग्रामों में परम्परागत फसलें, भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार हो सकती हों, तथा यातायात की व्यवस्था समुचित हों।
2.4.3. ऐसे ग्राम जहां प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, जंगल आदि की उपलब्धता हो।
2.4.4. ऐसे ग्राम जो पर्यटन मार्ग पर, पर्यटन स्थल के निकट अथवा भौगोलिक सौन्दर्य स्थल के निकट हों, को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाय।

2.5. जैविक कृषि का चयन :
2.5.1. कृषक अपनी कृषि भूमि पर जैविक कृषि के लिए समर्पित हो।
2.5.2. कृषक के पास कम से कम दो–गोवंशीय पशु हों।
2.5.3. लघु/सीमान्त एवं प्रगतिशील कृषकों तथा महिलाओं को प्राथमिकता दी जाय।

2.6. जैविक कृषकों की पंजीकरण प्रकिया :
2.6.1. विभिन्न परियोजनाओं में कार्यान्वित जैविक कृषि कार्यक्रम के अर्न्तगत चयनित जैविक कृषकों के सम्यक प्रशिक्षण के उपरान्त उनका पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।
2.6.2. जैविक कृषक का पंजीकरण निर्धारित प्रपत्र पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

2.13.7. राज्य स्तर पर "जैविक कृषि पण्डित" पुरस्कार हेतु उन्नतिशील जैविक कृषकों की सूची का संकलन करना।

2.13.8. प्रदेश स्तर पर जैविक कृषि, पशुपालन,/डेयरी, उद्यान एवं अन्य घटकों के लिए निर्धारित जैविक प्रकिया को प्रोत्साहित कर गतिशील बनाना।

2.13.9. प्रदेश स्तरीय गोष्ठी, सेमीनार, उपभोक्ता मेले आदि का आयोजन कराना।

2.13.10. मोटे अनाज जैसे मंडुवा तथा स्थानीय दलहनी फसलों यथा गहत, कालाभट्ट आदि की अलग से कार्य योजना बनाना। इन फसलों हेतु उन्नतिशील बीज, नवीन जैविक कृषि तकनीकी को अपना कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाना। फसलों में गुणवत्ता के निर्धारण हेतु पोषक तत्वों का परीक्षण कराना तथा व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना।

2.13.11. जैविक कृषि से सम्बन्धित अन्य सहयोगी घटक जैसे जैविक भण्डारण के बेहतर उपाय, कृषि उपकरण, उन्नतशील सिंचाई व्यवस्था, विभिन्न प्रकार की कम्पोस्ट बनाने की विधियां, वर्मी कम्पोस्ट, सी0पी0पी0 इत्यादि के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करना।

2.14. उत्तरांचल जैविक उत्पाद परिषद :

2.14.1. समस्त जैविक ग्रामों की विकासखण्ड सूची संकलित करना।

2.14.2. समस्त मास्टर ट्रेनर/जैविक कृषि कार्यकर्ताओं, विषय वस्तु विशेषज्ञों की सूची को संकलित करना।

2.14.3. जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित तकनीकी साहित्य का मुद्रण एवं प्रकाशन करना।

2.14.4. जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त मासिक प्रगति आख्या का संकलन करवाना।

2.14.5. जैविक उत्पादों एवं कृषि क्षेत्रों से सम्बन्धित वार्षिक सूचना का संकलन करना।

2.14.6. विभिन्न जैविक कृषि योजनाओं के मध्य समन्वय स्थापित करना।

2.14.7. जैविक उत्पादों के विपणन सम्बन्धी व्यवस्था सुनिश्चित करना।

2.14.8. जैविक उत्पादों की उपलब्धता सम्बन्धी विवरण रखना।

2.14.9. प्रदेश में चल रही विभिन्न जैविक परियोजनाओं, गैर सरकारी संस्थान स्तरीय कार्यक्रम एवं निजी संस्थाओं के कार्य एवं प्रयासों को एकबद्ध करना।

2.14.10. इन प्रयासो की गुणवत्ता सुधारने में सहयोग करना।

2.14.11. जैविक कृषि के विभिन्न पहलुओं को कृषक तक योजनाओं के माध्यम से पहुँचाना।

2.14.12. नीतिगत विषयों पर विचार करना।

2.15. मण्डी परिषद :

2.15.1. प्रदेश की समस्त मण्डियों में जैविक कृषि उत्पाद के लिए विशेष स्थान प्रावधान करना।

2.15.2. जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित नारे बैनर इत्यादि के माध्यम से प्रचार–प्रसार एवं कार्यक्रम को प्रदर्शित करना।

2.16. उत्तरांचल राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था :

2.16.1. जैविक कृषकों के प्रमाणीकरण हेतु कृषक डायरी का रूप पत्र तैयार करना, एवं सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को उपलब्ध करवाना।

2.16.2. आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली को शीघ्र कियान्वित करना।

2.16.3. जैविक कृषकों एवं जैविक कृषि उत्पाद का लेखा जोखा से सम्बन्धित रिकार्ड रखना।

जैविक कृषि कैसे अपनायें – कुछ महत्वपूर्ण निर्देश

भारत में हरित क्रान्ति के आगमन के पूर्व लगभग सर्भ, कृषक एक तरह के जैविक कृषि कार्य प्रणाली में ही अपने विभिन्न कृषि कार्य कलापों को सम्पन्न करते थे। उत्तरांचल जैसे अन्य असिंचित प्रदेश के क्षेत्रों में अभी

भी जैविक पद्धति (बिना रसायन के प्रयोग) से कृषि कार्य किया जाता है परन्तु आधुनिक काल में जैविक कृषि की परिभाषा के अनुसार केवल रसायनों के प्रयोग को निषेध करना मात्र जैविक कृषि नहीं कहलाता हैं। रसायनों के प्रयोग को पूर्णत' प्रतिबन्धित कर अन्य कई कार्य जो हर प्रकार से संतुलित रखते हैं जैसे पशुओं का रख रखाव, फसल चक्र, सहभागी फसल, स्थानीय वस्तुओं का प्रयोग, कृषि में उद्यान, पशुपालन, महिला वर्ग की सहभागिता, भण्डारण व विपणन में पारदर्शक गतिविधियां आदि समस्त कार्यो के संयुक्त सम्मिलन से जैविक कृषि मानी गई हैं।

पौराणिक काल में शायद यहीं कृषि अपनाई जाती थी जब कृषि मात्र खाद्यान पैदा करने के लिए नहीं, एक संस्कृति के रूप में अपनाई जाती थी।

ठीक इसी प्रकार विश्व में खाद्यान उत्पादन के स्रोत की जानकारी से उपभोक्ता को अवगत कराना भी जैविक कृषि विपणन का महत्वपूर्ण अंग है। डिब्बा बन्द खादय पदार्थो के इस युग में यह जानना संभव नहीं कि प्रातः का भोजन विश्व के किस कोने से है तथा रात्रि का भोजन कहां से प्रकट हुआ हैं। इस प्रकार स्थानीय बाजार में खाद्यान की उपलब्धता व उपभोक्ता हेतु ताजे उत्पादों की उपलब्धता भी जैविक कृषि विपणन का एक अंग हैं।

एक आम छोटा कृषक शीघ्र व कम कष्ट से जैविक में रूपांतरित हो सकता हैं अब्वल यह जानना महत्वपूर्ण है कि जैविक बाजार के लिए पहले अपनी कृषि अर्थव्यवस्था, भूमि संरक्षण, पशु प्रबन्धन एवं पर्यावरण संतुलन को सुधारना है। जब कृषक दो–तीन फसल चक्रों को जैविक पद्धति से पूर्ण कर लेते हैं तब प्रमाणीकरण की औपचारिक को पूर्ण करने के पश्चात् बाजार में अपना उत्पाद सरल हो जाता हैं।

जैविक कृषि का प्रबन्धन अवशेष प्रबन्धन है जब कृषक को जैविक अवशेष से खाद बनाने की तकनीकों का ज्ञान हो तो उसे स्थानीय रूप से प्राप्त कृषि अवशेष, गोबर, जंगल के पत्ते आदि के बेहतर उपयोग से कम्पोस्ट में प्रयोग करने से लागत धीरे–धीरे कम होती चली जाती हैं। मैदानी क्षेत्रों में यह रूपांतरण समयावली की कुछ संस्तुतियों से संभव है जिन क्षेत्रों में पूर्व में रसायनों में अत्याधिक प्रयोग हो रहा है वहां 2 से 3 वर्ष की अवधि में बिना उत्पादन क्षमता में गिरावट के जैविक उत्पाद लिया जाना संभव हैं।

एक आम कृषक को जैविक कृषि पद्धति अपनाने के लिए कुशल प्रबन्धन की आवश्यकता होगी। यदि कृषक स्वयं के प्रक्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्रों में प्रकृति प्रदत्त जैव अवशेष का उचित प्रबन्धन कृषि उपयोग हेतु करता है तो बिना रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशी का प्रयोग किये ही स्थायी उत्पाद प्राप्त कर सकता है जैविक कृषि कार्यक्रम का मुख्य ध्येय है कि कृषि क्षेत्र में कृषक को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाया जाय जो कि हमारी पर्वतीय कृषि के लिए निश्चित ही उपयोगी होगा।

पारम्परिक रूप से कृषि करने वाला कृषक एवम् वह कृषक जो नाम मात्र की मात्रा में रसायनों का प्रयोग करते है, उनके लिए जैविक कृषि में रूपान्तरण आसान है परन्तु प्रमाणीकरण हेतु कृषि की दैनिक गतिविधियां का लेखा रखने के अतिरिक्त कार्य करना पड़ता हैं। यहां पर यह बताना भी आवश्यक है कि पारम्परिक कृषि पद्धति, जैविक कृषि प्रमाणीकरण हेतु मान्य है परन्तु पारम्परिक कृषि को बिना रसायनों के प्रयोग से आधुनिक तकनीकी से बेहतर बनाया जा सकता हैं।

उदाहरणतः हम उत्तरांचल में फसल उत्पादन व भरण पोषण के परिप्रेक्ष्य में पारम्परिक अनाजों के उत्पादन को ले तो हम देखते है कि इनका उत्पादन इतना नहीं है जिससे कृषक अपना भरण पोषण भी करें और अतिरिक्त अनाज को बाजार में विक्रय कर आय का साधन भी जुटा सकें। इन क्षेत्रों में यदि पारम्परिक अनाज का उत्पादन बढ़ाना हमारा उद्देश्य हो तो असिंचित क्षेत्र की भूमि पर रसायनों का प्रयोग उचित नहीं है और अवैज्ञानिक भी हैं। इस कृषि कार्य में उन्नत जैविक निवेशों का प्रयोग कर अच्छे उत्पाद लेना सम्भव हैं। जैविक कृषि निवेश स्थानीय रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन करके किया जा सकता हैं। ये निवेश बहुत कम खर्चीले होते हैं। ये पारम्परिक पद्धतियों के महज एक सुधार मात्र है और ग्राम की सांस्कृति शैली से भिन्न नहीं हैं। अंततः ये सुधरी हुई पारम्परिक कृषि पद्धतियों के कहज एक सुधार मात्र हैं और ग्राम

की सांस्कृति शैली से भिन्न नहीं है। अंततः ये सुधरी हुई पारम्परिक कृषि पद्धतियां, असिंचित कृषि क्षेत्रों के लिये आधुनिक जैविक कृषि का रूप ले लेती है।

इस प्रकार जैविक कृषि में रूपान्तरण हेतु सबसे पहले

कृषक वैज्ञानिक विधियों से विभिन्न उन्नत कम्पोस्ट तकनीकों को अपनाएं। इन्हें अपनी दिनचर्या व सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में लाएं।
उन्नत कम्पोस्ट तकनीकों के निम्नलिखित लाभ जानें–

(1) परम्परागत रूप से उपलब्ध कृषि अवशेषों, पत्तों गोबर, इत्यादि में पोषक तत्वों का संतुलित विधियों से सुधार होता हैं।
(2) पौधों को पूर्णतया सड़ी खाद उपलब्ध होती हैं।
(3) पूर्ण रूप से सड़ी खाद का प्रयोग करने से अपूर्ण रूप से सड़ी कम्पोस्ट के प्रयोग से उत्पन्न अनेकों प्रकार की बीमारियों, कीटों से खेत बचे रहते हैं।
(4) पूर्ण रूप से सड़ी खादें हल्की होती हैं और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना सुविधाजनक होता हैं।
(5) कृषि अवशेष, गोबर जैसे अनमोल प्राकृतिक स्रोतों का सही प्रकार से उचित प्रबन्धन होता हैं।
(6) पोषक तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा से पारम्परिक फसलों, फल, सब्जियों में अधिक उत्पादकता मिलती हैं।
(7) भूमि में पोषक तत्वों की संतुलित उपलब्धता से पौधों में भी संतुलन आता हैं तथा उनमें रोग व कीटों के प्रति प्राकृतिक रूप से प्रतिरोधकता का भी विकास होता हैं।
(8) नाईट्रोजन (नत्रजन), फास्फोरस (स्फुर) तथा पोटाश के अलावा अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों को कम व्यय में कृषि अवशेष, खरपतवार के कम्पोस्ट में प्रयोग से खेत तक पहुंचाय जा सकता हैं।
(9) निर्देशित उचित फसल चक्र, हरी खादों का प्रयोग, परम्परागत कीट नियंत्रण तकनीकों को अपनाएं। ये तकनीकें कम खर्चीली होने के साथ–साथ पर्यावरण के लिए हानिरहित भी होती हैं।
(10) आलू, गोभी जैसी उच्च पोषक तत्व मांग वाली फसलों को खेत में उगाते समय उचित फसल चक्र व अन्तरवर्तीय फसलों को उगाने का प्रयास करें।
(11) कम्पोस्ट खाद बनाने को कृषक अपने लिए "खाद उद्योग" का दर्जा दे सकता हैं। कम्पोस्ट खाद का निर्माण करते समय विभिन्न पदार्थ जैसे हड्डी का चूरा, नीम की खली, हरा पदार्थ इत्यादि मिलाने से पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती हैं।
इस प्रकार जैसे कि पहले भी बताया गया है कि कृषक नीम, बकैन, सिसुणा, लैण्टाना, अखरोट आदि के पत्ते, सड़ा मट्ठा गौ–मूत्र जैसे पदार्थ के प्रयोग से मित्र कीटों को हानि पहुंचाए बिना शत्रु कीटों को दूर भगाते हैं और पौधों को पोषक तत्व भी उपलब्ध कराते हैं। जैसे जैसे कृषक विभिन्न जैविक क्रिया कलापों को अपनाते जाते हैं वैसे वह संतुलित कृषि की ओर बढ़ते जाते हैं।

जैविक कृषि का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग पशु भी हैं। पशु को उचित चारा, उचित रख रखाव तथा प्रतिदिन न्यूनतम चार घण्टे मुक्त भ्रमण दिया जाना चाहिए। पशु सदन में स्वच्छ वायु संचार, सूर्य की रोशनी, बन्धन की उन्नत विधियां, अनावश्यक रूप से कार्य दोहन पर रोक व मानवीय अत्याचार से मुक्ति आदि सभी जैविक कृषि के ही महत्वपूर्ण अंग हैं।

जैविक कृषि उत्पाद के प्रमाणीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कृषि गतिविधियों का सम्पूर्ण दस्तावेजीकरण। प्रमाणीकरण की जटिल प्रक्रिया की चुनौती व सुविधापूर्ण रूप से सामना करने के लिये कृषक यदि प्रारम्भ से

ही एक छीटी सी पुस्तिका में अपने कृषि कार्यो की समस्त गतिविधियों को जिनमें बीज का स्रोत, बोने की तिथि, कम्पोस्ट निर्माण व खेत में फसल की तिथि य विधि, निवेश का लेखा जोखा, फसल कटान की जानकारियां, भण्डारण का लेखा जोखा इत्यादि शामिल हैं को सरल भाषा में लिखते जाएं तो प्रमाणीकरण की प्रकिया अत्यन्त सरल हो जाती हैं।

जैविक कृषि अपनाते समय कुछ सावधानियों को ध्यान में रखना आवश्यक होता हैं।
जो निम्न प्रकार से हैं–

1. ग्राम के समस्त कृषक सामूहिक तरीके से एक जुट होकर चयनित जोतों को मिलाकर एक बड़ी जोत बनाकर जैविक कृषि करें। प्रत्येक ग्राम में कम से कम 1–1.50 हेक्टेयर तक की बड़ी जोत मिलाने का प्रयास करे। इससे जैविक उत्पादन भी बढ़ेगा तथा जैविक प्रक्षेत्र को पारम्परिक व रसायनिक कृषि प्रक्षेत्रों से अलग रखने हेतु बफर जोन बनाने में सरलता रहती है फलस्वरूप पानी के स्रोत, वायु, पशु, आवागमन इत्यादि से संकमण कम हो जाती हैं।
2. सामूहिक रूप से छिड़काव यंत्रों, प्रसंस्करण यंत्रों यथा थ्रैशर अत्यादि का प्रयोग करें जिससे व्यय में कमी होगी और कार्य में सरलता रहेगी इन यंत्रों को रसायनों हेतु कदापि प्रयोग न करें और चिन्हित अवश्य करें।
3. सामान्तर उत्पादन के लिय प्रमाणीकरण संस्थाएं सदैव से ही संवेदनशील रहती हैं। कृषक एक प्रकार की फसल को जैविक तथा रसायनिक दोनों पद्धतियों से एक साथ न उगाएं। इस सावधानी को अपनाने से समानान्तर उत्पादन सम्बन्धित आपत्ति जैविक प्रमाणीकरण में रूकावट नहीं बनती हैं।

इस प्रकार कृषक, जैविक कृषि की पद्धतियों व विभिन्न कियाकलापों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर एवं लघु कृषक डायरी में लेखा जोखा रखकर अत्यन्त सरलता से सफल जैविक कृषक बन सकता हैं।
यथा फसल की कटाई, छटनी, प्रसंस्करण, भण्डारण इत्यादि प्रत्येक अवस्था में इस बात का ख्याल अवश्य रखना होगा कि जैविक उत्पाद में किसी भी प्रकार से अन्य उत्पादों का सम्मिश्रण न हों।

जैविक उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु एवं उत्पादक एवं उपभोक्ता के मध्य जैविक उत्पाद की विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु जैविक उत्पाद का प्रमाणीकरण अति आवश्यक है यह प्रमाणीकरण उपभोक्ता को आश्वस्त करता है कि उसके द्वारा खरीदा गया उत्पाद रसायनमुक्त व जैविक है साथ ही साथ यह सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन में भी सहायक होता है।
लघु व सीनान्त कृषकों के लिए यूँ तो प्रमाणीकरण प्रकिया काफी मंहगी है परन्तु वे सभी जैविक गतिविधियों का संक्षिप्त दस्तावेजीकरण करके एवं समूह में आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली लागू कर प्रमाणीकरण की प्रकिया को काफी सस्ता एवं सुलभ बना सकते हैं।
पर्वतीय कृषि को व्यावसायिक रूप प्रदान करने लिए जैविक कृषि कार्यक्रम का महत्वपूर्ण योगदान होगा। क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर जैविक उत्पादों की मांग दिनों–दिन बढ़ती जा रही हैं तथा जैविक गुणवत्ता उत्पाद के निर्यात की भी व्यापक संभावनाऐं विद्यमान हैं। इसलिए पर्वतीय क्षेत्रों में छोटे–छोटे खेतों में जैविक गुणवत्ता उत्पाद के उत्पादन को प्रोत्साहित करके पर्वतीय कृषि बाजारोन्मुखी बनाया जा सकता हैं। जिसमें कृषक स्वयं के प्रक्षेत्र पर उत्पादित जैविक खाद कम्पोस्ट तरल खाद, जैविक कीटनाशी का प्रयोग करके उच्च गुणवत्ता उत्पाद का उत्पादन ले सकता है जिससे हमारी कृषि लागत एवं कृषकों की दूसरों पर निर्भरता घटेगी तथा हमारे राज्य का पर्यावरण भी अच्छा होगा।

–:: मैनुअल–8 ::–

(ऐसे बोर्डो/परिषदों/समितियों और अन्य निकायों के विवरण जिनमें दो या अधिक व्यक्ति हैं, जिनका उसके भागरूप या इस बारे में सलाह देने के प्रयोजन के लिए गठन किया गया है किस क्या उन बोर्डो, परिषदों, समितियों और अन्य निकायों की बैठकें जनता के लिए खुली होंगी या ऐसी बैठकों के कार्यवृत्त तक जनता की पहुँच होगी)

8.1– संगठन से समबृद्व बोर्ड/परिशद/समितियों निकायों का संक्षिप्त विवरण

1. कृषि विभाग सामान्य षाखा में कोई बोर्ड, परिषद, समिति निकाय समबद्ध नही है।

जैविक कृषि – एक परिचय

।। कृषिर्धन्यः कृषिर्मृदाः जन्तुनाम जीवमन् कृषि ।
हिन्सारिदोष युक्तौपि मुच्यते तिथि पूजनात् ।।– ऋषि पराषर जी

अर्थ– कृषक का जीवन मृदा में उपस्थित सूक्ष्मजीवाणुओं से हैं। कृषक जब फसल उगाने के लिए खेत तैयार करता है तब वह सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट करता हैं परन्तु उसे इस 'दोष' से मुक्त माना गया है, क्योंकि वह मानव जाति की भलाई हेतु भोजन पैदा करता हैं। उन्हें सलाह दी गई है कि वे मृदा में कार्बनिक पदार्थ अवश्य मिलांए जो कि सूक्ष्म जीवाणुओं के लिए भोजन एवं ऊर्जा का स्रोत है जिससे सूक्ष्म जीवाणु बढ़ सकें, गुणित हो सके और पोषक तत्व प्रदान कर सकें।

"जैविक कृषि वह पद्वति है, जहॉ प्रकृति व पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित रखते हुए भूमि की सजीवता, जल की गुणवत्ता, जैव विविधता आदि को बनाये रखते हुए व पर्यावरण एवं वायु को प्रदूषित किए बिना, दीर्घकालीन व टिकाऊ उत्पादन प्राप्त किया जाता हैं।

इस पद्वति में जीवांश एवं प्रकृति प्रदत्त संसाधनों एवं कार्बनिक अवशिष्ट का यथा स्थान उपयोग किया जाता है ताकि उत्पादन व्यय कम होकर अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके एवं कृषक स्वालम्बन पर जोर दिया जाता हैं।

मनुष्य आदिकाल से ही जंगली जानवरों का शिकार, मांस एवं दूध के लिए पशुपालन तथा स्थानान्तरी कृषि (झूम कृषि) करता चल आ रहा था। धीरे–धीरे कृषि का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ने से स्थायी कृषि करने लगा। मनुष्य परम्परागत कृषि को ज्ञान के पीढ़ियों से अनुसरण करके, पिछली भूलों को सुधारते हुऐ अनुभवों के आधार पर कृषि को स्थायी बनाता रहा। इसमें वांछित फसलों को कृषि में उगाना, अवांछित फसल के पौधें को हटाना, भूमि की जुताई कर मौसम के अनुसार फसल बोना, भूमि को परती छोड़ना, फसल चक्र अपनाना, गोबर तथा कृषि अवशेष एवं राख को खाद के रूप में अपनाना सम्मिलित थां। इस प्रकार बढ़ते ज्ञान के अनुरूप फसल उत्पादन, बढती आबादी की भूख मिटाने का साधन बनता गया।

कृषि उत्पादन बढ़ाने को सुनियोजित करने के लिए वर्ष 1871 में देश में कृषि विभाग की स्थापना हुई। वर्ष 1889 में कृषि अनुसंधान नीति, वर्ष 1901 में सिंचाई आयोग तथा वर्ष 1926 में रायल कमीशन आन एग्रीकल्चर की अनुशंसाओं पर विभिन्न कार्यकम चलाए गये।

भारत में कृषि परम्परा एवं सभ्यता ऐतिहासिक रूप से 10,000 साल पुरानी है। प्राचीन ग्रन्थों (वृक्ष, आयुर्वेद, ऋगवेद) से पता लगता है कि 1000 ई0पू0 वैदिक सभ्यता में धान का उत्पादन प्रति हैक्टेयर 60 कुन्तल तक

लिया जाता था। सदियों से की जाने वाली कृषि पद्धतियां टिकाऊ, ठोस व आधुनिक तकनीकें थी। प्राचीन कृषि सभ्यता में विभिन्न कृषि कियाओं के सिद्धान्त आज के आधुनिक जैविक कृषि के सिद्धान्तों के रूप में एक तरह से दोहरायें ही जा रहे है।

आधुनिक काल में भारत में ही नहीं पूरे विश्व में प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भू–राजनैतिक बदलावों के कारण पहले भुखमरी का दौर चला फिर युद्ध समाप्त हो जाने के पश्चात् अचानक विश्व की जनसंख्या में असीमित वृद्धि हुई। भारत, चीन जैसे देशों में जनसंख्या वृद्धि दैविक आपदाएं जैसे अकाल, भुखमरी आदि महामारियों के साथ सामने आयीं।

वर्ष 1941–42 में आधारभूत खद्यानों की कमी की स्थिति से निपटने के लिए विस्तृत एवं समन्वित नीति तैयार की गयी। बंगाल के अकाल (1942) के बाद वर्ष 1942–43 में खाद्य उत्पादन कान्फेंस में "अधिक अन्न उपजाओं अभियान" चलाने का निर्णय हुआ। इसका उद्देश्य वर्ष 1952 तक खाद्यानों में आत्मनिर्भरता लाना था। इसके लिए विभिन्न फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा अनुसंधान केन्द्र खोले गए। देश भर में कृषि विस्तार सेवा का गठन, भूमि सुधार कार्य, सिंचाई विकास के कार्यकम, उत्तम बीजों की पूर्ति, कृषि आदानों की आवश्यकता पूर्ति हेतु उपयुक्त साख (ऋण व अनुदान) उपलब्ध कराने के प्रबन्ध किए जाने लगें। इनके साथ ही साथ स्थानीय खाद संसाधनों (गोबर खाद, गोबर गैस, कम्पोस्ट खाद) हरी खादें, खली की खादें, तालबों के तलहटी में जमा हुई मिट्टी के अलावा वनस्पतियों एवं जानवरों के त्याज्य एवं मरणोपरान्त जीवांश पदार्थो (पौधे–पत्तियों, अड्डी,रूधिर, सड़े–गले मांस इत्यादि) से बने खादों के उपयोग के कार्यकम चलाए गये । इन खादों के बनाने की उन्नत विधियां विकसित की गयी और इनके उत्पादन एवं उपयोग के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान दिए गये।

अधिक अन्न उपजाओं अभियान के कार्यकम चलाए जाने के साथ–साथ, कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रति एकड़ उत्पादकता में वृद्धि हेतु अनुसंधानों के माध्यम से प्रौद्योगिकी के विकास के लिए भी अनेकों कार्यकम चलाये गये। इस प्रकार आधुनिक तकनीकों से जैविक कृषि का आरम्भ अधिक अन्न उपजाओं अभियान के काल में ही हो चुका था।

कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे "अधिक अन्न उपजाओं" अभियान से भी बढ़ती आबादी की खाद्यान्न आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो पा रही थी वहीं 1960 के दशक में दो बार सूखा पड़ने के कारण अकाल ने देश को गंभीर खाद्य संकट में डाला। अन्तर्राष्ट्रीय सहायता के लिए दीनतापूर्ण याचना करनी पड़ी एवं पी.एल.ओ.–64 पर निर्भरता बढ़ी। इस विकट भयानक एवं निर्दयी संकटों की स्थिति के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र के स्वाभिमान एवं विश्वसनीयता को रखने के लिए देश के योजनाकार एवं वैज्ञानिक, इस चुनौती के लिए, तीव्रगामी व्यूह रचना बनाने हेतु प्रोत्साहित व कटिबद्ध हुए।

देश में 1960 के दशक के मध्य में मैक्सिकन गेहूं के विश्वसनीय विपुल उत्पादक किस्मों तथा बाद में फिलीपीन्स से धान के उन्नतिशील बीजों को आयात कर अनुसंधान केन्द्रों पर, स्थानीय अनुकूलता के अनुसार विभिन्न प्रजातियां विकसित की गई साथ ही साथ उन्नतिशील कृषि प्रौद्योगिकी भी फसलवार विकसित की गयी।

उद्यमी कृषकों ने, तीव्र गति से विकसित हो रहे उत्पादन बढ़ाने वाले बीजों, रसायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों तथा सिंचाई के साधनों को अपनाने के अवसर को टर्निंग प्वाइंट समझ कर पकड़ लिया। सिंचाई क्षमता में विस्तार तथा कृषि क्षेत्र के लिए संस्थागत साख उपलब्धता के बहाव ने उन्नतिशील बीज, रसायनिक उर्वरक, कीट नाशक, फफूंदी नाशक तथा खरपतवारनाशकों के उपयोग को अत्यधिक प्रोत्साहित किया। इससे खाद्यानों की उत्पादकता तथा उत्पादन बढ़ा। खाद्यानों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सघन जिला कृषि विकास तथा

प्रशिक्षण एवं भ्रमण प्रणाली चलाई गयी। इसके साथ ही साथ देश में हरित कांति आयी जो सहाहनीय एवं चिरस्मरणीय हैं।

उत्पादकता बढ़ाने के लिए विपुल उत्पादक बीजों उर्वरक, कीट एवं खरपतवारनाशक के उच्च उपयोग कर सघन कृषि से मिट्टी के स्वास्थ्य गुणवत्ता में कमी, विपुल उत्पादक किस्मों की उत्पादकता में ठहराव, उपयोग होने वाले आदानों की दक्षता में आ रही कमी तथा भूजल के स्तर में तेजी से आ रही गिरावट ने उत्पादकता के स्तर को बनाए रखने के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण प्रति कृषक भूमि के क्षेत्रफल में आ रही कमी, अच्छी कृषि वाली भूमि कटाव तथा समस्यामूलक भूमि के क्षेत्रफल में विस्तार, असंतुलित व अन्यायिक पौध पोषक तत्वों का भूमि से निरन्तर शोषण तथा भूमि में उनकी आपूर्ति न होना तथा सिंचाई जल की कमी ने गंभीर विचारणीय समस्या उत्पन्न कर दी हैं। किसानों में कृषि यंत्रीकरण (ट्रैक्टर व अन्य यंत्रों) के उपयोग की बढ़ती प्रवृति ने बैल एवं पशुपालन में कमी ला दी है तथा वनों से जलाऊ लकड़ी की अनुपलब्धता होने से गोबर के उपले बनाकर जलाने से भूमि में जीवांश खादों के उपयोग से वंचित कर दिया हैं। परिणाम स्वरूप भूमि में कार्बनिक पदार्थ (हयूमस) की कमी होती जा रही हैं। हरित कांति के पहले हमारी भूमि में 3 से 4 प्रतिशत् जीवांश कार्बन थे, जो धीरे–धीरे घटकर 0.4 से 0.5 प्रतिशत तक के स्तर पर आ गया हैं। जबकि भूमि में जीवांश कार्बन का उच्च स्तर (0.8 प्रतिशत से अधिक) से होना आवश्यक हैं।

ब्राजील के शहर रियो डिजनेरो में 1992 में आयोजित पृथ्वी सम्मेलन के चैप्टर–13 में ऐजेन्डा–21ए में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए टिकाऊ कृषि एवं ग्रामीण विकास के विशेष प्रारूप बनाने पर सहमति हुई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य खाद्य उत्पादन में स्थायी रूप से वृद्वि तथा खाद्य सुरक्षा से है। इसके लिए शिक्षा; आर्थिक प्रोत्साहन और नवीन तथा उपयुक्त तकनीकों का विकास किया जाना आवश्यक हैं। टिकाऊ कृषि का उद्देश्य सभी के लिए, विशेषकर समाज के कमजोर वर्गो के लिए पर्याप्त पौष्टिक खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करना, गरीबी दूर करने के लिए बाजार, रोजगार और आयोत्पादक उपाय लागू करना तथा संसाधन प्रबन्धन और पर्यावरण संरक्षण भी है।

टिकाऊ कृषि/ जैविक कृषि तीन मुख्य उद्देश्यों–पर्यावरणीय स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्वि और सामाजिक तथा आर्थिक समता का संयोजन करती हैं। जैविक कृषि में सर्वप्रथम "कृषि" या फार्म को एक पूर्ण जीवित संगठन के रूप में देखा गया हैं। इस संगठन के महत्वपूर्ण अंग है खेत, पशु, उद्यान, जड़ी–बूटी, मोम, मित्र–कीट और स्वयं मनुष्य। सभी अंग मिलकर "कृषि" का संतुलन बनाये रखते हैं। यदि इन सभी अंगों में से किसी एक को भी स्थान न दिया गया तो समन्वय बिगड़ता स्वाभविक हैं। जिस प्रकार एक जीवित संगठन में विभिन्न प्रकार के रसायनिक तत्वों एवं यौगिकों के संयोजन से अंग, अंगों के संयोजन से अंग तन्त्र एवं कई अंग तन्त्रों के संयोजन से शरीर की रचना होती और किसी भी एक अवयव के असंतुलित होने से पूरा शरीर असंतुलित हो जाता है उसी प्रकार से जैविक कृषि में संतुलन की अवस्था बनाये रखने के लिये इसके समस्त घटकों यथा पशु, मृदा, उद्यान, आदि का साम्य बनाये रखना अति आवश्यक हैं।

इसकी तुलना में 1940 से विश्व में प्रचलित आधुनिक कृषि के रूप में प्रसिद्व औद्योगिक कृषि, कृषि को पुनर्परिभाषित करती है जहॉ कृषि सभ्यता न होकर, उद्योग का रूप लेती है। परन्तु इस दिशा में मूल मंत्र केवल उत्पादन होता हैं। पर्यावरण, प्राकृतिक–चक्र, सहभागिता, वनस्पति एवं कीट इत्यादि का कोई स्थान नहीं रहता हैं।

औद्योगिक कृषि के नकारात्मक एवं हारिकारक पहलुओं को सर्वप्रथम यूरोपीय देशों जैसे जर्मनी, फ्रांस इत्यादि के कृषकों ने पहचाना। सन् 1923 ई0 में डा0 रूडोल्फ स्टीनर जो कि एक आस्ट्रियन वैज्ञानिक व दार्शनिक थे ने सर्वप्रथम बताया कि रासायनिक कृषि सम्पूर्ण कृषि के साथ–साथ मनुष्य की वेचारिक शक्ति को भी नष्ट करती हैं। सन् 1925–1930 ई0 में सर अल्बर्ट हावर्ड ने कम्पोस्ट खाद बनाने की प्रथम वैज्ञानिक शक्ति पद्वति

को जन्म दिया यह पद्धति "इन्दौर खाद" के नाम से भारत के इन्दौर जनपद में सर्वप्रथम प्रदर्शित की गई। सन् 1920 के दशक में लेडी ई0 बालफोर ने "स्वाइल एसोसिएशन" की स्थापना की तत्पश्चात् सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरणीय प्रदूषण एवं कृषि में रसायनों के उपयोग से होने वाली हानियों पर वाद विवाद शुरू हुआ। परिणाम स्वरूप सन् 1972 ई0 में IFOAM (जैविक कृषि आन्दोलन का अंतर्राष्ट्रीय फैडरेशन) की स्थापना हुई। जिसको संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई। तब से अब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैविक उत्पादों का बाजार 15–20 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा हैं।

भारत में जैविक कृषि

8 मई, 2002 को प्रधानमन्त्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के करकमलों द्वारा "राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। एन0पी0ओ0पी0 के प्रथम चरण (1998–99) में राष्ट्र स्तरीय "टास्क फोर्स" का गठन किया गया। टास्क फोर्स ने राष्ट्र में विभिन्न जैविक गतिविधियों का जायजा लिया एवं कृषि मंत्रालय को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में वर्तमान जैविक कृषि पर आंकडों के साथ इसको बढ़ावा देने के लिये सुझाव भी प्रस्तुत किये। इसके साथ एपीडा द्वारा राष्ट्रीय जैविक उत्पाद के मानकों को प्रस्तुत किया गया। एपीडा द्वारा राष्ट्र में कार्यरत चार प्रमाणीकरण संस्थाओं को भारत में स्थानीय बाजार के लिये कार्य करने के लिये मान्य किया गया।

भारत में वर्तमान में प्रमाणित जैविक कृषि, चाय या कॉफी के बडे बागानों तक सीमित हैं, परन्तु कई राज्यों में मसालें, चीनी, बासमती इत्यादि क्षेत्रों में छोटे–छोटे प्रयास प्रगति पर हैं। अब तक मध्य प्रदेश व उत्तरांचल ने अपने अपने राज्यों की जैविक कृषि नीति स्पष्ट कर ली हैं।

वर्ष 2001–02 में देश से लगभग 9238 टन जैविक उत्पाद का विदेशों में निर्यात हुआ। इसके साथ ही वर्तमान में महाराष्ट्र, केरल एवं बंगाल ने राज्य स्तरीय जैविक कृषि कमेटी का गठन कर लिया हैं। कृषि मंत्रालय के ज्ञापन संख्या 5–13/2001–मैन्योर्स के अनुसार राष्ट्र को वर्तमान रसायनिक उर्वरक के प्रयोग के आधार पर तीन भागों में विभाजित किया गया हैं। इन भागों में श्रेणियों के आधार पर जैविक कृषि को बढ़ावा देने के प्रयास किये जायेंगे। प्रथम श्रेणी में उततरांचल, झारखण्ड, राजस्थान एवं समस्त उत्तर–पूर्वी राज्य, द्वितीय श्रेणी में उडीसा, हिमाचंल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात तथा महाराष्ट्र एवं कर्नाटक के कुछ क्षेत्र सम्मिलित हैं। तृतीय श्रेणी में ऐसे राज्य आते हैं जिसमें मध्यम से अधिक मात्रा में रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग होता हैं।

वर्तमान में लगभग तीन राष्ट्र स्तरीय जैविक कृषि एसोसिएशन गठित हैं। भारतीय जैविक व बायोडायनैमिक कृषि संगठन, इन्दौर, बायोडायनैमिक कृषि संगठन, बैंगलोर एवं भारतीय जैविक कृषक संगठन, बंगलौर। यद्यपि स्थानीय जैविक बाजार नगण्य हैं, फिर भी बड़े शहरों में छोटे स्तरों पर प्रयास जारी हैं।

उत्तरांचल में जैविक कृषि

भौगोलिक आंकड़ों के अनुसार उत्तरांचल मूलतः पहाड़ी क्षेत्र है। प्रदेश के 58 प्रतिशत पर्वतीय क्षेत्रों में तथा 42 प्रतिशत मैदानी क्षेत्रों में कृषि कार्य हो रहा हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि प्रदेश में लगभग 65 प्रतिशत क्षेत्र वन से आच्छादित हैं। इसमें 9 जनपद पूर्णतः पर्वतीय एवं 2 जनपद पूर्णतः मैदानी तथा शेष 2 जनपदों में पर्वतीय एवं मैदानी भू–भाग सम्मिलित हैं। राज्य का कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल 55.66 लाख हैक्टेयर हैं। जिसमें 34.66 लाख हैक्टेयर (62.27प्रतिशत) वनाच्छादित हैं। राज्य में कृषि योग्य भूमि 7.93 लाख हैक्टेयर, 2.23 चारागाह

2.4.2. ऐसे ग्राम जहां बाजारोन्मुख उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा हों। जैविक ग्राम में जैविक बाजार की अपार संभावना हो, विपणन के लिए विशेष उत्पाद के उत्पादन की संभावना हो तथा ऐसे ग्रामों में परम्परागत फसलें, भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार हो सकती हों, तथा यातायात की व्यवस्था समुचित हों।

2.4.3. ऐसे ग्राम जहां प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल, जंगल आदि की उपलब्धता हो।

2.4.4. ऐसे ग्राम जो पर्यटन मार्ग पर, पर्यटन स्थल के निकट अथवा भौगोलिक सौन्दर्य स्थल के निकट हों, को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाय।

2.5. जैविक कृषि का चयन :

2.5.1. कृषक अपनी कृषि भूमि पर जैविक कृषि के लिए समर्पित हो।

2.5.2. कृषक के पास कम से कम दो–गोवंशीय पशु हों।

2.5.3. लघु/सीमान्त एवं प्रगतिशील कृषकों तथा महिलाओं को प्राथमिकता दी जाय।

2.6. जैविक कृषकों की पंजीकरण प्रकिया :

2.6.1. विभिन्न परियोजनाओं में कार्यान्वित जैविक कृषि कार्यक्रम के अर्न्तगत चयनित जैविक कृषकों के सम्यक प्रशिक्षण के उपरान्त उनका पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

2.6.2. जैविक कृषक का पंजीकरण निर्धारित प्रपत्र पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

2.6.3. पंजीकरण शुल्क रू0 25.00 (पच्चीस रूपये मात्र) प्रति हैक्टेयर होगा। पंजीकरण धनराशि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा कृषकों से वसूल की जायेगी तथा कृषकों को प्राप्ति रसीद (रूपपत्र–7) उपलब्ध कराया जायेगा। इस प्राप्त धनराशि को ग्राम पंचायत कोष में जमा किया जायेगा।

2.6.4. पशुपालन : जैविक पशु पालन के अर्न्तगत दुधारू पशुओं का भी पंजीकरण किया जा सकेगा। पंजीकरण शुल्क रू0 2.00 मात्र प्रति पशु होगा। जैविक दुग्ध उत्पादन की आगामी योजना के लिए पूर्ण रूप से जैविक मानकों के आधार पर दूध का उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु जैविक डेयरी/दुधारू पशुओं का पंजीकरण किया जाना आवश्यक हैं।

2.6.5. पंजीकरण शुल्क की धनराशि का उपयोग :

जैविक कृषकों के पंजीकरण से प्राप्त शुल्क/धनराशि का उपयोग ग्राम पंचायत समिति की सहमति के उपरान्त केवल जैविक कृषि कार्यो के प्रोत्साहन एवं प्रचार–प्रसार हेतु ही अनिवार्य रूप से किया जायेगा।

विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों के उत्तरदायित्व .

2.7. मुख्य विकास अधिकारी :

2.7.1. जैविक ग्रामों के चयन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं अनुमोदन।

2.7.2. जैविक ग्रामों में आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न विकास कार्यो/योजनाओं का प्राथमिकता केआधार पर कियान्वयन।

2.7.3. जैविक ग्रामों में कार्यान्वित विभिन्न गतिविधियों का मूल्यांकन, अनुश्रवण तथा मासिक समीक्षा और भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का संकलन कर शासन को समय पर उपलब्ध कराना।

2.8. मुख्य कृषि अधिकारी :

2.8.1. सहायक विकास अधिकारी (कृषि) एवं मास्टर ट्रेनर की सहायता से जैविक ग्रामों का चयन करना।

2.8.2. जैविक गामों में कियान्वित विभिन्न गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, तकनीकी समन्वयकों से सामजस्य स्थापित कर जैविक कृषि कार्यक्रम में गति लाना।

2.8.3. मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान करना।

2.8.4. योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति को गति प्रदान करना।

2.8.5. जैविक कृषि कार्यक्रमों की मासिक समीक्ष एवं निरीक्षण कर आख्या मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना।

2.12.6. जैविक कृषकों का प्रोत्साहन एवं समय–समय पर मार्गदर्शन करना।
2.12.7. जैविक कृषकों की समस्याओं एवं अन्य चुनौतियों से सहायक कृषि विकास अधिकारी /खण्ड विकास अधिकारी/मुख्य कृषि अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/तकनीकी समन्वयक को अवगत कराना।

जैविक कार्यक्रम : परामर्श एवं तकनीकी सहयोग

2.13. कृषि निदेशालय

2.13.1. समस्त जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित तकनीकी साहित्य की रूपरेखा तैयार करना।
2.13.2. जैविक ग्राम की कार्य योजना बनाना।
2.13.3. प्रचार–प्रसार साहित्य, नारे इत्यादि प्रकाशित करने हेतु रूपरेखा तैयार करना।
2.13.4. राज्य स्तर पर जैविक कृषि कार्यक्रमों की समीक्षा करना।
2.13.5. भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का संकलन कर वार्षिक आख्या (रिपोर्ट) तैयार कर प्रस्तुत करना।
2.13.6. जैविक ग्रामों की सफलता की कहानियां का संकलन करना।
2.13.7. राज्य स्तर पर "जैविक कृषि पण्डित" पुरस्कार हेतु उन्नतिशील जैविक कृषकों की सूची का संकलन करना।
2.13.8. प्रदेश स्तर पर जैविक कृषि, पशुपालन,/डेयरी, उद्यान एवं अन्य घटकों के लिए निर्धारित जैविक प्रकिया को प्रोत्साहित कर गतिशील बनाना।
2.13.9. प्रदेश स्तरीय गोष्ठी, सेमीनार, उपभोक्ता मेले आदि का आयोजन कराना।
2.13.10. मोटे अनाज जैसे मंडुवा तथा स्थानीय दलहनी फसलों यथा गहत, कालाभट्ट आदि की अलग से कार्य योजना बनाना। इन फसलों हेतु उन्नतिशील बीज, नवीन जैविक कृषि तकनीकी को अपना कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाना। फसलों में गुणवत्ता के निर्धारण हेतु पोषक तत्वों का परीक्षण कराना तथा व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना।
2.13.11. जैविक कृषि से सम्बन्धित अन्य सहयोगी घटक जैसे जैविक भण्डारण के बेहतर उपाय, कृषि उपकरण, उन्नतशील सिंचाई व्यवस्था, विभिन्न प्रकार की कम्पोस्ट बनाने की विधियां, वर्मी कम्पोस्ट, सी0पी0पी0 इत्यादि के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करना।

2.14. उत्तरांचल जैविक उत्पाद परिषद :

2.14.1. समस्त जैविक ग्रामों की विकासखण्ड सूची संकलित करना।
2.14.2. समस्त मास्टर ट्रेनर/जैविक कृषि कार्यकर्ताओं, विषय वस्तु विशेषज्ञों की सूची को संकलित करना।
2.14.3. जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित तकनीकी साहित्य का मुद्रण एवं प्रकाशन करना।
2.14.4. जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त मासिक प्रगति आख्या का संकलन करवाना।
2.14.5. जैविक उत्पादों एवं कृषि क्षेत्रों से सम्बन्धित वार्षिक सूचना का संकलन करना।
2.14.6. विभिन्न जैविक कृषि योजनाओं के मध्य समन्वय स्थापित करना।
2.14.7. जैविक उत्पादों के विपणन सम्बन्धी व्यवस्था सुनिश्चित करना।
2.14.8. जैविक उत्पादों की उपलब्धता सम्बन्धी विवरण रखना।
2.14.9. प्रदेश में चल रही विभिन्न जैविक परियोजनाओं, गैर सरकारी संस्थान स्तरीय कार्यक्रम एवं निजी संस्थाओं के कार्य एवं प्रयासों को एकबद्ध करना।
2.14.10. इन प्रयासो की गुणवत्ता सुधारने में सहयोग करना।
2.14.11. जैविक कृषि के विभिन्न पहलुओं को कृषक तक योजनाओं के माध्यम से पहुँचाना।
2.14.12. नीतिगत विषयों पर विचार करना।

2.15. मण्डी परिषद :

2.15. मण्डी परिषद :

2.15.1. प्रदेश की समस्त मण्डियों में जैविक कृषि उत्पाद के लिए विशेष स्थान प्रावधान करना।

2.15.2. जैविक कृषि कार्यक्रमों से सम्बन्धित नारे बैनर इत्यादि के माध्यम से प्रचार–प्रसार एवं कार्यक्रम को प्रदर्शित करना।

2.16. उत्तरांचल राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था :

2.16.1. जैविक कृषकों के प्रमाणीकरण हेतु कृषक डायरी का रूप पत्र तैयार करना, एवं सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को उपलब्ध करवाना।

2.16.2. आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली को शीघ्र कियान्वित करना।

2.16.3. जैविक कृषकों एवं जैविक कृषि उत्पाद का लेखा जोखा से सम्बन्धित रिकार्ड रखना।

जैविक कृषि कैसे अपनायें – कुछ महत्वपूर्ण निर्देश

भारत में हरित क्रान्ति के आगमन के पूर्व लगभग सर्म, कृषक एक तरह के जैविक कृषि कार्य प्रणाली में ही अपने विभिन्न कृषि कार्य कलापों को सम्पन्न करते थे। उत्तरांचल जैसे अन्य असिंचित प्रदेश के क्षेत्रों में अभी भी जैविक पद्वति (विना रसायन के प्रयोग) से कृषि कार्य किया जाता है परन्तु आधुनिक काल में जैविक कृषि की परिभाषा के अनुसार केवल रसायनों के प्रयोग को निषेध करना मात्र जैविक कृषि नहीं कहलाता हैं। रसायनों के प्रयोग को पूर्णत' प्रतिबन्धित कर अन्य कई कार्य जो हर प्रकार से संतुलित रखते हैं जैसे पशुओं का रख रखाव, फसल चक्र, सहभागी फसल, स्थानीय वस्तुओं का प्रयोग, कृषि में उद्यान, पशुपालन, महिला वर्ग की सहभागिता, भण्डारण व विपणन में पारदर्शक गतिविधियां आदि समस्त कार्यो के संयुक्त सम्मिलन से जैविक कृषि मानी गई हैं।

पौराणिक काल में शायद यहीं कृषि अपनाई जाती थी जब कृषि मात्र खाद्यान पैदा करने के लिए नहीं, एक संस्कृति के रूप में अपनाई जाती थी।

ठीक इसी प्रकार विश्व में खाद्यान उत्पादन के स्रोत की जानकारी से उपभोक्ता को अवगत कराना भी जैविक कृषि विपणन का महत्वपूर्ण अंग है। डिब्बा बन्द खादय पदार्थो के इस युग में यह जानना संभव नहीं कि प्रातः का भोजन विश्व के किस कोने से है तथा रात्रि का भोजन कहां से प्रकट हुआ हैं। इस प्रकार स्थानीय बाजार में खाद्यान की उपलब्धता व उपभोक्ता हेतु ताजे उत्पादों की उपलब्धता भी जैविक कृषि विपणन का एक अंग हैं।

एक आम छोटा कृषक शीघ्र व कम कष्ट से जैविक में रूपांतरित हो सकता हैं अव्वल यह जानना महत्वपूर्ण है कि जैविक बाजार के लिए पहले अपनी कृषि अर्थव्यवस्था, भूमि संरक्षण, पशु प्रबन्धन एवं पर्यावरण संतुलन को सुधारना हैं। जब कृषक दो–तीन फसल चक्रों को जैविक पद्धति से पूर्ण कर लेते हैं तब प्रमाणीकरण की औपचारिक को पूर्ण करने के पश्चात् बाजार में अपना उत्पाद सरल हो जाता हैं।

जैविक कृषि का प्रबन्धन अवशेष प्रबन्धन है जब कृषक को जैविक अवशेष से खाद बनाने की तकनीकों का ज्ञान हो तो उसे स्थानीय रूप से प्राप्त कृषि अवशेष, गोबर, जंगल के पत्ते आदि के बेहतर उपयोग से कम्पोस्ट में प्रयोग करने से लागत धीरे–धीरे कम होती चली जाती हैं। मैदानी क्षेत्रों में यह रूपांतरण समयावली की कुछ संस्तुतियों से संभव है जिन क्षेत्रों में पूर्व में रसायनों में अत्याधिक प्रयोग हो रहा है वहां 2 से 3 वर्ष की अवधि में बिना उत्पादन क्षमता में गिरावट के जैविक उत्पाद लिया जाना संभव हैं।

एक आम कृषक को जैविक कृषि पद्धति अपनाने के लिए कुशल प्रबन्धन की आवश्यकता होगी। यदि कृषक स्वयं के प्रक्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्रों में प्रकृति प्रदत्त जैव अवशेष का उचित प्रबन्धन कृषि उपयोग हेतु करता है तो बिना रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशी का प्रयोग किये ही स्थायी उत्पाद प्राप्त कर सकता है जैविक कृषि कार्यक्रम का मुख्य ध्येय है कि कृषि क्षेत्र में कृषक को स्वाबलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाया जाय जो कि हमारी पर्वतीय कृषि के लिए निश्चित ही उपयोगी होगा।

पारम्परिक रूप से कृषि करने वाला कृषक एवम् वह कृषक जो नाम मात्र की मात्रा में रसायनों का प्रयोग करते है, उनके लिए जैविक कृषि में रूपान्तरण आसान है परन्तु प्रमाणीकरण हेतु कृषि की दैनिक गतिविधियां का लेखा रखने के अतिरिक्त कार्य करना पड़ता हैं। यहां पर यह बताना भी आवश्यक है कि पारम्परिक कृषि पद्धति, जैविक कृषि प्रमाणीकरण हेतु मान्य है परन्तु पारम्परिक कृषि को बिना रसायनों के प्रयोग से आधुनिक तकनीकी से बेहतर बनाया जा सकता हैं।

उदाहरणतः हम उत्तरांचल में फसल उत्पादन व भरण पोषण के परिप्रेक्ष्य में पारम्परिक अनाजों के उत्पादन को ले तो हम देखते है कि इनका उत्पादन इतना नहीं है जिससे कृषक अपना भरण पोषण भी करें और अतिरिक्त अनाज को बाजार में विकय कर आय का साधन भी जुटा सकें। इन क्षेत्रों में यदि पारम्परिक अनाज का उत्पादन बढ़ाना हमारा उद्देश्य हो तो असिंचित क्षेत्र की भूमि पर रसायनों का प्रयोग उचित नहीं है और अवैज्ञानिक भी हैं। इस कृषि कार्य में उन्नत जैविक निवेशों का प्रयोग कर अच्छे उत्पाद लेना सम्भव हैं। जैविक कृषि निवेश स्थानीय रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन करके किया जा सकता हैं। ये निवेश बहुत कम खर्चीले होते हैं। ये पारम्परिक पद्धतियों के महज एक सुधार मात्र है और ग्राम की सांस्कृति शैली से भिन्न नहीं हैं। अंततः ये सुधरी हुई पारम्परिक कृषि पद्धतियों के कहज एक सुधार मात्र हैं और ग्राम की सांस्कृति शैली से भिन्न नहीं है। अंततः ये सुधरी हुई पारम्परिक कृषि पद्धतियां, असिंचित कृषि क्षेत्रों के लिये आधुनिक जैविक कृषि का रूप ले लेती है।

<u>इस प्रकार जैविक कृषि में रूपान्तरण हेतु सबसे पहले</u>

कृषक वैज्ञानिक विधियों से विभिन्न उन्नत कम्पोस्ट तकनीकों को अपनाएं। इन्हें अपनी दिनचर्या व सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में लाएं।

उन्नत कम्पोस्ट तकनीकों के निम्नलिखित लाभ जानें–

(1) परम्परागत रूप से उपलब्ध कृषि अवशेषों, पत्तों गोबर, इत्यादि में पोषक तत्वों का संतुलित विधियों से सुधार होता हैं।

(2) पौधों को पूर्णतया सड़ी खाद उपलब्ध होती हैं।

(3) पूर्ण रूप से सड़ी खाद का प्रयोग करने से अपूर्ण रूप से सड़ी कम्पोस्ट के प्रयोग से उत्पन्न अनेकों प्रकार की बीमारियों, कीटों से खेत बचे रहते हैं।

(4) पूर्ण रूप से सड़ी खादें हल्की होती हैं और उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना सुविधाजनक होता हैं।

(5) कृषि अवशेष, गोबर जैसे अनमोल प्राकृतिक स्रोतों का सही प्रकार से उचित प्रबन्धन होता हैं।

(6) पोषक तत्वों की बढ़ी हुई मात्रा से पारम्परिक फसलों, फल, सब्जियों में अधिक उत्पादकता मिलती हैं।

(7) भूमि में पोषक तत्वों की संतुलित उपलब्धता से पौधों में भी संतुलन आता हैं तथा उनमें रोग व कीटों के प्रति प्राकृतिक रूप से प्रतिरोधकता का भी विकास होता हैं।

(8) नाईट्रोजन (नत्रजन), फास्फोरस (स्फुर) तथा पोटाश के अलावा अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों को कम व्यय में कृषि अवशेष, खरपतवार के कम्पोस्ट में प्रयोग से खेत तक पहुंचाय जा सकता हैं।

(9) निर्देशित उचित फसल चक्र, हरी खादों का प्रयोग, परम्परागत कीट नियंत्रण तकनीकों को अपनाएं। ये तकनीकें कम खर्चीली होने के साथ–साथ पर्यावरण के लिए हानिरहित भी होती हैं।

(10) आलू, गोभी जैसी उच्च पोषक तत्व मांग वाली फसलों को खेत में उगाते समय उचित फसल चक्र व अन्तरवर्तीय फसलों को उगाने का प्रयास करें।

(11) कम्पोस्ट खाद बनाने को कृषक अपने लिए "खाद उद्योग" का दर्जा दे सकता है। कम्पोस्ट खाद का निर्माण करते समय विभिन्न पदार्थ जैसे हड्डी का चूरा, नीम की खली, हरा पदार्थ इत्यादि मिलाने से पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ जाती हैं।

इस प्रकार जैसे कि पहले भी बताया गया है कि कृषक नीम, बकैन, सिसुणा, लैण्टाना, अखरोट आदि के पत्ते, सड़ा मट्ठा गौ–मूत्र जैसे पदार्थ के प्रयोग से मित्र कीटों को हानि पहुंचाए बिना शत्रु कीटों को दूर भगाते हैं और पौधों को पोषक तत्व भी उपलब्ध कराते हैं। जैसे जैसे कृषक विभिन्न जैविक किया कलापों को अपनाते जाते हैं वैसे वह संतुलित कृषि की ओर बढ़ते जाते हैं।

जैविक कृषि का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग पशु भी हैं। पशु को उचित चारा, उचित रख रखाव तथा प्रतिदिन न्यूनतम चार घण्टे मुक्त भ्रमण दिया जाना चाहिए। पशु सदन में स्वच्छ वायु संचार, सूर्य की रोशनी, बन्धन की उन्नत विधियां, अनावश्यक रूप से कार्य दोहन पर रोक व मानवीय अत्याचार से मुक्ति आदि सभी जैविक कृषि के ही महत्वपूर्ण अंग हैं।

जैविक कृषि उत्पाद के प्रमाणीकरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कृषि गतिविधियों का सम्पूर्ण दस्तावेजीकरण। प्रमाणीकरण की जटिल प्रकिया की चुनौती व सुविधापूर्ण रूप से सामना करने के लिये कृषक यदि प्रारम्भ से ही एक छोटी सी पुस्तिका में अपने कृषि कार्यो की समस्त गतिविधियों को जिनमें बीज का स्रोत, बोने की तिथि, कम्पोस्ट निर्माण व खेत में फसल की तिथि व विधि, निवेश का लेखा जोखा, फसल कटान की जानकारियां, भण्डारण का लेखा जोखा इत्यादि शामिल हैं को सरल भाषा में लिखते जाएं तो प्रमाणीकरण की प्रकिया अत्यन्त सरल हो जाती हैं।

<u>जैविक कृषि अपनाते समय कुछ सावधानियों को ध्यान में रखना आवश्यक होता हैं।</u>
<u>जो निम्न प्रकार से हैं–</u>

1. ग्राम के समस्त कृषक सामूहिक तरीके से एक जुट होकर चयनित जोतों को मिलाकर एक बड़ी जोत बनाकर जैविक कृषि करें। प्रत्येक ग्राम में कम से कम 1–1.50 हेक्टेयर तक की बड़ी जोत मिलाने का प्रयास करे। इससे जैविक उत्पादन भी बढ़ेगा तथा जैविक प्रक्षेत्र को पारम्परिक व रसायनिक कृषि प्रक्षेत्रों से अलग रखने हेतु बफर जोन बनाने में सरलता रहती है फलस्वरूप पानी के स्रोत, वायु, पशु, आवागमन इत्यादि से संकमण कम हो जाती हैं।
2. सामूहिक रूप से छिड़काव यंत्रों, प्रसंस्करण यंत्रों यथा थ्रैशर अत्यादि का प्रयोग करें जिससे व्यय में कमी होगी और कार्य में सरलता रहेगी इन यंत्रों को रसायनों हेतु कदापि प्रयोग न करें और चिन्हित अवश्य करें।
3. सामान्तर उत्पादन के लिय प्रमाणीकरण संस्थाएं सदैव से ही संवेदनशील रहती हैं। कृषक एक प्रकार की फसल को जैविक तथा रसायनिक दोनों पद्धतियों से एक साथ न उगाएं। इस सावधानी को अपनाने से समानान्तर उत्पादन सम्बन्धित आपत्ति जैविक प्रमाणीकरण में रूकावट नहीं बनती हैं।

इस प्रकार कृषक, जैविक कृषि की पद्धतियों व विभिन्न कियाकलापों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर एवं लघु कृषक डायरी में लेखा जोखा रखकर अत्यन्त सरलता से सफल जैविक कृषक बन सकता हैं।
यथा फसल की कटाई, छटनी, प्रसंस्करण, भण्डारण इत्यादि प्रत्येक अवस्था में इस बात का ख्याल अवश्य रखना होगा कि जैविक उत्पाद में किसी भी प्रकार से अन्य उत्पादों का सम्मिश्रण न हों।

जैविक उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु एवं उत्पादक एवं उपभोक्ता के मध्य जैविक उत्पाद की विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु जैविक उत्पाद का प्रमाणीकरण अति आवश्यक है यह प्रमाणीकरण उपभोक्ता

को आश्वस्त करता है कि उसके द्वारा खरीदा गया उत्पाद रसायनमुक्त व जैविक है साथ ही साथ यह सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन में भी सहायक होता है।

लघु व सीमान्त कृषकों के लिए यूँ तो प्रमाणीकरण प्रकिया काफी मंहगी है परन्तु वे सभी जैविक गतिविधियों का संक्षिप्त दस्तावेजीकरण करके एवं समूह में आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली लागू कर प्रमाणीकरण की प्रकिया को काफी सस्ता एवं सुलभ बना सकते हैं।

पर्वतीय कृषि को व्यावसायिक रूप प्रदान करने लिए जैविक कृषि कार्यक्रम का महत्वपूर्ण योगदान होगा। क्योंकि अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर जैविक उत्पादों की मांग दिनों–दिन बढ़ती जा रही हैं तथा जैविक गुणवत्ता उत्पाद के निर्यात की भी व्यापक संभावनाऐं विद्यमान हैं। इसलिए पर्वतीय क्षेत्रों में छोटे–छोटे खेतों में जैविक गुणवत्ता उत्पाद के उत्पादन को प्रोत्साहित करके पर्वतीय कृषि बाजारोन्मुखी बनाया जा सकता हैं। जिसमें कृषक स्वयं के प्रक्षेत्र पर उत्पादित जैविक खाद कम्पोस्ट तरल खाद, जैविक कीटनाशी का प्रयोग करके उच्च गुणवत्ता उत्पाद का उत्पादन ले सकता है जिससे हमारी कृषि लागत एवं कृषकों की दूसरों पर निर्भरता घटेगी तथा हमारे राज्य का पर्यावरण भी अच्छा होगा।

अध्याय / मैनुअल–09

कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, देहरादून के अधीन कार्यरत कार्मिकों का विवरण

क्र0 सं0	अधिकारी / कर्मचारी का नाम	पदनाम	दूरभाष संख्या	पता	ई–मेल	अभ्युक्ति
1	श्रीमती लतिका सिंह	मुख्य कृषि अधिकारी	8979270239	कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, द्वितीय तल, किसान भवन, रिंग रोड, देहरादून।	cao.deh.uk@gmail.com	
2	श्रीमती शशि बाला जुयाल	कृषि रक्षा अधिकारी	8057660876			
3	श्री सतीश चन्द जोशी	मु0प्र0अ0	8864974093			
4	श्री अरूण कमार राणा	व0प्र0अ0	9412026724			
5	श्रीमती गरिमा पुनेठा	स0कृ0अ0 वर्ग–1	9690553798			
6	श्री राकेश जोशी वर्ग–1	स0कृ0अ0 वर्ग–1	8057990234			
7	डा0 भावना बिष्ट	स0कृ0अ0 वर्ग–1	9410920578			
8	श्रीमती अनीता पेटवाल	स0कृ0अ0 वर्ग–1	9997618357			
9	सुश्री शिवानी हाण्डा	सहायक लेखाकार	9897600105			
10	श्री सोमपाल सिंह	चतुर्थ श्रेणी	8006595294			
11	श्री भानू प्रताप सिंह	चतुर्थ श्रेणी	9411161907			
12	श्री उमरदीन	चतुर्थ श्रेणी	7579084816			
13	श्री जिशान अली	चतुर्थ श्रेणी	8909604834			
14	श्री देवेन्द दत्त सकलानी	प्लांट चालक	9412932859			
15	श्री दीपक गुसाई	वरिष्ट सहायक	8433115967			
16	श्री वीरेन्दकुमार,	स0कृ0अ0, वर्ग–1	8273249233			
17	श्री बालेश्वर कुमार	स0कृ0अ0, वर्ग–2	8057253408			
18	श्री अमृतपाल सिंह	चतुर्थ श्रेणी	8954236972			
19	श्री जनार्दन प्रसाद डोभाल	स0कृ0अ0 वर्ग–2	9412114194			
20	श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान	अपर सहा0अभि0	9412363768			
21	श्री बलवीर सिंह रावत	वरिष्ठ वैय0 सहा0	9410728133			
22	श्री संजय चंदोला	स0कृ0अ0वर्ग–2	9456120358			
23	श्री मनीष चौधरी	कनिष्ट सहायक	7310800151			
24	श्री ललितमोहन उनियाल	वाहन चालक	8126763140			
25	श्री अमर सिंह बिष्ट	चतुर्थ श्रेणी	9027849233			
26	श्रीमती हेमलता थपलियाल	चतुर्थ श्रेणी	9557429197			
27	श्री अजय लाल	चतुर्थ श्रेणी	7536836504			
28	श्री आनन्द सिंह	स0कृ0अ0वर्ग–1	7017368345			
29	श्री भुवन चन्द्र पाण्डेय	च0श्रे0	9760941881			
30	श्री महेन्द्र प्रताप यादव	कृषि वि0सहा0	8126210271			
31	श्री महिपाल सिंह	कृ0र0 यान्त्रिक	8057414923			
32	श्रीमती शशीबाला रावत	च0श्रेणी	9927753223			
33	श्री नीरज कुमार	उप परि0 निदे0	9897862305			
34	श्रीमती नीलम पाण्डे	लेखाकार	7895054460			
35	कु0 इन्दू लटवाल	तकनीकी सहायक	798312035			सविदा
36	श्री शैलेन्द्र उनियाल	तकनीकी सहायक	9997417337			सविदा
37	श्रीमती भारती नेगी	डाटा एन्ट्री आपरेटर	9458901505			सविदा

38	श्रीमती शीला देवी	चतुर्थ श्रेणी	9927220330			संविदा
39	श्रीमती संतोष उनियाल	चतुर्थ श्रेणी	9627015556			संविदा
40	श्री साकेत गुप्ता	चतुर्थ श्रेणी	9627029628			संविदा
41	कु0 काजल	चतुर्थ श्रेणी	9639306752			संविदा
42	श्री विनीत कुकसाल	चतुर्थ श्रेणी	7900272350			संविदा
43	श्री जितेन्द्र प्रसाद	चतुर्थ श्रेणी	7895873551			संविदा
44	श्री अजय कुमार	चतुर्थ श्रेणी	9119000801			संविदा
45	श्री ओमबीर	चतुर्थ श्रेणी	9412052243			संविदा
46	श्री प्रवीण	चतुर्थ श्रेणी	6397802522			संविदा

–:: मैनुअल–9 ::–

(अधिकारियों और कर्मचारियों की निर्देशिका)

क्र० सं०	कर्मचारी/अधिकारी का नाम	पदनाम	दूरभाष नं०		फैक्स नं०	पता	अभ्यु०
			कार्यालय	आवास			
1	डा०राजदेव पंवार	कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी		8171199655		कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, रायपुर स्थित किसान भवन देहरादून।	–
2	श्रीमती मयूरी अग्रवाल	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–1		9411004184			–
3	श्री भूपेन्द्र प्रसाद वशिष्ट	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		7830839048			–
4	श्रीमती इन्दु गोदियाल	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–1		8077480543			–
5	श्री देवेन्द्र सिह असवाल	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		9412962766			–
6	श्री चन्द्रवीर सिह	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		9411030304			–
7	श्री सोहनलाल पोखरियाल	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		9917356877			–
8	श्री विनोद कुमार धस्माना	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–1		7906549445			–
9	श्री प्रेमप्रकाश शैली	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		7983054103			–
10	श्री विजयपाल सिह चौहान	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		9411101421			
11	श्री अरविन्द कुमार शर्मा	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		7983206304			–
12	श्री नरेश कुमार नौटियाल	सहायक कृषि अधिकारी, वर्ग–2		9412965841			–
13	श्री गुलजारी लाल	अनुरेखक		9411576889			–
14	श्री मनोज कुमार	प्रधान सहायक		8923089326			–
15	श्री अर्जुनसिह नेगी	वरि०सहायक		7895881660			–
16	श्री लक्खूराम	कनिष्ट सहायक		9897613327			–
17	कु०सोनाली वर्मा	कनिष्ट सहायक		8979862510			–
18	श्री सब्बलसिह	चतुर्थ श्रेणी		9410873837			–
19	श्रीमती रामादेवी	चतुर्थ श्रेणी		9359641585			–
20	श्रीमती सरस्वती देवी	चतुर्थ श्रेणी		9456560731			–
21	श्री रघुवीरसिह	चतुर्थ श्रेणी		9720888511			–
22	विमल कुमार	वाहन चालक		9411531484			

अध्याय / मैनुअल–09

क्र0सं0	कर्मचारी / अधिकारी का नाम	पद नाम	दूरभाष नम्बर	पता	ई0मेल	अभिव्यक्ति
1	श्री आशाराम वर्मा	कृ0भू0सं0अ0	7376681661	कृ0अ0सं0अ0सहसपुर	ascosahaspur1234@gmail.com	
2	श्री ललित मोहन पाण्डेय	सहा0कृ0अ0वर्ग–1	9458962054			संविदा
3	श्री अन्शु कम्बोज	सहा0 लेखाकार	9997487412			
4	श्री मनोज बिजल्वाण	प्रधान सहायक	9456163381			अवकाश
5	श्री आशीष जखमोला	वरि0सहा0	9897912439			
6	श्री विजय कुमार	कनिष्ट सहायक	7456967652			
7	श्री हरीश लाल	कनिष्ट सहायक	7895371821			मेडिकल
8	श्री सुभाष चन्द	चतुर्थ श्रेणी	9758510299			
9	श्री गंगाधरण	चतुर्थ श्रेणी	9760327594			
10	श्री श्रीदेव सिह	सहा0कृ0अ0वर्ग–1	9410448731			
11	श्री दिनेश कुमार	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	9536771953			
12	श्री केदार सिह रावत	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	9997427959			
13	श्री प्रमोद कुमार	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	9897590316			
14	श्री धीरज रावत	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	7060477758			
15	श्री नरेन्द्र कुमार	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	7599028102			
16	श्री मोहनराम	चतुर्थ श्रेणी	8755186974			
17	श्री सुरेन्द्रपाल सिह	सहा0कृ0अ0वर्ग–1	9412970706			
18	श्री विजयपाल सिह	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	9412368708			
19	श्री आनन्द कुमार	सहा0कृ0अ0वर्ग–2	9627201214			

लोक सूचना अधिकारी /
कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी,
सहसपुर देहरादून।

अध्याय –9

निर्णय लेने की प्रक्रिया

विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया–

विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों को शासन द्वारा निर्धारित वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं के अधीन कियान्वित किया जाता है। क्रियान्वित कार्यक्रमों का समय–समय पर अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण कृषि एंव भूमि संरक्षण अधिकारी के साथ–साथ उच्चाधिकारियों द्वारा भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त कार्यालय के आय–व्ययक सम्बन्धी कार्यो को भी समय–समय पर शासन द्वारा निर्धारित नियमों/व्यवस्थाओं के अनुरूप सम्पादित किया जाता है। यदि किसी स्तर पर नियमानुसार कार्य सम्पादन नहीं किया जाता है अथवा किसी प्रकार का गतिरोध प्रकाश में आता है तो ऐसे उत्तरदायी अधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध शासकीय नियमों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक/दण्डात्मक कार्यवाही प्राविधानित की जाती है।

यदि किसी स्तर पर विवाद की स्थिति पैदा होती है तो इसके निस्तारण के लिए विभागीय स्तर पर निदेशक महोदय से कार्यवाही हेतु निवेदन की प्रक्रिया शासनादेश एवं वित्तीय नियमों के अनुसार प्रक्रिया अमल में लायी जाती है।

विभाग द्वारा अपने निर्णय से कोई भी कार्यक्रम नहीं चलाया जाता है। राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार के कृषि मन्त्रालय द्वारा प्रायोजित/चलाये जाने वाले कार्यक्रमों को ही विभाग द्वारा कियान्वित किया जाता है।

अध्याय / मैनुअल–10

कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, देहरादून के अधीन कार्यरत कार्मिकों को प्राप्त वेतन

क्र0 सं0	अधिकारी / कर्मचारी का नाम	पदनाम	मासिक पारिश्रमिक	परितोषिक / पारिश्रमिक भत्ता	पारिश्रमिक के निर्धारण की पद्धति जो नियमावली में दी गई हो	अभ्युक्ति
1	श्रीमती लतिका सिंह	मुख्य कृषि अधिकारी	93800 / –	–	समय समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप मूलवेतन पर देय मंहगाई भत्ता एवं अन्य	
2	श्रीमती शशि बाला जुयाल	कृषि रक्षा अधिकारी	63100 / –			
3	श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान	अपर सहा0अभि0	109100 / –			
4	श्री सतीश चन्द्र जोशी	मु0प्र0अ0	61300 / –			
5	श्री अरूण कमार राणा	व0प्र0अ0	55200 / –	–		
6	श्रीमती गरिमा पुनेठा	स0कृ0अ0 वर्ग–1	60400 / –	–		
7	श्री राकेश जोशी वर्ग–1	स0कृ0अ0 वर्ग–1	60400 / –	–		
8	डा0 भावना बिष्ट	स0कृ0अ0 वर्ग–1	60400 / –	–		
9	श्रीमती अनीता पेटवाल	स0कृ0अ0 वर्ग–1	60400 / –	–		
10	सुश्री शिवानी हाण्डा	सहायक लेखाकार	36500 / –	–		
11	श्री सोमपाल सिंह	चतुर्थ श्रेणी	38600 / –	–		
12	श्री भानू प्रताप सिंह	चतुर्थ श्रेणी	37500 / –	–		
13	श्री उमरदीन	चतुर्थ श्रेणी	37500 / –	–		
14	श्री जिशान अली	चतुर्थ श्रेणी	23500 / –	–		
15	श्री देवेन्द दत्त सकलानी	प्लांट चालक	38600 / –	–		
16	श्री दीपक गुसाई	वरिष्ट सहायक	29200 / –	–		
17	श्री वीरेन्दकुमार,	स0कृ0अ0, वर्ग–1	78500 / –	–		
18	श्री बालेश्वर कुमार	स0कृ0अ0, वर्ग–2	69000 / –	–		
19	श्री अमृतपाल सिंह	चतुर्थ श्रेणी	38600 / –	–		
20	श्री जनार्दन प्रसाद डोभाल	स0कृ0अ0 वर्ग–2	56900 / –	–		
21	श्री बलबीर सिंह रावत	वरिष्ठ वैय0 सहा0	49000 / –	–		
22	श्री संजय चंदोला	स0कृ0अ0वर्ग–2	69000 / –	–		
23	श्री मनीष चौधरी	कनिष्ट सहायक	28400 / –	–		
24	श्री ललितमोहन उनियाल	वाहन चालक	58600 / –	–		
25	श्री अमर सिंह बिष्ट	चतुर्थ श्रेणी	36400 / –	–		
26	श्रीमती हेमलता थपलियाल	चतुर्थ श्रेणी	36400 / –	–		
27	श्री अजय लाल	चतुर्थ श्रेणी	20300 / –	–		
28	श्री आनन्द सिंह	स0कृ0अ0वर्ग–1	58600 / –	–		
29	श्री भुवन चन्द्र पाण्डेय	च0श्रे0	22800 / –	–		
30	श्री महेन्द्र प्रताप यादव	कृषि वि0सहा0	40400 / –	–		
31	श्री महिपाल सिंह	कृ0र0 यान्त्रिक	58600 / –	–		
32	श्रीमती शशीबाला रावत	च0श्रेणी	31100 / –	–		

अध्याय / मैनुअल–10

क्र०सं०	कर्मचारी / अधिकारी का नाम	पदनाम	मासिक पारिश्रमिक	पारितोषिक / पारितोषिक भत्ता	पारिश्रमिक के निर्धारण की पद्धति जो नियमावली में दी गयी हो	अभ्युक्ति
1	श्री आशाराम वर्मा	कृ०भू०सं०अ०	76200	–	समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शासनादेशों मूल वेतन पर देय मंहगाई भत्ता एवं अन्य	–
2	श्री ललित मोहन पाण्डेय	सहा०कृ०अ०वर्ग–1	60400	–		–
3	श्री अन्शु काम्बोज	सहा० लेखाकार	19036	–		संविदा
5	श्री मनोज बिजल्वाण	प्रधान सहायक	43600	–		–
6	श्री आशीष जखमोला	वरि०सहा०	30100	–		–
7	श्री विजय कुमार	वरिष्ठ सहायक	38600	–		–
8	श्री हरीश लाल	वरिष्ठ सहायक	37500	–		–
12	श्री सुभाष चन्द	चतुर्थ श्रेणी	35300	–		–
13	श्री गंगाचरण	चतुर्थ श्रेणी	37500	–		–
14	श्री श्रीदेव सिंह	सहा०कृ०अ०वर्ग–1	71100	–		–
15	श्री दिनेश कुमार	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	69000	–		–
16	श्री केदार सिंह रावत	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	69000	–		–
17	श्री प्रमोद कुमार	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	69000	–		–
18	श्री धीरज रावत	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	71100	–		–
19	श्री नरेन्द्र कुमार	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	71100	–		–
20	श्री मोहनराम	चतुर्थ श्रेणी	34000	–		–
21	श्री सुरेन्द्रपाल सिंह	सहा०कृ०अ०वर्ग–1	69000	–		–
22	श्री विजयपाल सिंह	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	69000	–		–
23	श्री आनन्द कुमार	सहा०कृ०अ०वर्ग–2	69000	–		–

लोक सूचना अधिकारी /
कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी,
सहसपुर देहरादून।

अध्याय–10

कार्यालय–कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, चकराता स्थित कालसी से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों के दूरभाष नं0 विवरण।

क्र0 सं0	नाम सर्व श्री	पदनाम	एस0 टी0 डी0 कोड	दूरभाष कार्यालय	आवास	फैक्स	ई0मेल	पता
1	श्री अरविन्द कुमार गौतम	कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी	–	–	8318290597		bsa.chakrata@gmail.com	कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, चकराता स्थित कालसी
2	श्री सत्येन्द्र सिंह नेगी	सहायक कृषि अधिकारी,वर्ग–1	–	–	9627598004	–	–	तदैव
3	श्री मित्तीलाल	सहायक कृषि अधिकारी,वर्ग–1	–	–	9058728460	–	–	तदैव
4	श्रीमती रिंकी रावत	प्रशासनिक अधिकारी	–	–	9758656922	–	–	तदैव
5	श्री हिमांशु पाण्डेय	प्रधान सहायक	–	–	81266374759	–	–	तदैव
6	श्री हरीश लाल	वरिष्ठ सहायक	–	–	7895371821	–	–	तदैव
